"आयुष्मन् ! जैसा तुम अपने विषय में बता रहे हो तुम तो अनन्त जिन ज्ञात होते हो ।"

"मेरे जैसे ही प्राणी 'जिन' होते हैं जिनके चित्तमल क्षीण हो चुके हैं । जिन्होंने अपने अकुशल धर्मों को जीत लिया है । इसलिये हे उपक ! मैं जिन ही हूँ ।"

"ऐसा कहने पर भिक्षुओ ! वह उपक आजीवक 'होगे आयुष्मन् ! तुम जिन'—ऐसा कहकर उपेक्षा से सिर हिलाता हुआ सामने की ओर चल दिया ।

२१. "तब मैं भिक्षुओ ! क्रमशः चारिका करता हुआ, वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव (मृगवन) में जहाँ वे पञ्चवर्गीय भिक्षु (तपस्या कर रहे) थे, वहाँ पहुँचा । भिक्षुओ ! उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने मुझको दूर से आते देखा । देखकर एक दूसरे से वे कहने लगे—'अरे यह तो श्रमण गौतम आ रहा है, जो कि वास्तविक मार्ग से भटक कर इधर-उधर की साधनाओं में मन लगा रहा था । यह मार्ग से भटका हुआ है, अतः (आने पर) उसे न तो प्रणाम करना चाहिये, न इसका अभ्युत्थान करना चाहिये, न इसका पात्रचीवर ही (आगे बढकर) लेना चाहिये । हाँ ! एक आसन डाल दो, यदि वह चाहेगा तो बैठ जायगा' । (परन्तु) भिक्षुओ । जैसे-जैसे

तथा तथा पञ्चवग्गिया भिक्खू नासक्खिंसु सकाय कतिकाय सण्ठातुं। अप्पेकच्चे मं पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवरं पटिग्गहेसुं, अप्पेकच्चे आसनं पञ्ञपेसुं, अप्पेकच्चे पादोदकं उपट्ठपेसुं। अपि च खो मं नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरन्ति।

२२. "एवं वुत्ते, अहं, भिक्खवे, पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोचं—'मा, भिक्खवे, तथागतं नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरथ। अरहं, [N. 222, R.172] भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो। ओदहथ, भिक्खवे, सोतं। अमतमधिगतं। अहमनुसासामि, अहं धम्मं देसेमि। यथानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमाना नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठे व धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरिस्सथा' ति।

"एवं वुत्ते, भिक्खवे, पञ्चवग्गिया भिक्खू मं एतदवोचुं—'ताय पि खो त्वं, आवुसो गोतम, इरियाय ताय पटिपदाय ताय दुक्करकारिकाय नाज्झगमा उत्तरिमनुस्सधम्मा अलमरियञाणदस्सनविसेसं, किं पन त्वं एतरहि बाहुल्लिको पधानविब्भन्तो आवत्तो बाहुल्लाय अधिगमिस्ससि

मैं उनके नजदीक पहुँचने लगा, त्यों-त्यों वे पञ्चवर्गीय भिक्षु अपनी बात (प्रतिज्ञा) पर स्थिर नहीं रह सके। उनमें से कुछ मेरे पास पहुँच कर मेरा पात्र-चीवर लेकर रखने लगे, कोई आसन बिछाने लगा, कोई पैर धोने के लिये जल ले आया, किसी ने पीढा दिया। मैं बिछाये आसन पर बैठा, बैठकर मैंने पैर धोये। वे मुझे नाम लेकर सम्बोधन करते हुए 'आयुष्मान्' शब्द से पुकारने लगे।

२२. "भिक्षुओ! ऐसा कहने पर मैंने उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं से यों कहा—'भिक्षुओ! ऐसा न करो। मुझ तथागत को नाम लेते हुए और 'आयुष्मन्' कह कर सम्बोधन नहीं करना चाहिये। भिक्षुओ! तथागत सम्यक्सम्बुद्ध अब ज्ञानी हो चुका है। तुम कान लगा कर (ध्यान देकर) सुनो। मैंने अमृततुल्य ज्ञान प्राप्त कर लिया है। उस धर्मज्ञान का तुम्हें भी उपदेश करूँगा। उपदेशानुसार आचरण करते हुए तुम—जिस के लिये सत्कुलीन लोग घर से बेघर हो, संसार से संन्यास लेते हैं, उस लोकोत्तर धर्म को इसी जन्म में शीघ्र ही स्वयं जानकर, साक्षात्कार कर धर्मलाभ के भागी बनोगे।

"भिक्षुओ! ऐसा कहने पर, वे पञ्चवर्गीय भिक्षु मुझसे यों बोले—'उस साधना में भी आयुष्मन् श्रमण गौतम! उस धारणा में भी, उस दुष्करचर्या में भी तुम उस लोकोत्तर धर्म आर्यों के ज्ञानदर्शन की पराकाष्ठा नहीं प्राप्त कर पाये थे,

उत्तरिमनुस्सधम्मा अलमरियञाणदस्सनविसेसं' ति? एवं वुत्ते, अहं, भिक्खवे, पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोचं—'न, भिक्खवे, तथागतो बाहुल्लिको, न पधानविब्भन्तो, न आवत्तो बाहुल्लाय। अरहं, [B. 229] भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो। ओदहथ, भिक्खवे, सोतं। अमतमधिगतं। अहमनुसासामि, अहं धम्मं देसेमि। यथानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमाना नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरिस्सथा' ति।

"दुतियं पि खो, भिक्खवे, पञ्चवग्गिया भिक्खू मं एतदवोचुं—'ताय पि खो त्वं, आवुसो गोतम, इरियाय···पे०···उत्तरिमनुस्सधम्मा अलमरियञाणदस्सनविसेसं' ति? दुतियं पि खो अहं भिक्खवे, पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोचं—'न, भिक्खवे, तथागतो बाहुल्लिको···पे०···उपसम्पज्ज विहरिस्सथा' ति।

"ततियं पि खो, भिक्खवे, पञ्चवग्गिया भिक्खू मं एतदवोचुं—'ताय पि खो त्वं, आवुसो गोतम, इरियाय ताय पटिपदाय ताय दुक्करकारिकाय नाज्झगमा उत्तरिमनुस्सधम्मा अलमरियञाणदस्सनविसेसं, किं पन त्वं एतरहि बाहुल्लिको पधानविब्भन्तो आवत्तो बाहुल्लाय अधिगमिस्ससि उत्तरिमनुस्सधम्मा अलमरियञाणदस्सनविसेसं' ति?

२३. "एवं वुत्ते अहं, भिक्खवे, पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोचं—'अभिजानाथ मे नो तुम्हे, भिक्खवे, इतो पुब्बे एवरूपं भासितमेतं' ति?

तो तुम अब इधर-उधर की साधनाओं में लगकर, मुख्य मार्ग से भटक, मार्गच्युत होकर उस ज्ञानदर्शन की परा काष्ठा क्या पा सकोगे'! ऐसा कहने पर भिक्षुओ! उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओ को मैं यों बोला—'भिक्षुओ! तथागत पथभ्रष्ट नहीं है, वह मुख्य साधना मार्ग से इधर-उधर नहीं हुआ है, न इधर-उधर भटका ही है। वह तो अब तथागत ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध बन चुका है। तुम लोग कान खोल कर सुनो। मैंने अमृत पा लिया। मैं····।'

"दूसरी बार भी वे पञ्चवर्गीय भिक्षु मुझसे यों बोले—'उस साधना में भी ··।

तीसरी बार भी भिक्षुओ! वे पञ्चवर्गीय भिक्षु मुझसे यों बोले—'उस साधना में भी····ज्ञानदर्शन की परा काष्ठा को क्या प्राप्त करोगे?"

२३. "ऐसा कहने पर, मैंने उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं से पूछा—'भिक्षुओ! क्या तुम्हें याद है कि मैंने आज से पहले कभी तुम लोगों से कुछ अतथ (मिथ्या) बोला है?"

'नो हेतं, भन्ते'।

'अरहं, भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो। ओदहथ, भिक्खवे, सोतं। [N. 223] अमतमधिगतं। अहमनुसासामि, अहं धम्मं देसेमि। यथानुसिट्ठं तथा पटिपज्जमाना नचिरस्सेव–यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं [R. 173] अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरिस्सथा' ति।

२४. "असक्खि खो अहं, भिक्खवे, पञ्चवग्गिये भिक्खू सञ्ञापेतुं। द्वे पि सुदं, भिक्खवे, भिक्खू ओवदामि, तयो भिक्खू पिण्डाय चरन्ति। यं तयो भिक्खू पिण्डाय चरित्वा आहरन्ति तेन छब्बग्गिया एवं यापेम। तयो पि सुदं, भिक्खवे, भिक्खू ओवदामि, द्वे पि भिक्खू पिण्डाय चरन्ति। यं द्वे भिक्खू पिण्डाय चरित्वा आहरन्ति तेन छब्बग्गिया यापेम। [B. 230] अथ खो, भिक्खवे, पञ्चवग्गिया भिक्खू मया एवं ओवदियमाना एवं अनुसासियमाना अत्तना जातिधम्मा समाना जातिधम्मे आदीनवं विदित्वा अजातं अनुत्तरं योगक्खेमं निब्बानं परियेसमाना अजातं अनुत्तरं योगक्खेमं निब्बानं अज्झगमंसु, अत्तना जराधम्मा समाना जराधम्मे आदीनवं विदित्वा अजरं अनुत्तरं योगक्खेमं निब्बानं परियेसमाना अजरं अनुत्तरं योगक्खेमं निब्बानं अज्झगमंसु, अत्तना ब्याधिधम्मा समाना···पे०···अत्तना मरणधम्मा समाना···पे०··· अत्तना

"नहीं भन्ते"।

"भिक्षुओ! तथागत अब ज्ञानी हो चुके, सम्यक्सम्बुद्ध बन चुके। आप लोग कान खोलें, सावधान होकर सुनें। मैंने अमृत पा लिया है। मैं तुम्हें भी वह मार्ग बताता हूँ, मैं तुम्हें धर्मोपदेश करता हूँ। इस मार्ग पर चल कर साधना करते हुए तुम शीघ्र ही उस लोकोत्तर धर्म ज्ञानदर्शन की परा काष्ठा पा लोगे जिसके लिये आर्यजन घर छोड बेघर हो प्रव्रजित होते हैं'।

२४. "भिक्षुओ! तब मैं उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को उस अनुपम धर्म का उपदेश करने में समर्थ हुआ। भिक्षुओ! जब मैं दो भिक्षुओं को उपदेश करता तो बाकी तीन भिक्षु भिक्षा लेने जाते। वे तीन भिक्षु जो भिक्षा ले कर आते उससे हम छहों (छब्बग्गिय = षड्वर्गीय) भिक्षु काम चलाते। इस तरह मेरे द्वारा अनुशिष्ट और उपदिष्ट वे पञ्चवर्गीय भिक्षु अपने को जातिस्वभाव वाला जानते हुए भी जातिधर्म में आदीनव देखते हुए, अजन्मा, लोकोत्तर, योगक्षेमयुक्त निर्वाण की खोज करने लगे। अपने को जरास्वभाव वाला जानते हुए भी····। व्याधिधर्मा जानते हुए भी···। अपने को मरणधर्मा···शोकधर्मा····संक्लेशधर्मा जानते हुए भी संक्लेशधर्म में

सोकधम्मा समाना ··· पे० ··· अत्तना सङ्किलेसधम्मा समाना सङ्किलेसधम्मे आदीनवं विदित्वा असङ्किलिट्ठं अनुत्तरं योगक्खेमं निब्बानं परियेसमाना असङ्किलिट्ठं अनुत्तरं योगक्खेमं निब्बानं अज्झगमंसु। ञाणं च पन नेसं दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा नो विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो' ति।

६. पासरासि-उपमा

२५. "पञ्चिमे, भिक्खवे, कामगुणा। कतमे पञ्च? चक्खुविञ्ञेय्या रूपा इट्ठा कन्ता मनापा पियरूपा कामूपसंहिता रजनीया, सोतविञ्ञेय्या सद्दा ··· पे० ··· घानविञ्ञेय्या गन्धा ···· जिव्हाविञ्ञेय्या रसा ··· कायविञ्ञेय्या फोट्ठब्बा इट्ठा कन्ता मनापा पियरूपा कामूपसंहिता रजनीया। इमे खो, भिक्खवे. पञ्च कामगुणा। ये हि केचि; भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा इमे पञ्च कामगुणे गथिता मुच्छिता अज्झोपन्ना अनादीनवदस्साविनो अनिस्सरणपञ्ञा परिभुञ्जन्ति ते एवमस्सु वेदितब्बा—'अनयमापन्ना ब्यसनमापन्ना यथाकामकरणीया [N. 224] पापिमतो'।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, आरञ्ञको मगो बद्धो पासरासिं अधिसयेय्य।

आदीनव देखते हुए, असंक्लिष्ट, लोकोत्तर, योगक्षेमयुक्त निर्वाण की खोज करते हुए अन्त में उसे प्राप्त करने में समर्थ हो गये। और तब उनको भी यह समझ में आ गया—'यह हमारा ज्ञानदर्शन अकल्प्य है, इस संसार में हमारा यह अन्तिम जन्म है। अब हम क्लेश भोगने के लिए फिर पैदा नहीं होंगे'।

६. पाशराशि-दृष्टान्त

२५. "भिक्षुओ! ये पाँच कामगुण होते हैं। कौन से पाँच? इष्ट, प्रिय, कामसम्पृक्त चक्षुविज्ञेय रूप; ···श्रोत्रविज्ञेय शब्द; ·· घ्राणविज्ञेय गन्ध; ····जिह्वाविज्ञेयरस; ····कायविज्ञेय स्प्रष्टव्यधर्म। भिक्षुओ! ये पाँच कामगुण हैं। भिक्षुओ! श्रमण-ब्राह्मण इन पाँच गुणों में फँसे हुए हैं, मदहोश हैं, उलझे हुए हैं, इनमें कुछ बुरा नहीं देखते, उनका बुद्धिविवेक इनसे दूर हटना ही नहीं चाहता, और वे इनका यथेच्छ उपभोग करते हैं। उनके लिये समझना चाहिये—'वे पथभ्रष्ट हो चुके हैं, उनको विपत्तियों ने घेर लिया है, वे स्वेच्छाचारी एवं पाप में आकण्ठ निमग्न हो चुके हैं'।

"जैसे भिक्षुओ! कोई अरण्य का मृग (व्याध के) जाल में फँस जाय। उसके

सो एवमस्स वेदितब्बो—'अनयमापन्नो ब्यसनमापन्नो यथाकामकरणीयो लुद्दस्स । आगच्छन्ते च पन लुद्दे येन कामं न पक्कमिस्सती' ति । एवमेव खो, भिक्खवे, ये हि केचि समणा वा ब्राह्मणा वा इमे पञ्चकामगुणे गथिता मुच्छिता अज्झोपन्ना अनादीनवदस्साविनो अनिस्सरणपञ्ञा परिभुञ्जन्ति ते एवमस्सु वेदितब्बा—'अनयमापन्ना ब्यसनमापन्ना यथाकामकरणीया पापिमतो' । ये च खो केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा इमे पञ्च कामगुणे अगथिता अमुच्छिता अनज्झोपन्ना [R. 174] आदीनवदस्साविनो निस्सरणपञ्ञा परिभुञ्जन्ति ते एवमस्सु [B. 231] वेदितब्बा—'न अनयमापन्ना न ब्यसनमापन्ना न यथाकामकरणीया पापिमतो' ।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, आरञ्ञको मग्गो अबद्धो पासरासिं अधिसयेय्य । सो एवमस्स वेदितब्बो—'न अनयमापन्नो न ब्यसनमापन्नो न यथाकामकरणीयो लुद्दस्स । आगच्छन्ते च पन लुद्दे येन कामं पक्कमिस्सती' ति । एवमेव खो, भिक्खवे, ये हि केचि समणा वा ब्राह्मणा वा इमे पञ्च कामगुणे अगथिता अमुच्छिता अनज्झोपन्ना

बारे में समझ लिया जाता है—वह विपत्ति में फँस गया है संकटापन्न हो चुका है, व्याध उसका जैसा चाहेगा उपयोग करेगा । व्याध के आने पर वह भाग भी नहीं पायेगा' । इसी तरह भिक्षुओ ! जो श्रमण ब्राह्मण इन पाँच कामगुणों में गुंथे हुए हैं, फँसे हुए हैं, इन में कुछ बुरा नहीं देखते, इनसे निकलने की चाह भी नहीं रखते, इनका यथेच्छ उपयोग करते हैं । उन्हें ऐसा समझना चाहिये—'वे विपत्ति में फँस चुके हैं, संकट में फँस चुके हैं, स्वेच्छाचारी पापमय जीवन बिता रहे हैं ।' और जो श्रमण ब्राह्मण इन पाँचों कामगुणों में गुंथे नहीं हैं, बन्धे नहीं हैं, इनमें फँसे नहीं हैं, इनमें दोष देखते हैं, इनसे निकलने की, छूटने की इच्छा रखते हैं, तब इनका उपभोग करते हैं तो वे ऐसे माने जाने चाहिये—'ये विपत्ति में नहीं फँसे, ये संकट में नहीं फंसे, ये स्वेच्छाचारी नहीं हुए' ।

"जैसे भिक्षुओ ! कोई वनवासी मृग बिना बंधा उस पाशराशि (जाल) के पास जाय, उसे ऐसा मानना चाहिये—'यह विपत्ति में, संकट में नहीं फँसा है, व्याध उससे जैसा चाहे वैसा काम नहीं निकाल सकता । और ज्यों ही कोई व्याध उसकी तरफ आयेगा, वह वहाँ से भाग जायेगा' । इसी तरह, भिक्षुओ ! जो श्रमण ब्राह्मण इन पाँच कामगुणों से गुंथे नहीं है, बँधे नहीं है, इनमें फँसे नहीं है, इनमें दोष देखते

आदीनवदस्साविनो निस्सरणपञ्ञा परिभुञ्जन्ति ते एवमस्सु वेदितब्बा—'न अनयमापन्ना न ब्यसनमापन्ना न यथाकामकरणीया पापिमतो'।

२६. "सेय्यथापि, भिक्खवे, आरञ्ञको मगो अरञ्ञे पवने चरमानो विस्सत्थो गच्छति, विस्सत्थो तिट्ठति, विस्सत्थो निसीदति, विस्सत्थो सेय्यं कप्पेति। तं किस्स हेतु? अनापाथगतो, भिक्खवे, लुद्दस्स। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु अन्धमकासि मारं अपदं, वधित्वा मारचक्खुं अदस्सनं गतो पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चीति, भिक्खवे [N. 225] ....पे०...पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु पीतिया च विरागा उपेक्खको च

हुए इनसे निकलने की इच्छा रखते, स्वेच्छया इन कामगुणों का उपभोग करते हों, उन्हें ऐसा मानना चाहिये—'वे अभी विपत्ति में, संकट में नहीं फँसे हैं, न अभी स्वेच्छाचारी ही हुए हैं और न पापपङ्क में ही निमग्न हुए हैं'।

२६. "भिक्षुओ! जैसे कोई अरण्य का मृग जंगल के एकान्तप्रदेश में रहता हुआ विश्वस्त होकर घूमता है, निश्चिन्त हो बैठता है, निश्चिन्ततया कहीं खड़ा रहता है, निश्चिन्त होकर सोता है। वह क्यों? वह इसलिये कि भिक्षुओ! वह व्याध की नजरों पर नहीं चढ़ा है। इसी तरह, भिक्षुओ! जो भिक्षु इन कामगुणों से अलग रहकर, अकुशल कर्मों से दूर रह कर, सवितर्क सविचार, विवेकजन्य प्रीतिसुखयुक्त **प्रथम ध्यान** की भावना करता है। भिक्षुओ! वह भिक्षु अपने संकटों का अन्त कर चुका है, मार को अपदस्थ कर चुका है। वह उस मार की आँखों में धूल झोंककर उससे अदृश्य हो गया है।

"और फिर, भिक्षुओ! वह भिक्षु उन वितर्क-विचारों के भी शान्त हो जाने पर आध्यात्मिक शान्ति एवं चित्त की एकाग्रता प्राप्त कर, अवितर्क-अविचारजन्य समाधियुक्त प्रीतिसौख्य प्राप्त कर **द्वितीय ध्यान** की भावना करता है। इसे समझना चाहिये कि यह अपने संकट पार कर चुका है ...अदृश्य हो गया है।

"फिर भिक्षुओ! जो भिक्षु प्रीति और वैराग्य की भी उपेक्षा करता हुआ साधना

विहरति, सतो च सम्पजानो, सुखं च कायेन पटिसंवेदेति यं तं अरिया आचिक्खन्ति 'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे·· पे०··· पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सुखस्स च पहाना दुक्खस्स च पहाना पुब्बेव सोमनस्सदोमनस्सानं अत्थङ्गमा अदुक्खमसुखं उपेक्खासतिपारिसुद्धिं चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे·· पे०··· पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो रूपसञ्ञानं समतिक्कमा पटिघसञ्ञानं अत्थङ्गमा नानत्तसञ्ञानं अमनसिकारा 'अनन्तो आकासो' ति आकासानञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे ···पे०·· पापिमतो।

[B. 232] "पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो आकासानञ्चायतनं समतिक्कम्म 'अनन्तं विञ्ञाणं' ति विञ्ञाणञ्चायतनं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे·· पे०···पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो विञ्ञाणञ्चायतनं समतिक्कम्म

करता है, स्मृतिमान् रहता हुआ, शरीर में हल्कापन अनुभव करता है, जिसके विषय में आर्यजन कह उठते हैं—'यह उपेक्षायुक्त स्मृतिमान् हो सुखपूर्वक साधना कर रहा है', यों **तृतीय ध्यान** की भावना करता है। भिक्षुओ ! यह भिक्षु भी अपने संकटों का अन्त कर चुका है····अदृश्य हो गया है।

"भिक्षुओ ! फिर कोई भिक्षु सुख-दुःख के प्रहाण से, जबकि उसके सौमनस्य और दौर्मनस्य पहले ही समाप्त हो चुके हैं, अदुःख-असुखमय उपेक्षायुक्त स्मृतिपरिशुद्धिमय **चतुर्थ ध्यान** की साधना करता है। वह माना जाना चाहिये कि मानों वह अपने जन्मों का अन्त कर चुका है····अदृश्य हो चुका है।

"भिक्षुओ ! फिर कोई भिक्षु अपनी रूप संज्ञाओं (रूप में आशक्ति) को सब तरफ से अतिक्रान्त कर, प्रतिघ संज्ञाओं का अस्त (नाश) कर, नानात्व संज्ञाओं को मन में न लाते हुए 'यह आकाश अनन्त है'—यह भावना करता हुआ **आकाशानन्त्यायतन** की साधना करता है। वह अपने···अदृश्य हो गया है।

"भिक्षुओ ! जो भिक्षु आकाशानन्त्यायतन को भी पार कर, अनन्त विज्ञान की **विज्ञानानन्त्यायतन** रूप से साधना करता है। वह···अदृश्य हो चुका है।

"फिर भिक्षुओ ! जो भिक्षु विज्ञानानन्त्यायतन की भी सीमा सर्वथा पार कर

'नत्थि किञ्ची' ति आकिञ्चञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे···पे०···पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे भिक्खु सब्बसो आकिञ्चञ्ञायतनं [R. 175] समतिक्कम्म नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं उपसम्पज्ज विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे···पे०···पापिमतो।

"पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो नेवसञ्ञानासञ्ञायतनं समतिक्कम्म सञ्ञावेदयितनिरोधं उपसम्पज्ज विहरति, पञ्ञाय चस्स दिस्वा आसवा परिक्खीणा होन्ति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु अन्धमकासि मारं अपदं, वधित्वा मारचक्खुं अदस्सनं गतो पापिमतो। तिण्णो लोके विसत्तिकं विस्सत्थो गच्छति, विस्सत्थो तिट्ठति, विस्सत्थो निसीदति, विस्सत्थो सेय्यं कप्पेति। तं किस्स हेतु? अनापायगतो, भिक्खवे, पापिमतो" ति।

२७. इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति॥

'कुछ नहीं है'—ऐसी भावना करता हुआ **आकिञ्चन्यायतन** की साधना करता है, वह···अदृश्य हो चुका है।

"फिर भिक्षुओ! (साधना करते-करते एक समय ऐसा आता है कि) वह भिक्षु आकिञ्चन्यायतन को भी सर्वथा अतिक्रान्त कर, **नैवसंज्ञानासंज्ञायतन** की परिधि में पहुँच कर साधना करता है। वह भी अपने संकट का···अदृश्य हो गया है।

"फिर भिक्षुओ! कोई भिक्षु नैवसंज्ञानासंज्ञायतन भी अतिक्रान्त कर, **संज्ञावेदयित-निरोध** समापत्ति की साधना करता है, उसके सभी आस्रव, प्रज्ञा से उनकी समीक्षा के कारण, क्षीण हो जाते हैं। भिक्षुओ! ऐसा यह भिक्षु मार को अपने विषय में अन्धा कर देता है, अपदस्थ कर देता है, उस पापी की आँखों से ओझल (अदृश्य) हो जाता है। निष्कण्टक हो उसने भवसागर पार कर लिया। यों वह विश्वस्त और निश्चिन्त होकर लोक में विचरण करता है, उठता बैठता है, सोता जागता है। वह क्यों? वह इसलिये कि वह भिक्षु उस पापी मार की आँखों से दूर हो चुका है।"

२७. भगवान् ने यों उपदेश किया। इससे सन्तुष्टमन होकर उन भिक्षुओं ने भगवान् के उपदेश का अभिनन्दन किया॥

पासरासिसुत्त समाप्त॥

२७. चूलहत्थिपदोपमसुत्तं

[N. 226] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तेन खो पन समयेन जाणुस्सोणि ब्राह्मणो सब्बसेतेन वळवाभिरथेन सावत्थिया निय्याति दिवादिवस्स। अद्दसा खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो पिलोतिकं परिब्बाजकं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वान पिलोतिकं परिब्बाजकं एतदवोच—

१. वच्छायनस्स हत्थिपदोपमा

"हन्द, कुतो नु भवं वच्छायनो आगच्छति दिवादिवस्सा" ति ?

[B. 233] "इतो हि खो अहं, भो, आगच्छामि समणस्स गोतमस्स सन्तिका" ति।

"तं किं मञ्ञति भवं वच्छायनो समणस्स गोतमस्स पञ्ञावेय्यत्तियं ? पण्डितो मञ्ञे" ति।

"को चाहं, भो, को च समणस्स गोतमस्स पञ्ञावेय्यत्तियं जानिस्सामि ! सो पि नूनस्स तादिसो व यो समणस्स गोतमस्स पञ्ञावेय्यत्तियं जानेय्या" ति।

"उळाराय खलु भवं वच्छायनो समणं गोतमं पसंसाय पसंसती" ति।

---

२७. चूलहस्तिपदोपमसूत्र

१. ऐसा मैने सुना है कि एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में विहार कर रहे थे। उस समय जानुश्रोणि ब्राह्मण सफेद घोड़ियों से जुते रथ पर सवार होकर बहुत सबेरे ही श्रावस्ती से निकला। जानुश्रोणि ब्राह्मण ने दूर से आते पिलोतिक परिव्राजक को देखा। पिलोतिक परिव्राजक को देखकर वह यों बोला—

१. वात्स्यायन का हस्तिपद-दृष्टान्त

"अरे वात्स्यायन ! आप सुबह-सुबह किधर से आ रहे हैं" ?

"मैं श्रमण गौतम के पास से आ रहा हूँ।"

"तो वात्स्सायन क्या ! आप भी श्रमण गौतम की प्रज्ञा, और व्याख्यान शैली को महत्त्व देते हैं ? क्या वह पण्डित है ?"

"अरे कहाँ मैं, और कहाँ श्रमण गौतम के उपदेश की शैली ! उन्हें समझने के लिये तो वैसा ही कोई पण्डित (शास्त्रज्ञ) ही होना चाहिये !"

"वात्स्यायन ! आप तो श्रमण गौतम की बहुत प्रशंसा कर रहे हैं।"

"को चाहं, भो, को च समणं गोतमं पसंसिस्सामि ! पसत्थपसत्थो व सो भवं गोतमो सेट्ठो देवमनुस्सानं" ति !

"कं पन भवं वच्छायनो अत्थवसं सम्पस्समानो समणे गोतमे एवं अभिप्पसन्नो" ति ?

समणे गोतमे चत्तारि पदानि

"सेय्यथापि, भो, कुसलो नागवनिको नागवनं पविसेय्य। सो पस्सेय्य नागवने महन्तं हत्थिपदं, दीघतो च आयतं तिरियं च वित्थतं। [R. 176] सो निट्ठं गच्छेय्य - 'महा वत, भो, नागो' ति। एवमेव खो अहं, भो, यतो अद्दसं समणे गोतमे चत्तारि पदानि अथाहं निट्ठमगमं—'सम्मा- [N. 227] सम्बुद्धो भगवा स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावक-सङ्घो' ति।

२. "कतमानि चत्तारि ? इधाहं, भो, पस्सामि एकच्चे खत्तियपण्डिते निपुणे कतपरप्पवादे वालवेधिरूपे, ते वोभिन्दन्ता मञ्ञे चरन्ति पञ्ञा-गतेन दिट्ठिगतानि। ते सुणन्ति 'समणो खलु, खो, गोतमो अमुकं नाम गामं वा निगमं वा ओसरिस्सती' ति। ते पञ्हं अभिसङ्खरोन्ति—

"अरे मैं क्या हूँ ! मैं श्रमण गौतम को क्या समझ पाऊँगा ! वह तो इस समय देव-मनुष्यों में सर्वश्रेष्ठ और सर्वप्रशस्त ज्ञानी हैं।"

"वात्स्यायन आप श्रमण गौतम का कौन उपदेश सुनकर उसकी इतनी प्रशंसा कर रहे हैं ?"

श्रमण गौतम की चार विशेषताएं

"अरे ! जैसे कोई नागवन (हस्तिवन) का रहने वाला चतुर मनुष्य नागवन में प्रवेश करे। वह वहाँ हाथी का लम्बा-चौड़ा पैर देखे। वह सोचे—'यह हाथी तो बहुत बड़ा है।' इसी तरह मैं श्रमण गौतम में देखी चार विशेषताओं से उन्हें बड़ा मानता हूँ—'वह सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् (षड्विध ऐश्वर्यसम्पन्न) हैं, उनका धर्म स्वाख्यात (स्पष्ट समझने-बताने योग्य) है, भगवान् का भिक्षुसंघ भी जिज्ञासु को सही रास्ते पर लगाने वाला है'।

२. "वे कौन सी चार विशेताएँ है ? मैं देखता हूँ कि बहुत से क्षत्रिय विद्वान् हैं जो शास्त्रविचार के अवसर पर बाल की खाल निकालने वाले हैं, वे दूसरों की काट तो करते हैं, परन्तु स्वयं नाना प्रकार की दृष्टियों (मिथ्याधारणा-मतवाद) में फँसे हुए हैं। वे जब सुनते हैं—'श्रमण गौतम अमुक ग्राम या नगर में पहुँच रहे हैं' तो वे उन से पूछने के लिए ऐसे-ऐसे विषम प्रश्न तैयार करते हैं कि 'उस श्रमण गौतम

'इमं मयं पञ्हं समणं, भो, गोतमं उपसङ्कमित्वा पुच्छिस्साम; एवं चे नो पुट्ठो एवं ब्याकरिस्सति, एवमस्स मयं वादं आरोपेस्साम; एवं चे पि नो पुट्ठो एवं ब्याकरिस्सति, एवं पिस्स मयं वादं आरोपेस्सामा' ति । ते सुणन्ति—'समणो खलु, भो, गोतमो अमुकं नाम गामं वा निगमं वा ओसटो' ति। ते येन समणो गोतमो तेनुपसङ्कमन्ति । ते समणो गोतमो धम्मिया कथाय सन्दस्सेति समादपेति समुत्तेजेति सम्पहंसेति। ते समणेन गोतमेन धम्मिया कथाय सन्दस्सिता समादपिता समुत्तेजिता सम्पहंसिता न चेव समणं गोतमं पञ्हं पुच्छन्ति, कुतोस्स वादं [B. 234] आरोपेस्सन्ति ! अञ्ञदत्थु समणस्सेव गोतमस्स सावका सम्पज्जन्ति। यदाहं, भो, समणे गोतमे इमं पठमं पदं अद्दसं अथाहं निट्ठमगमं—'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

३. "पुन च पराहं, भो, पस्सामि इधेकच्चे ब्राह्मणपण्डिते ···· पे० ··· गहपतिपण्डिते ··· पे० ··· समणपण्डिते निपुणे कतपरप्पवादे वालवेधिरूपे वोभिन्दन्ता मञ्ञे चरन्ति पञ्ञागतेन दिट्ठिगतानि । ते सुणन्ति— [R. 177] 'समणो खलु भो गोतमो अमुकं नाम गामं वा निगमं वा ओसरिस्सती' ति। ते पञ्हं अभिसङ्खरोन्ति ··· पे० ··· न चेव समणं

से पूछेंगे। पूछने पर यदि ठीक उत्तर देगा तो उससे हम शास्त्रार्थ करेंगे। उस पर भी वह सही तर्क देगा तो उसकी हम काट करेंगे; यदि फिर भी वह हमारी बातों को अन्य प्रबल युक्तियों से काटना चाहेगा तो उसे हम दूसरे तरीकों से वाग्जाल में फँसा लेगें'। परंतु वे जब सुनते हैं—'श्रमण गौतम अमुक ग्राम या नगर में आये हैं' तो वे वहाँ पहुँचते हैं। वहाँ जाकर वे उनसे धार्मिक कथा-प्रसङ्ग छेड़ते हैं। उस धार्मिक कथा में ही श्रमण गौतम उन्हें अकाट्य तर्कों से, सरल वाणी से अपना धर्मोपदेश ऐसे समझाते हैं कि ये प्रसन्न हो उठते हैं, उन के अनुकूल हो जाते हैं, उनकी दृष्टि विमल हो जाती है, उनके प्रश्न एक तरफ रखे रह जाते हैं। वे समझ ही नहीं पाते कि अब किधर से पूछें, क्या पूछें। अन्त में वे उनके शिष्य (श्रावक) बन जाते हैं। जब मैंने श्रमण गौतम की यह प्रथम विशेषता देखी तो मुझे यह निश्चय हो गया—'श्रमण गौतम सम्यक्सम्बुद्ध हैं···'

३. "कोई ब्राह्मणपण्डित····पूर्ववत्····कोई गृहस्थ पण्डित····कोई श्रमणपण्डित बाल की खाल निकालने में चतुर···प्रश्न तैयार करते हैं। परन्तु उनसे संवाद होने पर प्रश्न की बात तो दूर रहती है वे उनके सामने बोल भी नहीं पाते।

गोतमं पञ्हं पुच्छन्ति, कुतोस्स वादं आरोपेस्सन्ति ? अञ्ञदत्थु समणं येव गोतमं ओकासं याचन्ति अगारस्मा अनगारियं पब्बज्जाय । ते समणो गोतमो पब्बाजेति । ते तत्थ पब्बजिता समाना वूपकट्ठा अप्पमत्ता आतापिनो पहितत्ता विहरन्ता नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति । ते एवमाहंसु—'मनं वत, भो, अनस्साम, मनं वत, [N.228] भो, पनस्साम; मयं हि पुब्बे अस्समणा व समाना समणम्हा ति पटिजानिम्ह, अब्राह्मणा व समाना ब्राह्मणम्हा ति पटिजानिम्ह, अनरहन्तो व समाना अरहन्तम्हा ति पटिजानिम्ह । इदानि खोम्ह समणा, इदानि खोम्ह ब्राह्मणा, इदानि खोम्ह अरहन्तो' ति । यदाहं, भो, समणे गोतमे इमं चतुत्थं पदं अद्दसं अथाहं निट्ठमगमं—'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति ।

"यतो खो अहं, भो, समणे गोतमे इमानि चत्तारि पदानि [B. 235] अद्दसं अथाहं निट्ठमगमं—'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो'" ति ।

उलटे, वे उन्हीं से निवेदन करते हैं कि उन्हें प्रव्रज्या की उपसम्पदा दे दी जाय । उन्हें श्रमण गौतम कृपा कर प्रव्रजित कर लेते हैं । वे उनके शिष्य बनकर शान्त चित्त से, विनयभाव से प्रयास करते, साधना द्वारा अभ्यास करते हुए, शीघ्र ही जिसके लिये घर छोड़ कर प्रव्रजित हुए थे उस अद्वितीय धर्म के अन्तिम छोर को इसी जन्म में स्वयं जानकर, साक्षात् कर, साधना में लगे हुए विचरण करते हैं । वे अपना सौभाग्य सराहते हुए कह उठते हैं—'अरे ! हमने भवप्रपञ्च में फँसे अपने मन को नष्ट कर रखा था, प्रनष्ट कर रखा था; हम पहले श्रमणगुणों से रहित होते हुए भी स्वयं को श्रमण माने बैठे थे, ब्राह्मणगुणों से युक्त न रहते हुए भी अपने को ब्राह्मण मानते थे, ज्ञान का लेश न रहने पर भी अपने को परमज्ञानी मान रहे थे । अब हम इस (बुद्धोपदिष्ट) धर्म की साधना के बाद वास्तविक श्रमण, वास्तविक ब्राह्मण, वास्तविक ज्ञानी हो पाये हैं' । जब मैंने श्रमण गौतम में यह चौथी विशेषता देखी तो मुझे विश्वास हो गया—'श्रमण गौतम वस्तुतः सम्यक्सम्बुद्ध हैं, भगवान् हैं···'।

"क्योंकि मैं श्रमण गौतम में ये चार विशेषताएँ देख पाया इस लिये मुझे यह निश्चय हो गया—'वे सम्यक्सम्बुद्ध हैं, भगवान् हैं, उनका धर्म स्वाख्यात है, उनका शिष्यसङ्घ सुविनीत है, सुज्ञ है" ।

४. एवं वुत्ते, जाणुस्सोणि ब्राह्मणो सब्बसेता वळवाभिरथा ओरोहित्वा एकंसं उत्तरासङ्गं करित्वा येन भगवा तेनञ्जलिं पणामेत्वा तिक्खत्तुं उदानं उदानेसि—"नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स; नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स; नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मा- [R. 178] सम्बुद्धस्स। अप्पेव नाम मयं पि कदाचि करहचि तेन भोता गोतमेन सद्धिं समागच्छेय्याम, अप्पेव नाम सिया कोचिदेव कथासल्लापो" ति! अथ खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो यावतको अहोसि पिलोतिकेन परिब्बाजकेन सद्धिं कथासल्लापो तं सब्बं भगवतो आरोचेसि।

२. हत्थिपदोपमाय वित्थारदेसना

५. एवं वुत्ते, भगवा जाणुस्सोणि ब्राह्मणं एतदवोच—"न खो, ब्राह्मण, एत्तावता हत्थिपदोपमो वित्थारेन परिपूरो होति। अपि च, ब्राह्मण, यथा हत्थिपदोपमो वित्थारेन परिपूरो होति तं सुणाहि, साधुकं मनसि करोहि, भासिस्सामि" ति। "एवं, भो" ति खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—

---

४. ऐसा कहने पर जानुश्रोणि ब्राह्मण ने, सफेद रंग की घोड़ियों से जुते रथ से उतर, चादर को एक कन्धे पर कर, जिधर भगवान् विराजमान थे उधर प्रणाम करते हुए यह उद्गार प्रकट किया—"उस भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम है; उस भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम है; उस भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम है। क्या हम भी कदाचित् उन श्रमण गौतम से धार्मिक कथासँल्लाप करने का सौभाग्य पा सकेंगे"। यह कहकर वह जानुश्रोणि ब्राह्मण जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ गया। जाकर, प्रणाम कर, कुशल मङ्गल पूछ उनसे धार्मिक उपदेश सुनने के लिये एक ओर बैठ गया। एक तरफ बैठे जानुश्रोणि ब्राह्मण ने अभी पीछे उनके विषय में पिलोतिक परिव्राजक से जो बातें हुई थीं, सब कुछ विस्तारपूर्वक भगवान् से कह सुनायीं।

२. हस्तिपददृष्टान्त का विस्तार से विवेचन

५. ऐसा कहने पर, भगवान् जानुश्रोणि ब्राह्मण से यों बोले—"इतने से ही, ब्राह्मण! हस्तिपद के दृष्टान्त का विवेचन पूरा नहीं हो जाता। ब्राह्मण! इसका पूरा विवेचन मुझ से सुन, मन को सावधान कर ले, मैं बताऊँगा।"

जानुश्रोणि ब्राह्मण द्वारा "ठीक है भन्ते"—ऐसा कहने पर भगवान् बोले—

"सेय्यथापि, ब्राह्मण, नागवनिको नागवनं पविसेय्य। सो पस्सेय्य नागवने महन्तं हत्थिपदं दीघतो च आयतं, तिरियं च वित्थतं। यो होति कुसलो नागवनिको नेव ताव निट्ठं गच्छति—'महा वत, भो, नागो' ति। तं किस्स हेतु? सति हि, ब्राह्मण, नागवने वामनिका नाम हत्थिनियो महापदा; तासं पेतं पदं अस्सा ति। [N. 229]

"सो तमनुगच्छति। तमनुगच्छन्तो पस्सति नागवने महन्तं हत्थिपदं, दीघतो च आयतं, तिरियं च वित्थतं, उच्चा च निसेवितं। यो होति कुसलो नागवनिको नेव ताव निट्ठं गच्छति—'महा वत, भो, नागो' ति। तं किस्स हेतु? सन्ति हि, ब्राह्मण, नागवने उच्चा काळारिका नाम हत्थिनियो महापदा, तासं पेतं पदं अस्सा ति।

"सो तमनुगच्छति। तमनुगच्छन्तो पस्सति नागवने महन्तं [B. 236] हत्थिपदं, दीघतो च आयतं, तिरियं च वित्थतं, उच्चा च निसेवितं, उच्चा च दन्तेहि आरञ्जितानि। यो होति कुसलो नागवनिको नेव ताव निट्ठं गच्छति—'महा वत, भो, नागो' ति। तं किस्स हेतु? सन्ति हि, ब्राह्मण, नागवने उच्चा कणेरुका नाम हत्थिनियो महापदा, तासं पेतं पदं अस्सा ति।

"सो तमनुगच्छति। तमनुगच्छन्तो पस्सति नागवने महन्तं हत्थिपदं,

"ब्राह्मण! जैसे कोई हाथी की खोज में हस्तिवन जाय, वहाँ वह विस्तृत, लम्बा-चौड़ा हस्तिपद देखे। वह कुशलगजवेषी पहले तो यही विश्वास नहीं कर पाता—'यह इतना विस्तृत हस्तिपद किसका है, सो क्यों? क्योंकि उस नागवन में वामकी नामक हथिनियाँ भी रहती हैं, उनके पदचिह्न भी इतने ही बड़े होते हैं।

"वह इन पदचिह्नों के सहारे फिर उनका पीछा करता है। अन्त में वह उस लम्बे-चौड़े विस्तृत हस्तिपद को पा ही लेता है। फिर भी उस गजगवेषी को पहले यह विश्वास नहीं होता—'इतना बड़ा वह हाथी ही होगा?' वह क्यों? क्योंकि उस हाथी के साथ काडारिका नामक हथिनियाँ भी रहती हैं वे भी उसी हाथी के समान लम्बे दाँतों वाली व ऊँची और विशाल होती हैं।

"....और उस गजगवेषी को यह भी शुरू में विश्वास नहीं होता कि वह हाथी इतना ऊँचा और विशाल होगा। वह क्यों? क्योंकि ब्राह्मण! उस नागवन में उस हाथी के साथ रहने वाली कणेरुका हथिनियों के भी वे पदचिह्न हो सकते हैं।

"फिर भी उसे खोजता-खोजता वह आगे बढ़ता है। खोजते हुए उसे उस नागवन में उस हाथी के पदचिह्न दिखायी दे जाते हैं, जो कि विशाल, विस्तृत, लम्बे-चौड़े

दीघतो च आयतं, तिरियं च वित्थतं, उच्चा च निसेवितं, उच्चा च दन्तेहि आरञ्जितानि, उच्चा च साखाभङ्गं। तं च नागं पस्सति रुक्खमूलगतं वा अब्भोकासगतं वा गच्छन्तं वा तिट्ठन्तं वा निसिन्नं वा निपन्नं वा। सो निट्ठं गच्छति—'अयमेव सो महानागो' ति।

[R. 179] ६. "एवमेव खो, ब्राह्मण, इध तथागतो लोके उप्पज्जति अरहं, सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो, सुगतो, लोकविदू, अनुत्तरो, पुरिसदम्मसारथि, सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा। सो इमं लोकं सदेवकं समारकं सब्रह्मकं सस्समणब्राह्मणिं पजं सदेवमनुस्सं सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा पवेदेति। सो धम्मं देसेति आदिकल्याणं मज्झे-कल्याणं परियोसानकल्याणं सात्थं सब्यञ्जनं; केवलपरिपुण्णं परिसुद्धं ब्रह्मचरियं पकासेति। तं धम्मं सुणाति गहपति वा गहपतिपुत्तो वा अञ्ञतरस्मिं वा कुले पच्चाजातो। सो तं धम्मं सुत्वा तथागते सद्धं पटिलभति। सो तेन सद्धापटिलाभेन समन्नागतो इति पटिसञ्चि-क्खति—'सम्बाधो घरावासो रजापथो, अब्भोकासो पब्बज्जा। नयिदं सुकरं अगारं अज्झावसता एकन्तपरिपुण्णं एकन्तपरिसुद्धं सङ्खलिखितं

हों। साथ ही उस हाथी द्वारा वृक्षों पर मारी गयी रगड़ तथा जगह-जगह उसके द्वारा खाने के लिये तोड़ कर छोड़ी गयी वृक्षों की शाखायें भी देखता है। यों आगे चलते-चलते उसे वह हाथी भी दिखायी दे जाता है। किसी वृक्ष के नीचे बैठा या खुले आसमान के नीचे खड़ा या लेटा हुआ। तब उसे यह निश्चय होता है—'यही वह महान् गजराज है'।

६. "इसी तरह, ब्राह्मण! यहाँ तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध, विद्या और आचरण से युक्त, सुगत होकर विनेय जनों के धर्मानुशासन में सारथितुल्य, देव-मनुष्यों के शास्ता, बुद्ध भगवान् लोक में अवतरित होते हैं। वे इस देव-मनुष्य-ब्रह्मा-सहित लोक को, श्रमण-ब्राह्मण सहित देव-मनुष्य प्रजा को स्वयं जानकर, साक्षात् कर, धर्मोपदेश करते हैं। वे ऐसे धर्म का उपदेश करते हैं जो आदि, अन्त, मध्य—सब तरफ से कल्याणप्रद है। जो अर्थसहित व व्यञ्जनसहित है। एकान्ततः परिपूर्ण और सर्वतः परिशुद्ध है। जो गृहपति या उसका पुत्र किसी भी कुल में उत्पन्न होकर इस धर्म को सुनकर तथागत के प्रति स्वयं में श्रद्धा उत्पन्न करता है। वह इस श्रद्धाप्राप्ति से युक्त हो कह उठता है—'अरे! घर बसाना तो जंजाल है, मल (चित्तविकारों) का आगार है। इसके विपरीत प्रव्रज्या खुले आकाश की तरह है। इस एकान्ततः परि-

ब्रह्मचरियं चरितुं। यन्नूनाहं केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनगारियं पब्बजेय्यं' ति। सो अपरेन समयेन अप्पं वा भोगक्खन्धं पहाय महन्तं वा भोगक्खन्धं पहाय [N. 230] अप्पं वा ञातिपरिबट्टं पहाय महन्तं वा ञातिपरिवट्टं पहाय केसमस्सुं ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा अगारस्मा अनगारियं पब्बजति।

७. "सो एवं पब्बजितो समानो भिक्खूनं सिक्खासाजीवसमापन्नो पाणातिपातं पहाय पाणातिपाता पटिविरतो होति, निहितदण्डो [B. 237] निहितसत्थो लज्जी दयापन्नो सब्बपाणभूतहितानुकम्पी विहरति। अदिन्नादानं पहाय अदिन्नादाना पटिविरतो होति दिन्नादायी दिन्नपाटिकङ्खी। अथेनेन सुचिभूतेन अत्तना विहरति। अब्रह्मचरियं पहाय ब्रह्मचारी होति आराचारी विरतो मेथुना गामधम्मा। मुसावादं पहाय मुसावादा पटिविरतो होति सच्चवादी सच्चसन्धो थेतो पच्चयिको अविसंवादको लोकस्स। पिसुणं वाचं पहाय पिसुणाय वाचाय पटि-

---

पूर्ण एकान्ततः परिशुद्ध, खरादे गये शङ्ख की तरह सर्वशुद्ध धर्म का पालन घर में रहकर सही ढंग से नहीं किया जा सकता। तो क्यों न मैं केश, दाढ़ी, मूछ कटवा कर, काषाय वस्त्र पहनकर, घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाऊँ'। वह कुछ समय बाद अल्प या अधिक प्रारब्ध कर्मों को भोगकर, अपने थोड़े या बहुत नाते, रिश्तेदारों से सम्बन्धविच्छेद कर, दाढ़ी-मूँछ कटाकर, काषाय वस्त्र पहनकर, घर से बेघर हो प्रव्रजित हो जाता है।

७. "इस तरह प्रव्रजित हुआ वह भिक्षु शील, शिक्षा, जीवनचर्या का साहाय्य पाकर, हिंसा छोड़, प्राणातिपात से विरत हो जाता है; वह दण्ड, शस्त्र का परित्याग कर, लज्जा, दया आदि गुणों से युक्त हो सब प्राणियों के हितार्थ उन पर अनुकम्पा (करुणा) करता हुआ लोक में विहरता है। न दिये हुए (चोरी) की इच्छा न करता हुआ, अदत्तादान से दूर रहता है और दिये हुए को ही लेता है, दिये हुए को ही लेने की इच्छा करता है। इस तरह पवित्र हृदय से लोक में विचरण करता है। वह अब्रह्मचर्य (व्यभिचार को छोड़ ब्रह्मचारी रहता हुआ), अश्लील मैथुन धर्म से दूर रहने लगता है। वह मृषावाद (असत्यभाषण) छोड़, उससे दूर रहता हुआ सत्यवादी बनकर, सत्यसन्ध (सत्य का ही आचरण करने वाला), लोक में विश्वासपात्र बन कर, जैसा देखा-सुना वैसा ही कहने वाला होता है। पिशुनवचन

विरतो होति, इतो सुत्वा न अमुत्र अक्खाता इमेसं भेदाय, अमुत्र वा सुत्वा न इमेसं अक्खाता अमूसं भेदाय; इति भिन्नानं वा सन्धाता सहितानं वा अनुप्पदाता, समग्गारामो समग्गरतो समग्गनन्दी, समग्गकरणिं वाचं भासिता होति। फरुसं वाचं पहाय फरुसाय वाचाय पटिविरतो होति। या सा वाचा नेला कण्णसुखा पेमनीया हृदयङ्गमा [R. 180] पोरी बहुजनकन्ता बहुजनमनापा तथारूपिं वाचं भासिता होति। सम्फप्पलापं पहाय सम्फप्पलापा पटिविरतो होति कालवादी भूतवादी अत्थवादी धम्मवादी विनयवादी, निधानवतिं वाचं भासिता, कालेन सापदेसं परियन्तवतिं अत्थसंहितं।

८. "सो बीजगामभूतगामसमारम्भा पटिविरतो होति एकभत्तिको होति रत्तूपरतो विरतो विकालभोजना, नच्चगीतवादितविसूकदस्सना पटिविरतो होति, मालागन्धविलेपनधारणमण्डनविभूसनट्ठाना पटिविरतो होति, उच्चासयनमहासयना पटिविरतो होति, जातरूपरजतपटिग्गहणा पटिविरतो होति, आमकधञ्ञपटिग्गहणा पटिविरतो होति, आमकमंसपटिग्गहणा पटिविरतो होति, इत्थिकुमारिकपटिग्गहणा पटिविरतो

(एक दूसरे की चुगली) छोड़कर इससे दूर रहता है, किसी की बात यहाँ सुनकर वहाँ नहीं कहता, वहाँ सुनकर परस्पर फूट डालने के लिये यहाँ नहीं कहता। यों वह लड़ते हुओ को जोड़ने के लिये, या मिले हुए को न लड़ने के लिये अपनी वाणी का प्रयोग करता है। इस तरह वह सबकी एकता में प्रसन्न, सबकी एकता में रत, एकता में आनन्दित होता हुआ, एकता पैदा करने वाली बात ही बोलता है। परुष (कठोर) वाणी का व्यवहार छोड़ उससे दूर रहता है। वह ऐसी वाणी बोलने का प्रयास करता है जो दूसरों को सुनने में अच्छी लगे, प्यारी लगे, हृदयावर्जक हो, सभ्य हो, जो अधिक जनों के लिये कान्त, मनाप हो—ऐसी वाणी बोलता है। प्रलाप (बकवाद) छोड़कर उससे दूर रहता है और यों वह प्रासङ्गिक, सार्थक, धर्मयुक्त, अनुशासित रखने वाली, मिलाने वाली वाणी ही बोलता है; जो व्यवहार युक्त हो, किसी किनारे की ओर ले जाने वाली हो और सार्थक हो।

८. "वह बीजसमूह या प्राणिसमूह के नाश से विरत रहता है। एक समय भोजन करता है, असमय में और रात्रि में नहीं करता। नृत्य, गीत, वाद्य, नाटक आदि देखने से दूर रहता है। माला, गन्ध, सुगन्धित लेप से, भडकीले वस्त्र पहनने से विरत रहता है। शरीर को सजाने, सँवारने, अलंकृत करने से दूर रहता है। अच्छी शय्या के उपयोग से घृणा करता है। सोना-चांदी से दूर रहता है। कच्चा

होति, दासिदासपटिग्गहणा पटिविरतो होति, अजेळकपटिग्गहणा पटिविरतो होति, कुक्कुटसूकरपटिग्गहणा पटिविरतो होति, हत्थिगवास्सवळवापटिग्गहणा पटिविरतो होति, खेत्तवत्थुपटिग्गहणा [B. 238] पटिविरतो होति, दूतेय्यपहिणगमनानुयोगा पटिविरतो होति, [N. 231] कयविक्कया पटिविरतो होति, तुलाकूटकंसकूटमानकूटा पटिविरतो होति, उक्कोटनवञ्चननिकतिसाचियोगा पटिविरतो होति, छेदनवधबन्धनविपरामोसआलोपसहसाकारा पटिविरतो होति।

९. "सो सन्तुट्ठो होति कायपरिहारिकेन चीवरेन कुच्छिपरिहारिकेन पिण्डपातेन। सो येन येनेव पक्कमति समादायेव पक्कमति। सेय्यथापि नाम पक्खी सकुणो येन येनेव डेति सपत्तभारो व डेति; एवमेव भिक्खु सन्तुट्ठो होति कायपरिहारिकेन चीवरेन कुच्छिपरिहारिकेन पिण्डपातेन। सो येन येनेव पक्कमति समादायेव पक्कमति। सो इमिना अरियेन सीलक्खन्धेन समन्नागतो अज्झत्तं अनवज्जसुखं पटिसंवेदेति।

१०. "सो चक्खुना रूपं दिस्वा न निमित्तग्गाही होति नानुब्यञ्जनग्गाही। यत्वाधिकरणमेनं चक्खुन्द्रियं असंवुतं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा अन्वास्सवेय्युं तस्स संवराय पटिपज्जति,

---

मांस खाने से परहेज करता है। स्त्री-कुमारी····दास-दासी····भेड़-बकरी····मुर्गा-सूअर····हाथी-घोड़े, गौ आदि से····जमीन-जायदाद से···दौत्य-कर्म से···व्यापार-धन्धे से, वस्तुओं के तौलने नापने से····उत्कोच (घूस) देने से, धोखा-धड़ी से, जालसाजी से, धूर्तता के कार्यों से···काटना, पीटना, मारना, बांधना, छापा मारना, लूट-पाटकर ग्राम आदि को नष्ट करना आदि दुष्कर्मों से दूर रहता है।

९. "अपितु वह सन्तुष्ट रहता है शरीर ढकने मात्र के वस्त्र से और पेट भरने लायक भोजन से। वह जहाँ कहीं जाता है, अपने पात्रचीवर साथ लेकर ही चलता है। जैसे कोई पक्षी जिधर भी उड़ता है, अपने पंखों के साथ ही उड़ता है। इसी तरह भिक्षु भी शरीर ढकने भर के वस्त्र से या पेट भरने लायक भोजनमात्र से सन्तुष्ट रहता है। वह जहाँ भी जाता है अपनी भिक्षुकर्मोचितसामग्री के साथ ही जाता है। इस तरह आर्यों के बताये सदाचार मार्ग पर चलता हुआ आध्यात्मिक शान्ति (अनवद्य सुख) का आनन्द लेता है।

१०. "वह चक्षुरिन्द्रिय से रूप को देख कर भी उसके विशेष (लिङ्ग आकृति आदि) के प्रति लिप्त नहीं होता। चक्षुरिन्द्रिय के स्वच्छन्द रहने पर वह जहाँ-जहाँ प्रवृत्त होगी, वहाँ-वहाँ रागद्वेष आदि पापमय अकुशल धर्मों में लिप्त न होने लगे

रक्खति चक्खुन्द्रियं, चक्खुन्द्रिये संवरं आपज्जति। सोतेन सद्दं सुत्वा··· पे०···घानेन गन्धं घायित्वा जिव्हाय रसं सायित्वा···कायेन फोट्ठब्बं फुसित्वा···मनसा धम्मं विञ्ञाय न निमित्तग्गाही होति नानुब्यञ्जनग्गाही। यत्वाधिकरणमेनं मनिन्द्रियं असंवुतं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसलाधम्मा अन्वास्सवेय्युं तस्स संवराय पटिपज्जति, रक्खति [R. 181] मनिन्द्रियं, मनिन्द्रिये संवरं आपज्जति। सो इमिना अरियेन इन्द्रियसंवरेन समन्नागतो अज्झत्तं अब्यासेकसुखं पटिसंवेदेति।

११. "सो अभिक्कन्ते पटिक्कन्ते सम्पजानकारी होति, आलोकिते विलोकिते सम्पजानकारी होति, समिञ्जिते पसारिते सम्पजानकारी [B. 239] होति, सङ्घाटिपत्तचीवरधारणे सम्पजानकारी होति, असिते पीते खायिते सायिते सम्पजानकारी होति, उच्चारपस्सावकम्मे सम्पजानकारी होति, गते ठिते निसिन्ने सुत्ते जागरिते भासिते तुण्हीभावे सम्पजानकारी होति।

१२. "सो इमिना च अरियेन सीलक्खन्धेन समन्नागतो, इमिना च अरियेन इन्द्रियसंवरेन समन्नागतो, इमिना च अरियेन सतिसम्पजञ्ञेन [N. 232] समन्नागतो विवित्तं सेनासनं भजति अरञ्ञं रुक्खमूलं पब्बतं कन्दरं गिरिगुहं सुसानं वनपत्थं अब्भोकासं पलालपुञ्जं। सो पच्छाभत्तं

इसलिये उस पर संयम के लिये वहाँ-वहाँ निरन्तर सावधान रहता है, चक्षुरिन्द्रिय पर संयम रखता है। श्रोत्रेन्द्रिय से शब्द सुनकर···पूर्ववत्···घ्राणेन्द्रिय से गन्ध सूंघकर···जिह्वा से रस का आस्वाद लेकर···कायेन्द्रिय से स्पर्शसुख का अनुभव कर···मन इन्द्रिय से किसी विषय को जानकर भी उसके आकार-प्रकार विशेष में लिप्त नहीं होता···· मन इन्द्रिय पर संयम रखता है। वह इस तरह की आर्य-जनोचित सदाचार पद्धति पर चलता हुआ निर्मल सुख का अनुभव करता है।

११. "वह मार्ग के गमन-आगमन में, देखने-सुनने की बातों में, किसी कार्य के फैलाने या समेटने में, संघाटी या पात्र-चीवर के विषय में, खाने-पीने-सोने में, शौच कर्म में यहाँ तक कि खड़े रहना, बैठना, उठना आदि शारीरिक क्रियाएँ भी समझ-बूझ कर ही करता है।

१२. "वह इस आर्य जनोचित सदाचार पद्धति एवं इन्द्रिय संयम से, बुद्धिपूर्वक कार्य करने के तरीके (स्मृतिसम्प्रजन्य) से युक्त हो एकान्त अरण्यप्रदेश या किसी वृक्ष के नीचे या किसी पर्वत, गुफा या खुले मैदान में अपना आसन बिछा कर साधना में लग जाता है। वह भोजन कर भिक्षाकर्म से निवृत हो, शरीर को सीधा

पिण्डपातपटिक्कन्तो निसीदति पल्लङ्कं आभुजित्वा, उजुं कायं पणिधाय, परिमुखं सतिं उपट्ठपेत्वा। सो अभिज्झं लोके पहाय विगताभिज्झेन चेतसा विहरति, अभिज्झाय चित्तं परिसोधेति। ब्यापादप्पदोसं पहाय अब्यापन्न चित्तो विहरति, सब्बपाणभूतहितानुकम्पी ब्यापादप्पदोसा चित्तं परिसोधेति। थीनमिद्धं पहाय विगतथीनमिद्धो विहरति आलोकसञ्ञी सतो सम्पजानो, थीनमिद्धा चित्तं परिसोधेति। उद्धच्चकुक्कुच्चं पहाय अनुद्धतो विहरति, अज्झत्तं वूपसन्तचित्तो उद्धच्चकुक्कुच्चा चित्तं परिसोधेति। विचिकिच्छं पहाय तिण्णविचिकिच्छो विहरति अकथङ्कथी कुसलेसु धम्मेसु, विचिकिच्छाय चित्तं परिसोधेति।

१३. "सो इमे पञ्च नीवरणे पहाय चेतसो उपक्किलेसे पञ्ञाय दुब्बलीकरणे, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण, तथागतपदं इति पि, तथागतनिसेवितं इति पि, तथागतारञ्जितं इति पि। न त्वेव ताव अरियसावको निट्ठं गच्छति — 'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

कर स्मृति को समाहित कर पद्मासन लगा कर बैठ जाता है। वह मन में आते संकल्प-विकल्पों का परित्याग कर चित्त की निर्मलता की तरफ ध्यान देता है। हिंसाभाव को मन से निकाल प्राणिमात्र पर दयाभाव द्वारा प्राणातिपात से अपने को दूर हटाता है। व्यापाद (परद्रोह) को छोड़कर व्यापादरहित चित्त से सर्व प्राणियों का हितैषी बनकर साधना करता है। स्त्यान (शारीरिक आलस्य), मृद्ध (मानसिक आलस्य) छोड़कर उनसे दूर रहता तथा स्मृतिसम्प्रजन्य के साथ साधना करता हुआ स्वचित्त को स्त्यान-मृद्ध से परिशुद्ध कर लेता है। औद्धत्य व कौकृत्य को छोड़, विनयशील तथा शान्तचित्त होकर स्वचित्त को···। विचिकित्सा (संशय) छोड़कर संशयरहित हो कुशलधर्मों का अभ्यास करता हुआ स्वचित्त को संशयरहित कर लेता है।

१३. "वह (श्रावक) इन पाँच नीवरणों को चित्त से हटाकर अवशिष्ट-चित्त के उपक्लेशों को जानकर उन्हें दुर्बल करने के लिये, कामभोगों और अकुशल धर्मों से दूर रहता हुआ वितर्कविचारसहित विवेकजन्य, प्रीतिसुखमय प्रथमध्यान की भावना द्वारा साधना करता है। ब्राह्मण ! यह पद (साधनामार्ग) ही तथागत का पद है और उसके द्वारा आराधित व निसेवित है। किन्तु इतनी सी (प्रथमध्यान

"पुन च परं, ब्राह्मण, भिक्खु वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण···पे०··· सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो ति।

[B. 240, R. 182] "पुन च परं, ब्राह्मण, भिक्खु पीतिया च विरागा उपेक्खको च विहरति सतो च सम्पजानो, सुखं च कायेन पटिसंवेदेति, यं तं अरिया आचिक्खन्ति 'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण···पे०·· सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो ति।

"पुन च परं, ब्राह्मण, भिक्खु सुखस्स च पहाना दुक्खस्स च पहाना, पुब्बेव सोमनस्सदोमनस्सानं अत्थङ्गमा, अदुक्खमसुखं उपेक्खा-सतिपारिसुद्धिं चतुत्थं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं पि वुच्चति, [N. 233] ब्राह्मण, तथागतपदं इति पि, तथागतनिसेवितं इति पि, तथा-गतारञ्जितं इति पि। न त्वेव ताव अरियसावको निट्ठं गच्छति— 'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

तक की) साधना से वह आर्यश्रावक यह दृढनिश्चय नहीं कर पाता—'भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध हैं, उनका धर्म स्वाख्यात है या उनका श्रावकसंघ सुविनीत है'।

"ब्राह्मण ! फिर वह भिक्षु वितर्क-विचारों के शान्त हो जाने से आध्यात्मिक प्रसन्नता द्वारा चित्त की एकाग्रता के सहारे वितर्क-विचाररहित समाधि से उत्पन्न प्रीतिसुखमय द्वितीयध्यान की साधना करता है। ब्राह्मण ! यह पद ही···उनका श्रावकसंघ सुविनीत है।

"ब्राह्मण ! फिर वह भिक्षु प्रीति से भी वैराग्य होने के कारण उसके प्रति उपेक्षाभाव दिखाता हुआ, स्मृति और सम्प्रजन्य से युक्त हो, कायिकसुख का अनुभव करता है, जिसको कि आर्यजन 'उपेक्षक, स्मृतिमान, सुखविहारी' ऐसा कहते हैं; ऐसे तृतीयध्यान को प्राप्त कर साधना में लगा रहता है। ब्राह्मण ! यह पद ही···· उनका श्रावकसंघ सुविनीत है।

"और फिर ब्राह्मण ! वह भिक्षु सुख-दुःख के प्रहाण से, सौमनस्य और दौर्म-नस्य के पूर्वापेक्षया अस्त हो जाने से, अदुःख-असुखमय उपेक्षायुक्त स्मृतिपरिशुद्धि वाले चतुर्थध्यान तक पहुँचकर साधना करता है। ब्राह्मण ! यह पद ही····उनका श्रावकसंघ सुविनीत है।

१४. "सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणेविगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते पुब्बेनिवासानुस्सतिञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेति, सो अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरति, सेय्यथीदं—एकं पि जातिं, द्वे पि जातियो···पे०···इति साकारं सउद्देसं अनेकविहितं पुब्बेनिवासं अनुस्सरति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण, तथागतपदं इति पि, तथागतनिसेवितं इति पि, तथागतारञ्जितं इति पि। न त्वेव ताव अरियसावको निट्ठं गच्छति—'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

१५. "सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणे [R. 183] विगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते सत्तानं चुतूपपातञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेति। सो दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन···पे०···यथाकम्मूपगे सत्ते पजानाति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण, तथागतपदं इति पि, तथागतनिसेवितं इति पि, तथागतारञ्जितं इति पि। न त्वेव ताव अरियसावको निट्ठं गच्छति—'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

१६. "सो एवं समाहिते चित्ते परिसुद्धे परियोदाते अनङ्गणे विगतूपक्किलेसे मुदुभूते कम्मनिये ठिते आनेञ्जप्पत्ते आसवानं खय- [B. 241]

---

१४. "यों वह भिक्षु स्वचित्त के परिशुद्ध, पर्यवदात्, मलरहित, विकाररहित, मृदु, हल्का, स्थिर होने और अचल व समाहित हो जाने पर उसको पूर्वजन्मों की स्मृति के ज्ञानहेतु झुकाता है। फिर वह अनेक पूर्वजन्मों का अनुस्मरण करता है, जैसे—एक जन्म, दो जन्म····पूर्ववत्····वहाँ उत्पन्न हुआ। इस प्रकार आकार व उद्देश्यसहित किये गये अनेक पूर्वजन्मों का अनुस्मरण करता है। ब्राह्मण ! यह पद ही····उनका श्रावकसंघ सुविनीत है।

१५. "यों वह भिक्षु चित्त के समाहित एवं परिशुद्ध····हो जाने पर अन्य प्राणियों के उत्पाद और विनाश के ज्ञानहेतु स्वचित्त को झुकाता है। वह मनुष्य स्वभाव से ऊपर उठे विशुद्ध दिव्यज्ञानचक्षु से···पूर्ववत्····स्वकर्म प्रारब्धवशीभूत प्राणियों के विषय में जानकारी पा लेता है। ब्राह्मण ! यह पद ही····उनका श्रावकसंघ सुविनीत है।

१६. "यों वह भिक्षु स्वचित्त के परिशुद्ध···समाहित हो जाने पर रागादिचित्तमलों के क्षयज्ञानहेतु स्वचित्त को झुकाता है। तब वह 'यह दुःख है', 'यह दुःख समुदय

ञाणाय चित्तं अभिनिन्नामेति। सो इदं दुक्खं ति यथाभूतं पजानाति, अयं दुक्खसमुदयो ति यथाभूतं पजानाति, अय दुक्खनिरोधो ति यथाभूतं पजानाति, अयं दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा ति यथाभूतं पजानाति। इमे आसवा ति यथाभूतं पजानाति, अयं आसवसमुदयो ति यथाभूतं पजानाति, अयं आसवनिरोधो ति यथाभूतं पजानाति अयं आसवनिरोध-गामिनी पटिपदा ति यथाभूतं पजानाति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण, तथा-गतपदं इति पि, तथागतनिसेवितं इति पि, तथागतारञ्जितं इति पि। न त्वेव ताव अरियसावको निट्ठं गतो होति, अपि च खो निट्ठं गच्छति— [N. 234] 'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्पटिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

१७ "तस्स एवं जानतो एवं पस्सतो कामासवा पि चित्तं विमुच्चति, [R. 184] भवासवा पि चित्तं विमुच्चति, अविज्जासवा पि चित्तं विमुच्चति। विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाति। इदं पि वुच्चति, ब्राह्मण, तथागतपदं इति पि, तथागतनिसेवितं इति पि, तथागतारञ्जितं इति पि। एत्तावता खो, ब्राह्मण, अरियसावको निट्ठं गतो होति—'सम्मासम्बुद्धो भगवा, स्वाक्खातो भगवता धम्मो, सुप्प-टिपन्नो भगवतो सावकसङ्घो' ति।

है', 'यह दुःखनिरोध है', 'यह दुःखनिरोध की ओर ले जाने वाला मार्ग है'—इन बातों को यथातथ रूप से जान लेता है। 'ये आस्रव हैं', 'यह आस्रवसमुदय है', 'यह आस्रवनिरोध है' और 'यह आस्रवनिरोध की ओर ले जाने वाला मार्ग है'—इन बातों को यथातथ रूप से जान लेता है। ब्राह्मण! यह पद ही···उनका श्रावकसंघ सुविनीत है।

१७. "ऐसा जानते हुए, ऐसा समझते हुए उस (साधक) के चित्त को कामा-स्रव छोड़ देते हैं, भवास्रव और अविद्यास्रव भी छोड़ देते हैं। छूट जाने पर उसे 'मेरा चित्त आस्रवविमुक्त हो गया'—यह ज्ञान हो जाता है। 'मेरा जन्म, मेरा ब्रह्मचर्यपालन, मेरा कर्तव्य सब पूर्ण हो चुके, अब मेरे लिये कुछ भी करणीय नहीं रह गया'—यह भी जान लेता है। ब्राह्मण! यह पद ही···तथागत निसेवित है। ब्राह्मण! इतनी साधना तक पहुँचने के बाद ही उस आर्यश्रावक को यह विश्वास हो पाता है ···'भगवान् सम्यक्सम्बुद्ध हैं, उनका धर्म स्वाख्यात है तथा उनका श्रावकसंघ सरल एवं सुविनीत है'।

"एत्तावता खो, ब्राह्मण, हत्थिपदोपमो वित्थारेन परिपूरो होती" ति।

३. जाणुस्सोणिस्स उपासकत्तपटिवेदना

१८. एवं वुत्ते, जाणुस्सोणि ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भो गोतम, अभिक्कन्तं, भो गोतम! सेय्यथापि, भो गोतम, निक्कुज्जितं वा उक्कुज्जेय्य, पटिच्छन्नं वा विवरेय्य, मूळ्हस्स वा मग्गं आचिक्खेय्य, अन्धकारे वा तेलपज्जोतं धारेय्य—चक्खुमन्तो रूपानि दक्खन्ती ति; एवमेवं भोता गोतमेन अनेकपरियायेन धम्मो पकासितो। एसाहं भवन्तं गोतमं सरणं गच्छामि, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं भवं गोतमो धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति।

●

"ब्राह्मण! हस्तिपददृष्टान्त का पूरा विस्तार इस तरह समझना चाहिये।"

३. जाणुश्रोणि द्वारा स्वकीय उपासकत्व-निवेदन

१८. (भगवान् के) ऐसा कहने पर जानुश्रोणि ब्राह्मण ने भगवान् से यह निवेदन किया—"आश्चर्य है, भो गोतम! आश्चर्य है। जैसे कोई····इसी तरह आप गौतम ने नाना प्रकार से यह धर्मोपदेश किया। (इससे प्रभावित होकर) हे गौतम! मैं आपकी शरण में जाता हूँ, (साथ ही) धर्म और संघ की शरण में भी जाता हूँ। हे गौतम! आप मुझे आज से आगे प्राण रहने तक अपना शरणागत समझें।"

चूळहत्थिपदोपमसुत्त समाप्त हुआ॥

●

२८. महाहत्थिपदोपमसुत्तं

[N. 235, B. 242] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो आयस्मा सारिपुत्तो भिक्खू आमन्तेसि – "आवुसो भिक्खवे" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो सारिपुत्तस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा सारिपुत्तो एतदवोच—

१. अरियसच्चानि हत्थिपदूपमानि

"सेय्यथापि, आवुसो, यानि कानिचि जङ्गमानं पाणानं पदजातानि सब्बानि तानि हत्थिपदे समोधानं गच्छन्ति, हत्थिपदं तेसं अग्गमक्खायति यदिदं महन्तत्तेन; एवमेव खो, आवुसो, ये केचि कुसला धम्मा सब्बेते [R. 185] चतूसु अरियसच्चेसु सङ्गहं गच्छन्ति। कतमेसु चतूसु ? दुक्खे अरियसच्चे, दुक्खसमुदये अरियसच्चे, दुक्खनिरोधे अरियसच्चे, दुक्खनिरोधगामिनिया पटिपदाय अरियसच्चे।

२. दुक्खं अरियसच्चं

२. "कतमञ्चावुसो, दुक्खं अरियसच्चं ? जाति पि दुक्खा, जरा पि दुक्खा, मरणं पि दुक्खं, सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा पि दुक्खा, यं पिच्छं न लभति तं पि दुक्खं सङ्खित्तेन पञ्चुपादानक्खन्धा दुक्खा। कतमे

---

२८. महाहस्तिपदोपमसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है कि एक समय भगवान् (बुद्ध) अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में विहार कर रहे थे। उस समय आयुष्मान् शारिपुत्र ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया। "हाँ आयुष्मन् !" कह कर भिक्षुओं ने उत्तर दिया। तब आयुष्मान् शारिपुत्र ने यों उपदेश देना प्रारम्भ किया—

१. आर्यसत्य हस्तिपद के समान हैं

"आयुष्मानो ! जैसे सभी चलने-फिरने वाले प्राणियों के पैर हाथी के पैर में समा जाते हैं (अर्थात् उससे छोटे ही होते हैं), विस्तार में हाथी का पैर उनसे श्रेष्ठ होता है; ऐसे ही आयुष्मानो ! जितने भी कुशलधर्म हैं, वे सब चार आर्यसत्यों में संगृहीत हो जाते हैं (अर्थात् ये सत्य ही उन सबसे श्रेष्ठ हैं)। कौन से चार में ? १. 'दुःख आर्यसत्य है' २. 'दुःखसमुदय आर्यसत्य है' ३. 'दुःखनिरोध आर्यसत्य है', ४. 'दुःखनिरोधगामी मार्ग आर्यसत्य है'—(इन चारों में)।

२. दुःख आर्यसत्य

२. "आयुष्मानो ! दुःख आर्यसत्य क्या है ? जन्म भी दुःख है, बुढ़ापा भी दुःख है, मरण भी दुःख है, प्रियजन के प्रति शोक, परिदेव (रोना-कल्पना) दुःख, दौर्म-

चावुसो, पञ्चुपादानक्खन्धा ? सेय्यथीदं - रूपुपादानक्खन्धो, वेदनुपादानक्खन्धो, सञ्ञुपादानक्खन्धो, सङ्खारुपादानक्खन्धो, विञ्ञाणुपादानक्खन्धो। कतमो चावुसो, रूपुपादानक्खन्धो ? चत्तारि च महाभूतानि, चतुन्नं च महाभूतानं उपादाय रूपं। कतमे चावुसो, चत्तारो महाभूता ? पठवीधातु, आपोधातु, तेजोधातु, वायोधातु।

३. "कतमा चावुसो, पठवीधातु ? पठवीधातु सिया अज्झत्तिका, सिया बाहिरा। कतमा चावुसो, अज्झत्तिका पठवीधातु ? यं अज्झत्तं पच्चत्तं कक्खळं खरिगतं उपादिन्नं, सेय्यथीदं—केसा लोमा नखा दन्ता तचो मंसं न्हारु अट्ठि अट्ठिमिञ्जा वक्कं हदयं यकनं किलोमकं पिहकं पप्फासं अन्तं अन्तगुणं उदरियं करीसं, यं वा पनञ्ञं पि किञ्चि अज्झत्तं पच्चत्तं [N.236] कक्खळं खरिगतं उपादिन्नं। अयं वुच्चतावुसो, अज्झत्तिका पठवीधातु। या चेव खो पन अज्झत्तिका पठवीधातु, या च बाहिरा पठवीधातु, पठवीधातुरेवेसा। 'तं नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति—एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा पठवीधातुया निब्बिन्दति, पठवीधातुया चित्तं विराजेति।

नस्य (अनमनापन), उपायास (परेशानी) भी दुःख है, जिसकी इच्छा करें उसका न मिलना भी दुःख है, संक्षेप में पाँचों उपादनस्कन्ध दुःख हैं। आयुष्मानो ! पाँच उपादानस्कन्ध कौन से हैं ? जैसे—१. रूपोपादानस्कन्ध, २. वेदनोपादानस्कन्ध, ३. संज्ञोपादानस्कन्ध, ४. संस्कारोपादानस्कन्ध, एवं ५. विज्ञानोपादानस्कन्ध। इनमें रूपोपादानस्कन्ध क्या है ? ये चार महाभूत और इन चारों महाभूतों से बननेवाले सभी प्रकार के रूप (आकार)। ये चार महाभूत क्या हैं ? १. पृथ्वीधातु, २. अब्धातु (आपोधातु), ३. तेजोधातु, ४. वायुधातु।

३. "यह पृथ्वीधातु क्या है ? पृथ्वीधातु दो प्रकार की है—आध्यात्मिक और बाह्य। आध्यात्मिक पृथ्वीधातु कौन सी है ? जो प्रत्येक शरीर के अन्दर कर्कश, खर (कठोर) पदार्थ है, वही है। जैसे—केश, लोभ, नख, दन्त, त्वचा, मांस, स्नायु, अस्थि, अस्थिमज्जा, वृक्क, हृदय, यकृत, क्लोम, प्लीहा, फुप्फुस, अन्त्र, लघु अन्त्र, उदरस्थ अग्नि, मल या जो कुछ अन्य प्रत्येक शरीर में आध्यात्मिक कर्कश, कठोर, द्रव्य—वह सब आध्यामिक पृथ्वीधातु है। और यह जो आध्यात्मिक एवं बाह्य पृथ्वी दिखायी दे रही है यह सब पृथ्वीधातु है। इसके विषय में 'यह मेरी नहीं, यह मैं नहीं, यह मेरी आत्मा नहीं है'—ऐसा यह सत्य भलीभाँति जान लेना चाहिये। इस तरह भलीभाँति जानकर इस पृथ्वीधातु के प्रति वैराग्यसम्पन्न हो जाता है। इससे चित्त (का ममत्व) हटा लेता है।

[B. 243] ४. "होति खो सो, आवुसो, समयो यं बाहिरा आपोधातु पकुप्पति। अन्तरहिता तस्मिं समये बाहिरा पठवीधातु होति। तस्सा हि नाम, आवुसो, बाहिराय पठवीधातुया ताव महल्लिकाय अनिच्चता पञ्ञायिस्सति, खयधम्मता पञ्ञायिस्सति, वयधम्मता पञ्ञायिस्सति, विपरिणामधम्मता पञ्ञायिस्सति। किं पनिमस्स मत्तट्ठकस्स कायस्स तण्हुपादिन्नस्स अहं ति वा ममं ति वा अस्मीति वा! अथ ख्वास्स नोतेवेत्थ होति।

"तं चे, आवुसो, भिक्खुं परे अक्कोसन्ति परिभासन्ति रोसेन्ति विहेसेन्ति, सो एवं पजानाति—'उप्पन्ना खो मे अयं सोतसम्फस्सजा दुक्खवेदना। सा च खो पटिच्च, नो अप्पटिच्च। किं पटिच्च? फस्सं पटिच्च'। सो फस्सो [R. 186] अनिच्चो ति पस्सति, वेदना अनिच्चा ति पस्सति, सञ्ञा अनिच्चा ति पस्सति, सङ्खारा अनिच्चा ति पस्सति, विञ्ञाणं अनिच्चं ति पस्सति। तस्स धातारम्मणमेव चित्तं पक्खन्दति पसीदति सन्तिट्ठति अधिमुच्चति।

५. "तं चे, आवुसो, भिक्खुं परे अनिट्ठेहि अकन्तेहि अमनापेहि समुदाचरन्ति—पाणिसम्फस्सेन पि लेड्डुसम्फस्सेन पि दण्डसम्फस्सेन पि सत्थ-

---

४. "इसके बाद एक समय आता है जब बाह्य अब्धातु (जल) प्रकुपित हो उठती है, उस समय यह बाह्य पृथ्वीधातु लुप्त हो जाती है। जब उतनी विशाल पृथ्वीधातु की अनित्यता, क्षयधर्मता, नाशधर्मता, विपरिणामधर्मता स्पष्ट प्रकट है। तो इस क्षुद्र (क्षणभंगुर) काय की तृष्णा से उत्पन्न 'यह मैं हूँ', या 'यह मेरी आत्मा है'—ऐसी बात तो हो ही कैसे सकती है। अर्थात् इस क्षुद्रकाय में नित्यता कैसे रहेगी!

"आयुष्मानो! तब कभी उस भिक्षु का दूसरे लोग परिहास करते हैं, उल्टा-सीधा बोलते हैं, क्रोध करते हैं, अनादर करते हैं, तब वह समझता है—'यह दुःखवेदना मुझे श्रोत्रसंस्पर्श से उत्पन्न हुई है। यह किसी कारण (निमित्त) से हुई है, न कि अकारण। किस कारण? स्पर्श के कारण'। अतः यह श्रोत्रसंस्पर्श अनित्य है, तज्जन्य यह वेदना भी अनित्य है—यह समझ जाता है। संज्ञा अनित्य है, संस्कार अनित्य है, विज्ञान अनित्य है—यह समझ लेता है। इस तरह उस भिक्षु का धातुओं को आलम्बन मानने वाला चित्त निर्मल हो जाता है एवं उक्त धात्वालम्बन से मुक्त हो जाता है।

५. "आयुष्मानो! यदि उस भिक्षु से दूसरे लोग हाथ, कंकर-पत्थर, दण्ड एवं शस्त्र के सहारे अनिष्ट, बुरा लगने वाला, अप्रिय व्यवहार करने लगें तो वह समझ

सम्फस्सेन पि, सो एवं पजानाति—'तथाभूतो खो अयं कायो यथाभूतस्मिं काये पाणिसम्फस्सा पि कमन्ति, लेड्डुसम्फस्सा पि कमन्ति, दण्डसम्फस्सा पि कमन्ति, सत्थसम्फस्सा पि कमन्ति। वुत्तं खो पनेतं भगवता ककचूपमोवादे—उभतोदण्डकेन चे पि भिक्खवे, ककचेन चोरा ओचरका अङ्गमङ्गानि ओकन्तेय्युं, तत्रापि यो मनो पदूसेय्य न मे सो तेन सासनकरो' ति। आरद्धं खो पन मे विरियं भविस्सति असल्लीनं, उपट्ठिता सति असम्मुट्ठा, पस्सद्धो कायो असारद्धो, समाहितं चित्त एकग्गं। कामं दानि [N. 237] इमस्मिं काये पाणिसम्फस्सा पि कमन्तु, लेड्डुसम्फस्सा पि कमन्तु, दण्डसम्फस्सा पि कमन्तु, सत्थसम्फस्सा पि कमन्तु, करीयति हिदं बुद्धानं सासनं' ति।

६. ''तस्स चे, आवुसो, भिक्खुनो एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो उपेक्खा कुसलनिस्सिता न सण्ठाति, सो तेन संविज्जति संवेगं आपज्जति—'अलाभा वत मे न वत मे लाभा, [B. 244] दुल्लद्धं वत मे न वत मे सुलद्धं, यस्स मे एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो उपेक्खा कुसलनिस्सिता न सण्ठाती' ति। सेय्यथापि, आवुसो, सुणिसा ससुरं दिस्वा संविज्जति संवेगं आपज्जति;

लेता है—'यह काया ही ऐसी है जिस पर हाथ से, कंकर-पत्थर से, दण्ड-शस्त्र से प्रहार किया जाता है। भगवान् ने भी पीछे ककचोपमसूत्र[1] में कहा है—'भिक्षुओ ! यदि दोनों ओर मूठ लगे आरे से चोर-लुटेरे भिक्षु के अङ्ग-प्रत्यङ्ग के टुकड़े-टुकड़े कर दें तब भी वह स्वचित्त में किसी प्रकार का विकार न आने दे, यदि वह ऐसा नहीं करता है तो वह मेरे इस धर्मविनय में रहने योग्य नहीं है'। मेरा उद्योग चलता रहेगा, विस्मरण रही स्मृति उपस्थित रहेगी, मेरी काया स्थिर, अचञ्चल रहेगी, चित्त समाहित व एकाग्र रहेगा, चाहे लोग मेरे इस शरीर पर हाथ से, ढेले से, डण्डे से, शस्त्र से ही प्रहार क्यों न करें, किन्तु बुद्धों का उपदेश तो पूरा करना ही होगा।' (उस रास्ते को नहीं छोड़ा जा सकता।)

६. ''आयुष्मानो ! उस भिक्षु को इस प्रकार बुद्ध को स्मरण करते हुए भी, धर्म को स्मरण करते हुए भी, सङ्घ को स्मरण करते हुए भी कुशलसम्प्रयुक्त निर्मल उपेक्षा जब नहीं ठहरती तो वह उससे हैरान होता है, उद्विग्न होता है—'अरे मेरी बहुत हानि हो रही है, मेरा तो सब कुछ नष्ट हो गया कि बुद्ध, धर्म और सङ्घ को स्मरण करते हुए भी मेरी कुशलधर्मों से उत्पन्न उपेक्षा स्थिर नहीं रह पाती।'

---

१. द्र० ककचोपमसुत्त, पृ० २६२।

एवमेव खो, आवुसो, तस्स चे भिक्खुनो एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो उपेक्खा कुसलनिस्सिता न सण्ठाति, सो तेन संविज्जति संवेगं आपज्जति—'अलाभा वत मे न वत मे लाभा, दुल्लद्धं वत मे न वत मे सुलद्धं, यस्स मे एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो उपेक्खा कुसलनिस्सिता न सण्ठाती' ति। तस्स चे, आवुसो, भिक्खुनो एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो [R. 187] उपेक्खा कुसलनिस्सिता सण्ठाति, सो तेन अत्तमनो होति। एत्तावता पि खो, आवुसो, भिक्खुनो बहुकतं होति।

७. "कतमा चावुसो आपोधातु ? आपोधातु सिया अज्झत्तिका, सिया बाहिरा। कतमा चावुसो अज्झत्तिका आपोधातु ? यं अज्झत्तं पच्चत्तं आपो आपोगतं उपादिन्नं, सेय्यथीदं—पित्तं सेम्हं पुब्बो लोहितं सेदो मेदो अस्सु वसा खेळो सिङ्घाणिका लसिका मुत्तं, यं वा पनञ्ञं पि किञ्चि अज्झत्तं पच्चत्तं आपो आपोगतं उपादिन्नं—अयं वुच्चतावुसो, अज्झत्तिका आपोधातु। या चेव खो पन अज्झत्तिका आपोधातु या च बाहिरा आपोधातु, आपोधातुरेवेसा। 'तं नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं

भिक्षुओ ! जैसे घर-परिवार में पतोहू श्वसुर को, सामने देखकर संकोच करती है, परेशान हो उठती है; उसी तरह आयुष्मानो ! उस भिक्षु की कुशलधर्मनिःसृत उपेक्षा बुद्ध-धर्म-सङ्घ का अनुस्मरण करते हुए भी स्थिर नहीं हो पाती। इससे वह उद्विग्न होता है—'मेरी स्मृति....'। आयुष्मानो ! परन्तु इस तरह बुद्ध, धर्म, सङ्घ का अनुस्मरण करते-करते उसकी वह कुशलधर्मों से उत्पन्न उपेक्षा स्थिर होने लगती है तब वह प्रसन्न हो उठता है। आयुष्मानो ! इतने से भी उस भिक्षु ने बहुत कुछ कर लिया होता है।

७. "आयुष्मानो ! अब्धातु कौन सी है ? यह अब्धातु दो प्रकार की है—१. आध्यात्मिक, २. बाह्य। आध्यात्मिक अब्धातु कौन सी है ? प्राणियों के प्रत्येक शरीर में जो जल या जलीय अंश है, जैसे—पित्त, श्लेष्मा (कफ), पूय (मवाद), रक्त, स्वेद (पसीना), मेद (चर्बी), आँसू, वसा, खँखार या नाक से निकलने वाला मैल (सिङ्घाणक), लसीका, मूत्र, या ऐसा ही कुछ और प्रत्येक शरीर में रहने वाला जलीय अंश—आयुष्मानो ! यह सब आध्यात्मिक अब्धातु कहलाती है। यह आध्यात्मिक अब्धातु और बाहर दिखायी देने वाला जल—दोनों ही 'अब्धातु' है। इस अब्धातु के विषय में भी भिक्षु को यह भली भाँति समझे रखना चाहिये कि 'यह न मेरी है, न मैं इसका हूँ, न यह मेरी आत्मा है'। इस तरह समझ कर,

यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा आपोधातुया निब्बिन्दति, आपोधातुया चित्तं विराजेति।

८ "होति खो सो, आवुसो, समयो यं बाहिरा आपोधातु पकुप्पति। सा गामं पि वहति, निगमं पि वहति, नगरं पि वहति, जनपदं पि वहति, जनपदपदेसं पि वहति। होति खो सो, आवुसो, समयो यं [N 238] महासमुद्दे योजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति, द्वियोजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति, तियोजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति, चतुयोजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति, पञ्चयोजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति, छयोजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति, सत्तयोजनसतिकानि पि उदकानि ओगच्छन्ति। होति खो सो, आवुसो, समयो[B. 245] यं महासमुद्दे सत्तसालं पि उदकं सण्ठाति, छत्तालं पि उदकं सण्ठाति, पञ्चतालं पि उदकं सण्ठाति, चतुत्तालं पि उदकं सण्ठाति, तितालं पि उदकं सण्ठाति, द्वितालं पि उदकं सण्ठाति, तालमत्तं पि उदकं सण्ठाति। होति खो सो, आवुसो, समयो यं महासमुद्दे सत्तपोरिसं पि उदकं सण्ठाति, छप्पोरिसं पि उदकं सण्ठाति, पञ्चपोरिसं पि उदकं सण्ठाति, चतुप्पोरिसं पि उदकं सण्ठाति, तिपोरिसं पि उदकं सण्ठाति, द्विपोरिसं पि उदकं सण्ठाति, पोरिसमत्तं पि उदकं सण्ठाति। होति खो सो, आवुसो, समयो यं महासमुद्दे अड्ढ-

---

जान कर वह भिक्षु इस अब्धातु से भी विरक्त हो जाता है। स्वचित्त को इससे दूर हटा लेता है।

८. "आयुष्मानो! एक समय ऐसा आता है जब यह बाहरी अब्धातु प्रकुपित हो उठती है। तब यह गाँव, कस्बे, नगर, जिला, सब प्रदेशों को बहा ले जाती है। और इससे भी आगे बढ़ कर, एक समय ऐसा आता है, जब, महासमुद्र में सौ योजन, दो सौ योजन, तीन सौ योजन, चार सौ योजन, पाँच सौ योजन, छह सौ योजन या सात सौ योजन तक जल भर जाता है। आयुष्मानो! फिर वह भी समय आता है जब महासमुद्र में सात ताल (ताड़ वृक्ष की ऊँचाई का परिमाण) जल रह जाता है, (और कम होते-होते) छह ताल, पाँच ताल, चार ताल, तीन ताल, दो ताल, या कम होते-होते एक ताल भर जल रह जाता है। फिर एक समय ऐसा आता है कि उस अब्धातु के प्रकोप से उस महासमुद्र में सात पोरसा (पुरुष की ऊँचाई का प्रमाण) भर जल रह जाता है, फिर छह पोरसा, पाँच पोरसा, चार पोरसा, तीन पोरसा भर जल रह जाता है। और अन्त में कम होते-होते वहाँ एक पोरसा भर ही जल रह जाता है। एक समय वह भी आ

पोरिसं पि उदकं सण्ठाति, कटिमत्तं पि उदकं सण्ठाति, जाणुकमत्तं पि उदकं सण्ठाति, गोप्फकमत्तं ति उदकं सण्ठाति। होति खो सो, आवुसो, समयो यं महासमुद्दे अङ्गुलिपब्बतेमनमत्तं पि उदकं न होति। तस्सा हि नाम, आवुसो, [R. 188] बाहिराय आपोधातुया ताव महल्लिकाय अनिच्चता पञ्ञायिस्सति, खयधम्मता पञ्ञायिस्सति, वयधम्मता पञ्ञायिस्सति, विपरिणामधम्मता पञ्ञायिस्सति। किं पनिमस्स मत्तट्ठकस्स कायस्स तण्हुपादिन्नस्स 'अहं ति वा ममं ति वा अस्मी ति' वा! अथ खो त्वास्स नोतेवेत्थ होति ··पे० ···तस्स चे, आवुसो, भिक्खुनो एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो उपेक्खा कुसलनिस्सिता सण्ठाति। सो तेन अत्तमनो होति। एत्तावता पि खो, आवुसो, भिक्खुनो बहुकतं होति।

९. "कतमा चावुसो, तेजोधातु? तेजोधातु सिया अज्झत्तिका, सिया बाहिरा। कतमा चावुसो, अज्झत्तिका तेजोधातु? यं अज्झत्तं पच्चत्तं तेजो तेजोगतं उपादिन्नं, सेय्यथीदं—येन च सन्तप्पति, येन च जीरीयति, येन च परिडय्हति, येन च असितपीतखायितसायितं सम्मा परिणामं गच्छति, यं [N. 239] वा पनञ्ञं पि किञ्चि अज्झत्तं पच्चत्तं तेजो तेजोगतं उपादिन्नं—अयं वुच्चतावुसो, अज्झत्तिका तेजोधातु। या चेव खो पन अज्झत्तिका तेजो-

---

जाता है, जब उस महासमुद्र में आधा पोरसा भर मनुष्य की कटि तक जल रह जाता है, फिर गोड़े भर या टखना डूबने भर का जल रह जाता है। और अन्त में वह समय भी आ जाता है जब उसमें अँगुली डूबने भर जल भी न रह जाय। जब इतनी विशाल जलराशि की अनित्यता, क्षयधर्मता, विनाशशीलता और विपरिणामधर्मता स्पष्ट है तो फिर इस क्षुद्रकाय के विषय में जो कि तृष्णामात्र पर ही टिका हुआ है, क्या यह कहा जा सकता है कि 'यह मेरा है, यह मैं हूँ या यह मेरी आत्मा है'? नहीं, इसके विषय में ऐसा कुछ भी नहीं कहा जा सकता। ···पूर्ववत्···। यों, उस भिक्षु की कुशल धर्मोत्पन्न उपेक्षा बुद्ध, धर्म तथा सङ्घ का अनुस्मरण करते हुए स्थिर हो जाती है। तब वह सन्तुष्ट (प्रसन्न) हो उठता है। आयुष्मानो! इससे भी उस भिक्षु का बहुत कुछ काम बना हुआ ही समझो।

९. "आयुष्मानो! तेजोधातु कौन सी है? यह तेजोधातु भी दो प्रकार की होती है। एक आध्यात्मिक और दूसरी बाह्य। आयुष्मानो! आध्यात्मिक तेजोधातु कौन सी होती है? प्रत्येक शरीर में रहने वाला तेज या तेज से उत्पन्न पदार्थ, जिससे ताप होता है, जिससे अन्न जीर्ण होता है, या पेट में खाया-पीया जिससे पचता है, या कोई अन्य ऐसा तेजोमय पदार्थ जो प्रत्येक शरीर में रहता है।

धातु या च बाहिरा तेजोधातु तेजोधातुरेवेसो। 'तं नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा तेजोधातुया निब्बिन्दति, तेजोधातुया चित्तं विराजेति।

१०. "होति खो सो, आवुसो, समयो यं बाहिरा तेजोधातु [B. 246] पकुप्पति। सा गामं पि दहति, निगमं पि दहति, नगरं पि दहति, जनपदं पि दहति, जनपदपदेसं पि दहति। सा हरितन्तं वा पन्थन्तं वा सेलन्तं वा उदकन्तं वा रमणीयं वा भूमिभागं आगम्म अनाहारा निब्बायति। होति खो सो, आवुसो, समयो यं कुक्कुटपत्तेन पि न्हारुदद्दुलेन पि अग्गिं गवेसन्ति। तस्सा हि नाम, आवुसो, बाहिराय तेजोधातुया ताव महल्लिकाय अनिच्चता पञ्ञायिस्सति, खयधम्मता पञ्ञायिस्सति, वयधम्मता पञ्ञायिस्सति, विपरिणामधम्मता पञ्ञायिस्सति। किं पनिमस्स मत्तट्ठकस्स कायस्स तण्हुपादिन्नस्स 'अहं ति वा ममं ति वा अस्मी' ति वा! अथ ख्वास्स नोतेवेत्थ होति ··· पे० ··· तस्स चे, आवुसो, भिक्खुनो एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो

आयुष्मानो! इसे कहते हैं आध्यात्मिक तेजोधातु। यह आध्यात्मिक तेजोधातु या बाह्य तेजोधातु—दोनों ही तेजोधातु कहलाती हैं। वह तेजोधातु भी 'न मेरी है, न मैं इसका हूँ, न यह मेरी आत्मा है'—ऐसा समझना चाहिये। इस तरह इस तेजोधातु के विषय में भी भली भाँति यथार्थतः जान कर, देख कर इसकी वास्तविकता समझते हुए वह आर्यश्रावक एक दिन इस तेजोधातु से भी विरक्त (उपेक्षायुक्त) हो जाता है। इस तेजोधातु से स्वचित्त को दूर कर लेता है।

१०. "आयुष्मानो! एक समय आता है, जब यह बाह्य तेजोधातु (अग्नि) प्रकुपित हो उठती है। तब यह ग्राम, कस्बा, नगर, जिला, प्रदेश—सब कुछ जला कर भस्म कर देती है। अन्त में वह बड़े-बड़े राजमार्गों पर, पहाड़ की चोटियों पर, समुद्रपर्यन्त कुछ भी हरा-भरा न पाकर स्वयं ही शान्त हो जाती है। तब एक समय ऐसा आ जाता है कि लोग इस अग्नि को मुर्गी के पंख जितना या त्वचा के छिलके जितना सा पाने के लिये भी तरस उठते हैं। जब ऐसी उस विशाल धातु की अनित्यता, क्षयस्वभावता, विनाशशीलता या विपरिणामधर्मता स्पष्ट प्रतीत होती है तो इस क्षुद्रकाय के विषय में तृष्णा के सहारे, 'यह मेरी है, मैं इसका हूँ, या यह मेरी आत्मा है'—ऐसी भावना करना उचित होगा?···पूर्ववत्···। आयुष्मानो! इस तरह उस भिक्षु की बुद्धादिक के स्मरण से कुशल धर्मों से सन्निःसृत उपेक्षामय स्मृति स्थिर हो उठती है। इससे वह भिक्षु सन्तुष्ट हो जाता

उपेक्खा कुसलनिस्सिता सण्ठाति, सो तेन अत्तमनो होति। एत्तावता पि खो, आवुसो, भिक्खुनो बहुकतं होति।

११. "कतमा चावुसो वायोधातु ? वायोधातु सिया अज्झत्तिका, सिया बाहिरा। कतमा चावुसो, अज्झत्तिका वायोधातु ? यं अज्झत्तं पच्चत्तं वायो वायोगतं उपादिन्नं, सेय्यथीदं– उद्धङ्गमा वाता, अधोगमा वाता, कुच्छिसया वाता, कोट्ठासया वाता, अङ्गमङ्गानुसारिनो वाता, अस्सासो पस्सासो इति, यं वा पनञ्ञं पि किञ्चि अज्झत्तं पच्चत्तं वायो वायोगतं उपादिन्नं—अयं वुच्चतावुसो, अज्झत्तिका वायोधातु। या चेव खो पन अज्झत्तिका वायोधातु, या च बाहिरा वायोधातु, वायोधातुरेवेसा। 'तं नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मे सो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मपञ्ञाय दट्ठब्बं। एवमेतं [N. 240] यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा वायोधातुया निब्बिन्दति वायोधातुया चित्तं विराजेति।

[R. 189] १२. "होति खो सो, आवुसो, समयो यं बाहिरा वायोधातु पकुप्पति। सा गामं पि वहति, निगमं पि वहति, नगरं पि वहति, जनपदं पि वहति, जनपदपदेसं पि वहति। होति खो सो, आवुसो,

---

है। इससे भी आयुष्मानो ! उस भिक्षु का इस आध्यात्मिक मार्ग में बहुत कुछ कार्य सम्पन्न हुआ ही समझो।

११. "आयुष्मानो ! वायुधातु कौन सी है ? यह वायुधातु भी आध्यात्मिक एवं बाह्य भेद से दो ही प्रकार की है। इनमें आध्यात्मिक वायुधातु कौन सी है ? यह जो प्रत्येक शरीर के अन्दर वायु या वायुधातुसम्पृक्तपदार्थ, जैसे—ऊर्ध्वगामी-वायु, अधोगामीवायु, उदरगतवायु, कोष्ठगतवायु, अङ्ग-प्रत्यङ्ग में रक्त बहाने वाली वायु, श्वास, प्रश्वास, ये या ऐसी ही अन्य प्रत्येक शरीर के अन्दर रहने वाली वायु या वायुसम्पृक्तपदार्थ—ये सब आयुष्मानो ! 'आध्यात्मिक वायुधातु' कहलाते हैं। और यह जो आध्यात्मिक वायुधातु है, या जो बाह्य वायुधातु है—सभी 'वायुधातु' ही कहलाती है। उसे वायुधातु के विषय में 'न मेरी है, न यह मैं हूँ, न यह मेरी आत्मा है'—ऐसा यथार्थतः, भली भांति जान लेना चाहिये। इस तरह भली भांति जानकर वह भिक्षु कुछ समय बाद उस वायुधातु से निर्वेद (ग्लानि) करने लगेगा, और इस निर्वेद के कारण चित्त वायुधातु की भी उपेक्षा करने लगेगा।

१२. "आयुष्मानो ! एक समय आता है, जब यह बाह्य वायुधातु प्रकुपित हो उठती है। यों वह प्रकुपित होकर ग्रामों, उपनगरों, नगरों, जिलों व बड़े-बड़े

समयो यं गिम्हानं पच्छिमे मासे तालवण्टेन पि विधूपनेन पि वातं परियेसन्ति, ओस्सवने पि तिणानि न इञ्जन्ति। तस्मा हि नाम, [B. 247] आवुसो, बाहिराय वायोधातुया ताव महल्लिकाय अनिच्चता पञ्ञायिस्सति, खयधम्मता पञ्ञायिस्सति, वयधम्मता पञ्ञायिस्यति, विपरिणामधम्मता पञ्ञायिस्सति। किं पनिमस्स मत्तट्ठकस्स कायस्स तण्हुपादिन्नस्स 'अहं ति वा ममं ति वा अस्मी' ति वा! अथ खो नोतेवेत्थ होति।

"तं चे, आवुसो, भिक्खुं परे अक्कोसन्ति···पे० तस्स चे, [B. 248] आवुसो, भिक्खुनो एवं बुद्धं अनुस्सरतो एवं धम्मं अनुस्सरतो एवं सङ्घं अनुस्सरतो उपेक्खा कुसलनिस्सिता सण्ठाति, सो तेन अत्तमनो होति। एत्तावता पि खो, आवुसो, भिक्खुनो बहुकतं होति।

१३. "सेय्यथापि, आवुसो, कट्ठं च पटिच्च वल्लिं च पटिच्च तिणं च पटिच्च मत्तिकं च पटिच्च आकासो परिवारितो अगारं त्वेव सङ्खं गच्छति; एवमेव खो, आवुसो, अट्ठिं च पटिच्च न्हारुं च पटिच्च मंसं च पटिच्च चम्मं च पटिच्च आकासो परिवारितो रूपं त्वेव सङ्खं गच्छति। अज्झत्तिकं चेव, आवुसो, चक्खुं अपरिभिन्नं होति, बाहिरा च रूपा न आपाथं आगच्छन्ति, नो च तज्जो समन्नाहारो होति, नेव ताव तज्जस्स विञ्ञाणभागस्स पातुभावो होति। अज्झत्तिकं चेव, आवुसो,

---

प्रदेशों को उड़ा ले जाती है। आयुष्मानो! फिर वह समय भी आ पहुँचता है जब ग्रीष्म ऋतु में भी लोग पंखे की हवा के लिये तरस उठते हैं, प्रयास करने पर भी पत्ते नहीं हिलते। आयुष्मानो! जब इस वायुधातु का यह हाल है कि वह भी एक दिन क्षय, विनाश, विपरिणामधर्म को प्राप्त हो जाती है। तो क्या इस क्षुद्रकाय के लिये जो कि एकान्ततः हमारी तृष्णा पर टिका हुआ है 'यह मेरा है, यह मैं हूँ, यह मेरी आत्मा है'—सोचना उचित होगा! ऐसी बात कैसे हो सकती है। (अर्थात् इस क्षुद्र, विनश्वर काय में नित्यता कैसे रहेगी!) ···पूर्ववत्···।

१३. "आयुष्मानो! जैसे सूने आकाश में काष्ठ, बल्ली, तृणपुञ्ज और मिट्टी के सहारे बनाया हुआ वृत्त घर कहलाता है, वैसे ही यह अस्थि, स्नायु, मांस और चर्म के सहारे शून्य आकाश को घेरकर बना हुआ शरीर 'रूप' कहलाता है। आध्यात्मिक शरीर में चक्षुरिन्द्रिय अविकृत ही होती है, परन्तु बाह्य पदार्थ उसके सामने नहीं आ पाते तो उससे मनस्कारपूर्वक विषयज्ञान उत्पन्न नहीं हो पाता, और न तज्जन्य विज्ञान भाग ही प्रादुर्भूत होता है। और जब आयुष्मानो!

चक्खुं अपरिभिन्नं होति बाहिरा च रूपा आपाथं आगच्छन्ति, नो च तज्जो समन्नाहारो होति, नेव ताव तज्जस्स विञ्ञाणभागस्स पातुभावो होति। यतो च खो, आवुसो, अज्झत्तिकं चेव चक्खुं अपरिभिन्नं होति, बाहिरा च रूपा आपाथं आगच्छन्ति, तज्जो च समन्नाहारो होति, तज्जस्स विञ्ञाणभागस्स पातुभावो होति। यं तथाभूतस्स रूपं तं रूपुपादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छति, या तथाभूतस्स वेदना सा वेदनुपादान-[N. 241] क्खन्धे सङ्गहं गच्छति, या तथाभूतस्स सञ्ञा सा सञ्ञुपादान-क्खन्धे सङ्गहं गच्छति, ये तथाभूतस्स सङ्खारा ते सङ्खारुपादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छन्ति, यं तथाभूतस्स विञ्ञाणं तं विञ्ञाणुपादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छति।

३. दुक्खसमुदयो

१४. "सो एवं पजानाति—'एवं हि किर इमेसं पञ्चन्नं उपादानक्ख-न्धानं सङ्गहो सन्निपातो समवायो होति। वुत्तं खो पनेतं भगवता—यो पटि-[R. 191] च्चसमुप्पादं पस्सति सो धम्मं पस्सति; यो धम्मं पस्सति सो पटिच्चसमुप्पादं पस्सती' ति। पटिच्चसमुप्पन्ना खो पनिमे यदिदं पञ्चु-[B. 249] पादानक्खन्धा। यो इमेसु पञ्चसु उपादानक्खन्धेसु छन्दो आलयो

आध्यात्मिक चक्षुरिन्द्रिय अविकृत होती है तथा बाह्यरूप उसके सामने आते हैं तो मनस्कारपूर्वक विषयज्ञान उत्पन्न होता है और तभी तज्जन्य विज्ञानभाग प्रादुर्भूत हो पाता है। यह मिलकर 'रूप' या 'रूपोपादानस्कन्ध' कहलाता है। इसी तरह उस शरीर की वेदना 'वेदनोपादानस्कन्ध' कहलाती है, संज्ञा 'संज्ञोपादानस्कन्ध' कहलाती है, संस्कार 'संस्कारोपादानस्कन्ध' कहलाते हैं और विज्ञान 'विज्ञानोपादानस्कन्ध' कहलाता है।

३. दुःखसमुदय

१४. "इस तरह वह आर्यश्रावक जान लेता है—'इन पाँचों उपादानस्कन्धों का इकट्ठा होना (संग्रह, सन्निपात) या समवाय (समूह) कैसे बनता है! इसी सन्दर्भ में भगवान् ने भी कहा है—जो प्रतीत्यसमुत्पाद सिद्धान्त को समझ चुका है वह धर्म (स्कन्धों के स्वभाव) को भी जानता है, और जो इन धर्मों को जान लेता है, वह प्रतीत्यसमुत्पाद को समझने में देर नहीं लगाता, क्योंकि ये पाँचों उपादानस्कन्ध प्रतीत्यसमुत्पन्न ही हैं। जो इन पाँचों उपादानों में स्वेच्छाचार है, राग है, इन्हें पाने की चाह है, इनके लिये अध्यवसाय है वही 'दुक्खसमुदय' कहलाता है। और जो इन पाँचों उपादानस्कन्धों में स्वेच्छाचार से दूर रहना

अनुनयो अज्झोसानं सो दुक्खसमुदयो। यो इमेसु पञ्चसु उपादानक्खन्धेसु छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, सो दुक्खनिरोधो' ति। एत्तावता पि खो, आवुसो, भिक्खुनो बहुकतं होति।

१५. "अज्झत्तिकं चेव, आवुसो, सोतं अपरिभिन्नं होति···पे०··· घानं अपरिभिन्नं होति···जिव्हा अपरिभिन्ना होति···कायो अपरिभिन्नो होति···मनो अपरिभिन्नो होति, बाहिरा च धम्मा न आपाथं आगच्छन्ति नो च तज्जो समन्नाहारो होति, नेव ताव तज्जस्स विञ्ञाणभागस्स पातुभावो होति। अज्झत्तिको च, आवुसो, मनो अपरिभिन्नो होति, बाहिरा च धम्मा आपाथं आगच्छन्ति, नो च तज्जो समन्नाहारो होति, नेव ताव तज्जस्स विञ्ञाणभागस्स पातुभावो होति। यतो च खो, आवुसो, अज्झत्तिको चेव मनो अपरिभिन्नो होति, बाहिरा च धम्मा आपाथं आगच्छन्ति, तज्जो च समन्नाहारो होति, एवं तज्जस्स विञ्ञाणभागस्स पातुभावो होति। यं तथाभूतस्स रूपं तं रूपुपादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छति, या तथाभूतस्स वेदना सा वेदनुपादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छति, या तथाभूतस्स सञ्ञा सा सञ्ञुपादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छति, ये तथाभूतस्स सङ्खारा ते सङ्खारुपादानक्खधे सङ्गहं गच्छन्ति, यं तथाभूतस्स विञ्ञाणं तं विञ्ञाणु-

---

है, इनके विनाश के लिये प्रयत्न है, वह 'दुःखनिरोध' कहलाता है। इस जानकारी से भी उस जिज्ञासु आर्यश्रावक का बहुत कुछ भला ही होना है।

[यहाँ तक 'रूप' का वर्णन कर चुके, अब 'शब्द' आदि का निरूपण कर रहे हैं—]

१५. "आयुष्मानो ! उस समय आध्यात्मिक श्रोत्रेन्द्रिय अविकृत होती है,··· घ्राणेन्द्रिय अविकृत होती है,··· जिह्वेन्द्रिय अविकृत होती है,···कायेन्द्रिय अविकृत होती है,····मन इन्द्रिय भी अविकृत होती है, परन्तु उस समय बाह्य विषय उससे सम्पृक्त नहीं हो पाते, अतः तज्जन्य विषयज्ञान नहीं हो पाता, और न तज्जन्य विज्ञान ही उत्पन्न हो पाता है। आयुष्मानो ! आध्यात्मिक मन के अविकृत होते हुए भी, बाह्य धर्म उसके सामने न आ पाने के कारण, तज्जन्य विषयज्ञान तथा विज्ञान उत्पन्न नहीं होता। और जब आयुष्मानो ! आध्यात्मिक मन अविकृत होता है एवं बाह्यधर्म उसके सम्पर्क में आते हैं तो तज्जन्य विषयज्ञान हो जाता है और तज्जन्य विज्ञान भी उत्पन्न हो जाता है। उस समय वह विषय सम्पर्क तथाभूत रूप या रूपोपादानसंग्रह, या तथाभूत वेदना, संज्ञा, संस्कार एवं विज्ञान का सम्पर्क विज्ञानोपादानस्कन्ध कहलाता है। उस समय

पादानक्खन्धे सङ्गहं गच्छति। सो एवं पजानाति 'एवं हि किर इमेसं पञ्चन्नं उपादानक्खन्धानं सङ्गहो सन्निपातो समवायो होति। वुत्तं खो पनेतं भगवता यो पटिच्चसमुप्पादं पस्सति सो धम्मं पस्सति; यो धम्मं पस्सति सो पटिच्चसमुप्पादं पस्सती' ति। पटिच्चसमुप्पन्ना खो पनिमे [N. 242] यदिदं पञ्चुपादानक्खन्धा। यो इमेसु पञ्चसु उपादानक्खन्धेसु छन्दो आलयो अनुनयो अज्झोसानं सो दुक्खसमुदयो।

४. दुक्खनिरोधो

१६. '"यो इमेसु पञ्चसु उपादानक्खन्धेसु छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं सो दुक्खनिरोधो' ति—एत्तावता पि खो, आवुसो, भिक्खुनो बहुकतं होती" ति।

१७ इदमवोच आयस्मा सारिपुत्तो। अत्तमना ते भिक्खू आयस्मतो सारिपुत्तस्स भासितं अभिनन्दुं ति।

उसके यह समझ में आ जाता है—'कैसे इन पाँचों उपादानस्कन्धों का संग्रह या सन्निपात होता है। भगवान् के इस वचन का मर्म भी उसके समझ में आ जाता है कि जो प्रतीत्यसमुत्पाद का ज्ञाता है वही धर्मों का ज्ञान प्राप्त कर सकता है, और धर्मों के समवाय का ज्ञाता ही प्रतीत्यसमुत्पाद का मर्म (तथ्य) समझ पाता है। ये प्रतीत्यसमुत्पन्न धर्म ही पाँच उपादानस्कन्ध कहलाते हैं। और जो इन पाँचों उपादानस्कन्धों के आधार पर स्वेच्छाचार, राग, तृष्णा या अध्यवसाय (प्रवृत्ति) है, वही 'दुःखसमुदय' है।

४. दुःखनिरोध

१६. '"जो इन पाँचों उपादानस्कन्धों को लेकर यथेच्छ उपयोग, राग, तृष्णा या इनमें प्रवृत्ति का नाश है, दूर हटाना है वही 'दुःखनिरोध' कहलाता है'। आयुष्मानो ! इस ज्ञान से भी उक्त आर्यश्रावक का बहुत हित सम्पन्न होता है।"

१७. आयुष्मान् शारिपुत्र ने यह कहा। इससे सन्तुष्ट भिक्षुओं ने आयुष्मान् शारिपुत्र का अनुमोदन किया॥

महाहत्थिपदोपमसुत्त समाप्त॥

२९. महासारोपमसुत्तं

१. लाभसक्कारसिलोका साखापलासूपमा [N. 243]

१. एवं मे सुतं । एकं समयं भगवा राजगहे विहरति [B 250, R. 192] गिज्झकूटे पब्बते, अचिरपक्कन्ते देवदत्ते । तत्र खो भगवा देवदत्तं आरब्भ भिक्खू आमन्तेसि—

"इध, भिक्खवे, एकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—'ओतिण्णोम्हि जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, दुक्खोतिण्णो दुक्खपरेतो, अप्पेव नाम इमस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स अन्तकिरिया पञ्ञायेथा' ति । सो एवं पब्बजितो समानो लाभसक्कारसिलोकं अभिनिब्बत्तेति । सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन अत्तमनो होति परिपुण्णसङ्कप्पो । सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन अत्तानुक्कंसेति परं वम्भेति—'अहमस्मि लाभसक्कारसिलोकवा, इमे पनञ्ञे भिक्खू अप्पञ्ञाता अप्पेसक्खा' ति । सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति ।

२. "सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं

---

२९. महासारोपमसूत्र

१. लौकिक लाभसत्कार शाखा-पलाशसम

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय, जब कि देवदत्त को सङ्घ से निकाले कुछ ही दिन बीते थे, भगवान् (बुद्ध) राजगृह के (समीप) गृध्रकूट पर्वत पर विहार कर रहे थे । वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को देवदत्त के विषय में यों सम्बोधित किया—

"भिक्षुओ ! कोई कुलपुत्र श्रद्धावश घर छोड़ यों सोच कर संन्यासी होता है—'अरे ! यह मैं इस संसार में जन्म, जरा, मृत्यु, शोक-परिदेव, आदि कष्टदायक दुःखों और परेशानियों से घिरा हुआ हूँ, किसी तरह इस ऐकान्तिक दुःखसमूह से छुटकारा पा जाऊँ' । वह इस प्रकार प्रव्रजित हो कुछ समय बाद ही लोक में मान, सम्मान और प्रशंसा पाने लगता है । वह इस लाभ-सत्कार से सन्तुष्ट हो अपने आप को कृतकृत्य समझने लगता है । और इस लाभसत्कार प्राप्ति के कारण स्वयं को लोगों से ऊँचा समझने लगता है, और ऐसी दम्भपूर्ण बातें बोलने लगता है—'मैं भाग्यवान् हूँ कि मुझे ही इतना लाभ-सत्कार और यश मिल रहा है, ये अन्य भिक्षु तो मुझ से अल्पज्ञ और शक्तिहीन हैं' । वह इस लाभ-सत्कार-यश को पाकर उन्मत हो जाता है, प्रमादी हो जाता है । यों वह प्रमादी हो, अन्ततः दुःखार्णव में डूब जाता है ।

२. "भिक्षुओ ! जैसे कोई सार (दृढ़काष्ठ) चाहने वाला, सार की खोज में

चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं अतिक्कम्म तचं अतिक्कम्म पपटिकं, साखापलासं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो अञ्ञासि सारं, न अञ्ञासि फेग्गुं, न अञ्ञासि तचं, न अञ्ञासि पपटिकं, न अञ्ञासि साखापलासं। तथा हयं भवं पुरिसो सारत्थिको सारगवेसो सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं अतिक्कम्म पपटिकं, साखापलासं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

[N. 244, B. 251, R. 193] ३. "एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—ओतिण्णोम्हि जातिया....पे.... सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु साखापलासं अग्गहेसि ब्रह्मचरियस्स; तेन च वोसानं आपादि।

२. सीलसम्पदा पपटिकूपमा

४. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—'ओतिण्णोम्हि जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, दुक्खोतिण्णो दुक्खपरेतो, अप्पेव नाम इमस्स

निकला पुरुष किसी सारमय विशाल वृक्ष के पास जाकर उस के सार की उपेक्षा कर उसकी शाखा, पत्र, कोंपल या उसके शूल को ही 'सार' समझ कर उन्हें ही तोड़ कर ले जाय। समझदार आदमी देखकर उसे यह कहे—'अरे भाई! तुम तो 'सार' के बारे में कुछ भी नहीं जानते, न शाखा, पत्र, कोंपल (पलाश) या त्वचा के विषय में कुछ जानते हो, तभी तो तुम दृढ़काष्ठ की खोज में निकले, सही जगह पहुँच भी गये, पर वहाँ से, अपने अज्ञान के कारण, दृढकाष्ठ न लाकर उसके शाखापलाश तोड़ कर ले आये। अब तो तुम्हारा दृढकाष्ठ से जो काम होना था, वह पूरा नहीं हो पायगा।

३. "इसी तरह, भिक्षुओ! कोई कुलपुत्र श्रद्धावश घर-द्वार छोड़ प्रव्रजित होता है....यों वह प्रमादी हो, अन्ततः दुःखार्णव मे डूब जाता है। भिक्षुओ! इसे कहते हैं किसी धर्म-विनय का शाखा-पलाश के ग्रहणतुल्य आचरण कर, उसी में पूर्णता मानना।

२. पर्पटिका ग्रहण करने वाले का दृष्टान्त

४. "और भिक्षुओ! जैसे कोई कुलपुत्र श्रद्धावशात् घर से बेघर हो इसलिये प्रव्रजित हो जाय—'मैं इस सांसारिक जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दोर्मनस्य आदि दुःखस्कन्ध से पूर्णतः छुटकारा पा जाऊँ'। वह इस तरह प्रव्रजित हो, कुछ

केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स अन्तकिरिया पञ्ञायेथा' ति। सो एवं पब्बजितो समानो लाभसक्कारसिलोकं अभिनिब्बत्तेति। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न अत्तमनो होति न परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न अत्तानुक्कंसेति, न परं वम्भेति। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति। अप्पमत्तो समानो सीलसम्पदं आराधेति। सो ताय सीलसम्पदाय अत्तमनो होति परिपुण्णसङ्कप्पो। सो ताय सीलसम्पदाय अत्तानुक्कंसेति परं वम्भेति—'अहमस्मि सीलवा कल्याणधम्मो, इमे पनञ्ञे भिक्खू दुस्सीला पापधम्मा' ति। सो ताय सीलसम्पदाय मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति।

५. "सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं अतिक्कम्म तचं, पपटिकं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो अञ्ञासि सारं, न अञ्ञासि फेग्गुं, न अञ्ञासि तचं, न अञ्ञासि पपटिकं, न अञ्ञासि साखापलासं। तथा हयं भवं पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं [B.252] अतिक्कम्म तचं, पपटिकं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो; यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

समय बाद, इस प्रव्रज्या से लोक में विशेष लाभ-सत्कार-यश प्राप्त करना प्रारम्भ कर दे। परन्तु वह इस लाभसत्कार या यश से न प्रसन्न हो और न स्वयं को कृतकृत्य ही माने। वह इस लाभादि से न तो स्वयं गर्व करे, न इस कारण अन्य भिक्षु को हेय दृष्टि से देखे। वह प्रमादरहित हो, अपने शील सदाचार का साधना द्वारा आवर्जन (संग्रह) करे। वह अपनी उस शीलसम्पत्ति से प्रसन्न हो, अपने को कृतकृत्य माने। उस से स्वयं को ऊँचा समझने लगे और अन्य भिक्षुओं का अपमान करने लगे कि ये मेरे से हीनवीर्य हैं। उसे अपने विषय में गर्व होने लगे—'मैं इन से अधिक शीलवान् एवं कल्याण धर्मा हूँ, ये भिक्षु मेरी अपेक्षा दुःशील एवं पापधर्मा हैं'। वह अपनी उस शीलसम्पत्ति के कारण अपने में प्रमाद अनुभव करने लगे, प्रमत्त होकर दुःखौघ में डूबने उतराने लगे।

५. "भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष किसी वृक्ष का सार खोजता हुआ (जंगल में) किसी सारवान् वृक्ष के पास जा कर, उसके सार, उस के फल्गु (= कोमलकाष्ठ) और त्वचा को छोड़कर उसकी पपड़ी को ही, 'सार' समझ, उसे लेकर चला आये।.... पूर्ववत्...तो उसका सार से पूरा होने वाला कार्य कभी पूर्ण नहीं होगा।

६. "एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—ओतिण्णोम्हि जातिया····पे····सो ताय सीलसम्पदाय मज्जति [N. 245] पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति। [R. 194] अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु पपटिकं अग्गहेसि ब्रह्मचरियस्स; तेन च वोसानं आपादि।

३. समाधिसम्पदा तच्चूपमा

७. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—ओतिण्णोम्हि जातिया····पे०····अप्पमत्तो समानो सीलसम्पदं आराधेति। सो ताय सीलसम्पदाय अत्तमनो होति, नो च परिपुण्णसङ्कप्पो। सो ताय सीलसम्पदाय न अत्तानुक्कंसेति न परं वम्भेति। सो ताय सीलसम्पदाय न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति। अप्पमत्तो समानो समाधिसम्पदं [B 253] आराधेति। सो ताय समाधिसम्पदाय अत्तमनो होति परिपुण्ण-सङ्कप्पो। सो ताय समाधिसम्पदाय अत्तानुक्कंसेति परं वम्भेति—'अहमस्मि समाहितो एकग्गचित्तो, इमे पनञ्ञे भिक्खू असमाहिता विब्भन्तचित्ता' ति। सो ताय समाधिसम्पदाय मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति।

८. "सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं

---

६. "भिक्षुओ! इसी तरह, कोई कुलपुत्र श्रद्धावशात्····प्रमत्त होकर दुःखोघ में डूबने उतराने लगे। भिक्षुओ! इसे कहा जायगा कि उस भिक्षु ने इस धर्म की पर्पटिका-मात्र ग्रहण की है, धर्म की वास्तविकता को वह नहीं पा सका।

३. इस धर्म में 'समाधि' तक पहुँचना त्वचाप्राप्ति के समान

७. "भिक्षुओ! यहाँ कोई कुलपुत्र श्रद्धावश····शीलसम्पत्ति की साधना करे। वह इस शीलसम्पत्तिप्राप्ति से प्रसन्न तो होता रहे, परन्तु अपने को कृतकृत्य न माने। तब वह उसे पा कर न तो स्वयं गर्व करे, न अन्य भिक्षुओं को ही अपने से हीन समझे। अपितु उससे अप्रमत्त रहता हुआ स्वयं में समाधिसम्पत्ति का आवर्जन करे। उस समाधिसम्पत्ति को पाकर वह सन्तुष्ट हो जाय और अपने में गर्व करने लगे—'मैं अन्य भिक्षुओं से उच्च हूँ। क्योंकि ये अन्य भिक्षु मेरी तरह समाधिसम्पन्न नहीं हैं'। वह उस समाधिसम्पत्ति के गर्व से प्रमत्त हो दुःखोघ में डूबता-उतराता रहता है।

८. "भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष सार को खोजता हुआ जंगल में जाय····वृक्ष की

तचं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो; यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती ति।

९. "एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—ओतिण्णोम्हि जातिया····पे०····सो ताय [B. 254] समाधिसम्पदाय मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति. पमत्तो समानो दुक्खं विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु तचं अग्गहेसि ब्रह्म- [R. 195] चरियस्स; तेन च वोसानं आपादि।

४. ञाणदस्सनं फेग्गूपमं

१०. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति–ओतिण्णोम्हि जातिया····पे०····अप्पमत्तो समानो समाधिसम्पदं आराधेति। सो ताय समाधिसम्पदाय अत्तमनो होति, नो च खो परिपुण्णसङ्कप्पो। सो ताय समाधिसम्पदाय न अत्तानुक्कंसेति, न परं वम्भेति। सा ताय समाधिसम्पदाय न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति, [N. 246] अप्पमत्तो समानो ञाणदस्सनं आराधेति। सो तेन ञाणदस्सनेन अत्तमनो होति परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन ञाणदस्सनेन अत्तानुक्कंसेति परं वम्भेति—'अहमस्मि जानं पस्सं विहरामि। इमे पनञ्ञे भिक्खू अजानं अपस्सं विहरन्ती' ति। सो तेन ञाणदस्सनेन मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति।

छाल को ही 'सार' समझ कर ले आये····पर इससे तुम्हारा सार से सम्पन्न होने वाला कार्य तो पूरा होगा नहीं।

९. 'इसी तरह भिक्षुओ! जो कुलपुत्र श्रद्धावश····समाधिसम्पति को ही इस धर्मविनय की 'इतिश्री' मान बैठता है वह मानो वृक्ष की त्वचा का ही ग्रहण कर पाया है, 'सार' उसके हाथ नहीं लगा। इसे कहते हैं—उसने इस धर्मविनय का त्वग्मात्रग्रहण किया है, वह इस धर्मविनय के वास्तविकतत्व तक नहीं पहुँच पाया।

४. इस धर्मविनय में ज्ञान का साक्षात्कार फेग्गु के समान है

१०. "भिक्षुओ! यहाँ कोई कुलपुत्र श्रद्धावश····समाधिसम्पति को प्राप्त कर भी अपने को कृतकृत्य न माने, न गर्व करे, न दूसरों का अपमान करे। वह सावधान हो समाधिसम्पत्ति से आगे बढ़ता हुआ इस धर्मविनय के अनुसार ज्ञानदर्शन का साक्षात्कार करे। वह इस ज्ञानदर्शन का साक्षात्कार कर, सन्तुष्ट हो गर्व करने लगे, दूसरों की अवमानना करने लगे—'ये मेरे से हीन हैं, क्योंकि इन्होंने इस धर्मविनय का ज्ञानदर्शन

११. "सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं फेग्गुं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो अञ्ञासि सारं न अञ्ञासि फेग्गुं न अञ्ञासि तचं न अञ्ञासि पपटिकं न अञ्ञासि साखापलास। तथा हयं भवं पुरिसो [B. 255] सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं फेग्गुं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

[R. 196] १२. "एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—ओतिणोम्हि जातिया····पे०····सो तेन ञाणदस्सनेन मज्जति पमज्जति पमादं आपज्जति, पमत्तो समानो दुक्खं विहरति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु फेग्गुं अग्गहेसि ब्रह्मचरियस्स; तेन च वोसानं आपादि।

५. असमयविमोक्खो त्वेव ब्रह्मचरियस्स सारं

१३. "इध पन, भिक्खवे, एकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—'ओतिण्णोम्हि जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, दुक्खोतिण्णो दुक्खपरेतो, अप्पेव नाम इमस्स

साक्षात् नहीं किया है। इसे तो मैं ही साक्षात् कर पाया हूँ'। वह भी इस ज्ञानदर्शन प्राप्ति से प्रमत्त होकर दुःखार्णव में डूबता-उतराता रहता है।

११. "भिक्षुओ! जैसे कोई आदमी सार खोजता हुआ····फल्गु को ही 'सार' समझ कर ले आये। उस को कोई बुद्धिमान् आदमी समझाये—'तुम ने 'सार' की जगह फल्गु ले आने की भूल कर दी है। तुम फल्गु और 'सार' में अन्तर ही नहीं समझते। तुम इस वृक्ष के शाखादि अवयवों के विषय में कुछ नहीं जानते। इस से तुम्हारा सार से होने वाला कार्य सम्पन्न नहीं हो पायेगा'।

१२. "इसी तरह भिक्षुओ! यहाँ कोई कुलपुत्र····ज्ञानदर्शन की प्राप्ति के गर्व में प्रमत्त हो दुःख ही पाता है। भिक्षुओ! इसे कहते हैं—इस धर्मविनय में सार की जगह फल्गु लाकर ही कर्तव्य पूर्णता समझ बैठना। इससे वैसा कुलपुत्र कष्ट ही पाता है।

५. असमयविमोक्ष ही इस धर्मविनय का सार है

१३. "भिक्षुओ! यहाँ कोई कुलपुत्र श्रद्धावश···· वह प्रव्रजित हो कर लोक में

केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स अन्तकिरिया पञ्ञायेथा' ति। सो एवं पब्बजितो समानो लाभसक्कारसिलोकं अभिनिब्बत्तेति। सो तेन लाभसक्कार- [B. 256] सिलोकेन न अत्तमनो होति, न परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न अत्तानुक्कंसेति, न परं वम्भेति। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति, अप्पमत्तो समानो सीलसम्पदं आराधेति। सो ताय सीलसम्पदाय अत्तमनो होति, नो च खो परिपुण्णसङ्कप्पो। सो ताय सीलसम्पदाय न अत्तानुक्कंसेति न परं वम्भेति। सो ताय सील- [N.247] सम्पदाय न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति, अप्पमत्तो समानो समाधिसम्पदं आराधेति। सो ताय समाधिसम्पदाय अत्तमनो होति, नो च खो परिपुण्णसङ्कप्पो। सो ताय समाधिसम्पदाय न अत्तानुक्कंसेति, न परं वम्भेति। सो ताय समाधिसम्पदाय न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति। अप्पमत्तो समानो ञाणदस्सनं आराधेति। सो तेन ञाणदस्सनेन अत्तमनो होति, नो च खो परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन ञाणदस्सनेन न अत्तानुक्कंसेति न परं वम्भेति। सो तेन ञाणदस्सनेन न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति, अप्पमत्तो समानो असमयविमोक्खं आराधेति। अट्ठानमेतं, भिक्खवे, अनवकासो यं सो भिक्खु ताय असमयविमुत्तिया परिहायेथ।

१४. "सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो सारं येव छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति जानमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'अञ्ञासि

लाभ-सत्कार-श्लोक अपेक्षाकृत अधिक पाने लगे। उससे प्रमत्त न होकर आगे शील-सम्पदा की प्राप्ति के लिए प्रयास करे। उसे प्राप्त कर सन्तुष्ट तो हो, परन्तु गर्व न करे। और अपने को कृतकृत्य न मानकर....आगे समाधिसम्पदा के लिये प्रयास करे। इस सम्पदा को पा कर भी वह सन्तुष्ट हो पर किसी तरह का गर्व न करे, और अपने को पूर्ण-संकल्प न समझ कर आगे ज्ञानदर्शन साक्षात्कार हेतु प्रयत्न करने लगे। उस ज्ञानदर्शन को साक्षात् करके सन्तुष्ट होकर भी वह दूसरे भिक्षुओं का, अपनी उस विशेषता के कारण, अपमान नहीं करता, न किसी प्रकार का गर्व अनुभव कर अपने को कृतकृत्य समझने लगता है। अपितु सावधानी से साधना में आगे बढ़ता हुआ वह असमयविमोक्ष (समय सीमा में न बँधे हुए एकान्त निर्वाण) की साधना करता है। भिक्षुओ ! यह सम्भव नहीं हैं कि इस आराधक भिक्षु की उस असमयविमुक्ति से किसी प्रकार की हानि हो सके।

१४. "भिक्षुओ ! जैसे कोई सुदृढ़काष्ठ चाहने वाला पुरुष उसे खोजता हुआ जङ्गल में किसी ऊँचे विशाल वृक्ष के नीचे जाय और वहाँ से वह सुदृढ़काष्ठ को सुदृढ़काष्ठ

वतायं भवं पुरिसो सारं, अञ्ञासि फेग्गुं, अञ्ञासि तचं, अञ्ञासि पपटिकं, अञ्ञासि साखापलासं। तथा हयं भवं पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो सारं येव छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति जानमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं अनुभविस्सती' ति।

[R. 197]

१५. "एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो कुलपुत्तो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—ओतिण्णोम्हि जातिया....पे०....सो तेन ञाणदस्सनेन न मज्जति न पमज्जति न पमादं आपज्जति, अप्पमत्तो समानो असमयविमोक्खं आराधेति। अट्ठानमेतं, भिक्खवे, अनवकासो यं सो भिक्खू ताय असमयविमुत्तिया परिहायेथ।

[B. 257]

१६. "इति खो, भिक्खवे, नयिदं ब्रह्मचरियं लाभसक्कारसिलोकानिसंसं, न सीलसम्पदानिसंसं, न समाधिसम्पदानिसंसं, न ञाणदस्सनानिसंसं। या च खो अयं, भिक्खवे, अकुप्पा चेतोविमुत्ति—एतदत्थमिदं, भिक्खवे, ब्रह्मचरियं, एतं सारं एतं परियोसानं" ति।

१७. इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति।

समझता हुआ काट कर ले आये। उसे कोई समझदार आदमी देखकर यों कहें—'अरे भाई! तुम तो सुदृढ़काष्ठ' और उस का निःसार भाग और शाखा-पलाश को भी पहचानते हो। इसीलिये तुम सुदृढ़काष्ठ खोजते हुये उसे ही ले आये, शाखा या पपड़ी-पलाश नहीं। इस तरह उस पुरुष का सुदृढ़काष्ठ से कार्य भी पूर्ण होगा, और वह कृतकृत्य भी होगा।

१५. "इसी तरह भिक्षुओ! कोई कुलपुत्र श्रद्धावश ..वह उस ज्ञानदर्शन से प्रमत्त न हो और अप्रमत्त रहता हुआ असमयविमोक्ष की साधना करे। भिक्षुओ! यह असम्भव है कि उसकी असमयविमुक्ति किसी प्रकार से क्षीण हो जाय।

१६. "इसी तरह भिक्षुओ! यह भिक्षुधर्म (ब्रह्मचर्यवास) लोक में क्षुद्र लाभ-सत्कार-श्लोकादि के लिये नहीं है, न शीलसम्पदाप्राप्तिमात्र के लिये, और न समाधि सम्पदाप्राप्ति के लिये ही या न केवल ज्ञान के साक्षात्कार के लिये। अपितु कदापि न च्युत होनेवाली चेतोविमुक्ति की प्राप्ति के लिये यह समग्र उद्योग है। यही 'सार' (तत्त्व) है यही इस साधना का अन्तिम लक्ष्य है।"

१७. भगवान् ने उन भिक्षुओं को यों उपदेश किया। सन्तुष्ट हो उन भिक्षुओं ने भगवान् के इस कथन का अभिनन्दन किया॥

महासारोपमसूत्र समाप्त॥

३०. चूळसारोपमसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं [N. 248, R. 198] विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो पिङ्गलकोच्छो [B. 258] ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयम् कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो पिङ्गलकोच्छो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"येमे, भो गोतम, समण-ब्राह्मणा सङ्घिनो गणिनो गणाचरिया ञाता यसस्सिनो तित्थकरा साधुसम्मत, बहुजनस्स, सेय्यथीदं—पूरणो कस्सपो, मक्खलि गोसालो, अजितो केसकम्बलो, पकुधो कच्चायनो, सञ्जयो वेलट्ठिपुत्तो, निगण्ठो नाटपुत्तो, सब्बेते सकाय पटिञ्ञाय अब्भञ्ञंसु सब्बेव नाब्भञ्ञंसु, उदाहु एकच्चे अब्भञ्ञंसु एकच्चे नाब्भञ्ञंसू" ति ?

"अलं, ब्राह्मण, तिट्ठतेतं—सब्बेते सकाय पटिञ्ञाय अब्भञ्ञंसु सब्बेव नाब्भञ्ञंसु, उदाहु एकच्चे अब्भञ्ञंसु एकच्चे नाब्भञ्ञंसू ति। धम्मं ते, ब्राह्मण, देसेस्सामि, तं सुणाहि, साधुकं मनसि करोहि; भासिस्सामी" ति।

"एवं, भो" ति खो पिङ्गलकोच्छो ब्राह्मणो भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—

---

३०. क्षुद्रसारोपमसूत्र

१. ऐसा मैंने सुना है कि एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में विहार कर रहे थे। उस समय 'पिङ्गलकोच्छ' नामक ब्राह्मण जहाँ भगवान् विराजमान थे, वहाँ पहुँचा। वहाँ पहुँच, प्रणाम कर उनसे कुशल-मंगल पूछ, धार्मिक बातचीत करता हुआ, एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठ कर उसने भगवान् से यों पूछा—"भो गौतम ! ये जो श्रमण ब्राह्मणों में अन्य सङ्घाचार्य, गणाचार्य, ज्ञानी, यशस्वी, तीर्थङ्कर (सम्प्रदायप्रवर्तक) हैं, जिन्हें समाज में बहुत लोग मान्यता देते हैं, जैसे—पूरण काश्यप, मस्करि गोशाल, अजित केशकम्बल, प्रकुध कात्यायन, सञ्जय वेलास्पिपुत्र और निर्ग्रन्थ ज्ञातिपुत्र, इन सभी ने अपनी-अपनी प्रतिभा से ज्ञान का साक्षात्कार किया है या नहीं किया, या इनमें से कुछ ने किया है और कुछ ने नहीं ?"

"रहने दो ब्राह्मण ! यह मत पूछो कि इनमें से कितने स्वकीय प्रतिभा से····कुछ ने नहीं। इसके बदले मैं तुम्हें धर्म का वास्तविक सार बता देता हूँ (उसी से तुम निश्चय कर लेना कि ये कहाँ तक पहुँचे हुए ज्ञानी हैं)। मैं उपदेश करता हूँ, तुम ध्यान देकर सुनो।"

"ठीक है भगवन्" कहकर पिङ्गलकोच्छ ब्राह्मण ने भगवान् के उपदेश की ओर ध्यान लगाया। भगवान् ने यों उपदेश प्रारम्भ किया—

१. पञ्च सारत्थिका पुग्गला

२. "सेय्यथापि, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं अतिक्कम्म तचं अतिक्कम्म पपटिकं, साखापलासं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो अञ्ञासि सारं, न अञ्ञासि फेग्गुं, न अञ्ञासि तचं, न अञ्ञासि पपटिकं, न अञ्ञासि साखापलासं। तथा हयं भवं पुरिसो सारत्थिको सारगवेसो सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं, अतिक्कम्म फेग्गुं, अतिक्कम्म तचं, अतिक्कम्म पपटिकं, साखापलासं छेत्वा आदाय पक्कन्तो [N. 249] 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

३. "सेय्यथापि वा पन, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं, अतिक्कम्म [B. 259, R. 199] फेग्गुं, अतिक्कम्म तचं, पपटिकं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो....पे०....पपटिकं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

५. "सेय्यथापि वा पन, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म

---

१. सार खोजने वाले पाँच पुद्गल

२. "ब्राह्मण ! जसे कोई पुरुष अपने काम के लिये सार (दृढ़काष्ठ) खोजता हुआ जङ्गल में किसी बड़े वृक्ष के नीचे जाय; परन्तु वह न तो उस दृढ़काष्ठ को पहचानता हो, न फलु या त्वचा को, न पर्पटिका को, न उसके शाखा-पलाश को ही ठीक ढंग से पहचानता हो। वह उस वृक्ष की कच्ची टहनी (शाखा-पलाश) को ही दृढ़काष्ठ समझ, काटकर ले आये। उसे देखकर कोई समझदार आदमी उसे बतावे—'अरे भाई ! तुम तो इस दृढ़काष्ठ या दुर्बलकाष्ठ या इसकी छाल, शाखा, पत्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। इसीलिये तुम गये तो थे दृढ़काष्ठ लाने, और ले आये यह शाखा-पलाश। इससे तुम्हारा वह कार्य पूर्ण नहीं होगा, जिसे तुम पूर्ण करना चाहते हो'। (१)

३. "ब्राह्मण ! जैसे कोई सार (दृढ़काष्ठ) चाहनेवाला....। वह उस वृक्ष की पपड़ी को, दृढ़काष्ठ समझ, छीलकर ले आये। उसे देखकर कोई बुद्धिमान् उसे बतावे—'....इससे वह कार्य पूर्ण नहीं होगा, जिसे तुम पूर्ण करना चाहते हो'। (२)

४. "अथवा जैसे ब्राह्मण ! सार खोजता हुआ पुरुष....। वह उस वृक्ष की छाल

फेग्गुं, तचं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो ...पे०....अतिक्कम्म फेग्गुं, तचं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

५. "सेय्यथापि वा पन, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं, फेग्गुं छेत्वा आदाय पक्कमेय्य 'सारं' ति मञ्ञमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'न वतायं भवं पुरिसो····पे०····अतिक्कम्मेव सारं, फेग्गुं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सती' ति।

६. "सेय्यथापि वा पन, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो सारं येव छेत्वा आदाय [B.260] पक्कमेय्य 'सारं' ति जानमानो। तमेनं चक्खुमा पुरिसो दिस्वा एवं वदेय्य—'अञ्ञासि वतायं भवं पुरिसो सारं, अञ्ञासि फेग्गुं, अञ्ञासि तचं, अञ्ञासि पपटिकं, अञ्ञासि साखापलासं। तथा हयं भवं पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो सारं येव छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति जानमानो। यं चस्स सारेन सार- [R. 200, N. 250] करणीयं तं चस्स अत्थं अनुभविस्सती' ति।

२. लाभसक्कारसिलोकेन परिपुण्णसङ्कप्पो पठमसारत्थिकूपमो

७. "एवमेव खो, ब्राह्मण, इधेकच्चो पुग्गलो सद्धा अगारस्मा अनगारियं

ही काटकर ले आवे। उसे देखकर बुद्धिमान् पुरुष कहे—'····तुम्हारा इससे कार्य पूर्ण नहीं होगा'। (३)

५. "अथवा ब्राह्मण! जैसे कोई पुरुष····दृढ़काष्ठ की जगह फल्गु (=कच्ची लकड़ी) ही काटकर ले आये। उसे देखकर बुद्धिमान् पुरुष उसे बताये—'····तुम्हारा इससे कार्य सिद्ध नहीं होगा'। (४)

६. "अथवा ब्राह्मण! जैसे कोई पुरुष····दृढ़काष्ठ ही काटकर लावे। उसे देखकर कोई बुद्धिमान् पुरुष उससे कहे—'भाई! तुम तो काष्ठ के विषय में सब कुछ जानते हो। तभी तुम दृढ़काष्ठ की जरूरत होने पर दृढ़काष्ठ ही लाये हो। और सब त्वचा, पपड़ी, शाखापलाश तुमने वहीं छोड़ दिये। इससे तुम्हारा कार्य सिद्ध होगा'। (५)

२. धर्मविनय में लाभसत्कार ही खोजनेवाला प्रथम सारार्थी के समान है

७. "इसी तरह, ब्राह्मण! यहाँ कोई पुदगल श्रद्धापूर्वक यह सोचकर घर से

पब्बजितो होति—'ओतिण्णोम्हि जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, दुक्खोतिण्णो दुक्खपरेतो। अप्पेव नाम इमस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स अन्तकिरिया पञ्ञायेथा' ति। सो एवं पब्बजितो समानो लाभसक्कारसिलोकं अभिनिब्बत्तेति। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन अत्तमनो होति परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन अत्तानुक्कंसेति, परं वम्भेति–'अहमस्मि लाभसक्कारसिलोकवा, इमे पनञ्ञे भिक्खू अप्पञ्ञाता अप्पेसक्खा' ति। लाभसक्कारसिलोकेन च ये अञ्ञे धम्मा उत्तरितरा च पणीततरा च तेसं धम्मानं सच्छिकिरियाय न छन्दं जनेति, न वायमति, ओलीनवुत्तिको च होति साथलिको। सेय्यथापि सो, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं अतिक्कम्म तचं अतिक्कम्म पपटिकं, साखापलासं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं तं चस्स अत्थं नानुभविस्सति। तथूपमाहं, ब्राह्मण, इमं पुग्गलं वदामि।

३. सीलसम्पदाय परिपुण्णसङ्कप्पो दुतियसारत्थिकूपमो

८. "इध पन, ब्राह्मण, एकच्चो पुग्गलो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्ब-

---

बेघर हो सन्यासी हो जाय—'मैं संसार के जाति, यश, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य और उपायास आदि दुःखस्कन्ध से मुक्त हो जाऊँ और इस दुःखस्कन्ध के नाश का उपाय जान पाऊँ'। इसके लिये वह प्रव्रजित होकर इस धर्मविनय के अनुसार साधना करने लगे। उस साधना के प्रभाव से वह समाज में लौकिक लाभ-सत्कार, यश पाने लगे। वह उस लाभ-सत्कार से सन्तुष्ट हो अपने को कृतकृत्य मान बैठे। वह उस लाभ-सत्कार प्राप्ति से अपने को उत्कृष्ट समझे और अन्य भिक्षुओं को हेय दृष्टि से देखने लगे—'ये भिक्षु मुझसे हीन हैं तभी तो ये समाज में मेरे जितना लाभ-सत्कार नहीं पा रहे हैं'। वह इस लाभ-सत्कार के प्रलोभन में फँसा हुआ, इस धर्मविनय के आगे, निर्वाण की ओर बढ़ानेवाले जो उपाय हैं, उनके लिये कोई प्रयास नहीं करता, उनकी ओर से आलसी और शिथिल रहता है। जैसे ब्राह्मण! वह दृढ़काष्ठ की खोज में निकला पुरुष काष्ठ की अच्छाई-बुराई के विषय में कुछ भी न जानने वाला, बड़े वृक्ष के पास जाकर भी, सब कुछ छोड़कर उसकी कच्ची टहनियाँ या पत्ते ही काट लावे, उन्हें ही दृढ़काष्ठ समझकर। इससे उसका दृढ़काष्ठ से होने वाला कार्य तो सिद्ध होगा नहीं। इस सारगवेषी की तरह ही ब्राह्मण! यह प्रथम पुद्गल, जो कि लाभ-सत्कार में ही फँसकर रह गया है। (१)

३. शीलसम्पदा से ही सन्तुष्ट होने वाला पुद्गल द्वितीय सारगवेषी के समान है

८. "जैसे ब्राह्मण! यहाँ कोई पुद्गल घर से बेघर हो....मुक्त हो जाऊँ'। वह

जितो होति—'ओतिण्णोम्हि....पे०....अन्तकिरिया पञ्ञायेथा' ति। सो एवं पब्बजितो समानो लाभसक्कारसिलोकं अभिनिब्बत्तेति। सो तेन लाभ-[B. 261] सक्कारसिलोकेन न अत्तमनो होति न परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न अत्तानुक्कंसेति न परं वम्भेति। लाभसक्कारसिलोकेन च ये अञ्ञे धम्मा उत्तरितरा च पणीततरा च तेसं धम्मानं सच्छिकिरियाय छन्दं जनेति, वायमति, अनोलीनवुत्तिको च होति असाथलिको। सो सीलसम्पदं आराधेति। सो ताय सीलसम्पदाय अत्तमनो होति परिपुण्णसङ्कप्पो। सो ताय सीलसम्पदाय अत्तानुक्कंसेति परं वम्भेति—'अहमस्मि सीलवा कल्याणधम्मो, इमे पनञ्ञे भिक्खू दुस्सीला पापधम्मा' ति। सीलसम्पदाय च ये अञ्ञे धम्मा उत्तरितरा च तेसं [N. 251] धम्मानं सच्छिकिरियाय न छन्दं जनेति, न वायमति, ओलीनवुत्तिको [R. 201] च होति साथलिको। सेय्यथापि सो, ब्राह्मण, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो महतो रुक्खस्स तिट्ठतो सारवतो अतिक्कम्मेव सारं अतिक्कम्म फेग्गुं अतिक्कम्म तचं, पपटिकं छेत्वा आदाय पक्कन्तो 'सारं' ति मञ्ञमानो। यं चस्स सारेन सारकरणीयं, तं चस्स अत्थं नानुभविस्सति। तथूपमाहं, ब्राह्मण, इमं पुग्गलं वदामि।

४. समाधिसम्पदाय परिपुण्णसङ्कप्पो ततियसारत्थिकूपमो

९. "'इध पन, ब्राह्मण, एकच्चो पुग्गलो सद्धा अगारस्मा अनगारियं पब्बजितो होति—'ओतिण्णोम्हि''''पे०''''अन्तकिरिया पञ्ञायेथा' ति। सो एवं पब्बजितो समानो लाभसक्कारसिलोकं अभिनिब्बत्तेति। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न अत्तमनो होति न परिपुण्णसङ्कप्पो। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन न अत्तानुक्कंसेति न परं वम्भेति। लाभसक्कारसिलोकेन च ये अञ्ञ धम्मा उत्तरि-

---

इस धर्मविनय की साधना के प्रभाव से समाज में लाभ-सत्कार प्राप्त कर के भी उनकी उपेक्षा करता हुआ, अपने को कृतकृत्य न मान''''आगे शीलसम्पदा की भावना करे। वह इस शीलसम्पत्ति को पा कर सन्तुष्ट हो अपने में गर्व अनुभव करने लगे, और अन्य भिक्षुओं को अपने से हीन समझे। ब्राह्मण! यह साधक पुद्गल उस सारार्थी सारगवेषी के समान है जो सही वृक्ष के नीचे जाकर भी उससे दृढ़ काष्ठ न लाकर उसकी पपड़ी छीलकर ले आवे और अपने कार्य की हानि कर बैठे। ब्राह्मण! मैं इस उपर्युक्त पुद्गल को उस पपड़ी ले आने वाले सारार्थी की तरह ही समझता हूँ। (२)

४. समाधिसम्पत्ति से सन्तुष्ट होने वाला पुद्गल तृतीय सारार्थी के समान है

९ "ब्राह्मण! यहाँ कोई पुद्गल घर से बेघर हो''''। वह समाधिसम्पदा की आराधना करता है। वह उस समाधिसम्पदा से''''अपने को अन्य भिक्षुओं से उच्च मान,

तया पुब्बे समणब्राह्मणा लोकस्मिं पठवीगरहका पठवीजिगुच्छका, आपरगहका आपजिगुच्छका, तेजगरहका तेजजिगुच्छका, वायगरहका वायजिगुच्छका. भूतगरहका भूतजिगुच्छका, देवगरहका देवजिगुच्छका, पजापतिगरहका पजापतिजिगुच्छका, ब्रह्मगरहका ब्रह्मजिगुच्छका—ते कायस्स भेदा पाणुपच्छेदा होने काये पतिट्ठिता अहेसुं। ये पन, भिक्खु, तया पुब्बे समणब्राह्मणा लोकस्मिं पठवीपसंसका पठवाभिनन्दिनो, आपपसंसका आपाभिनन्दिनो, तेजपसंसका तेजाभिनन्दिनो, वायपसंसका वायाभिनन्दिनो, भूतपसंसका भूताभिनन्दिनो, देवपससका देवाभिनन्दिनो, पजापतिपससका पजापताभिनन्दिनो, ब्रह्मपसंसका ब्रह्माभिनन्दिनो—ते कायस्स भेदा पाणुपच्छेदा पणीते काये पतिट्ठिता। तं ताहं, भिक्खु, एवं वदामि—'इङ्घ त्वं मारिस, यदेव ते ब्रह्मा आह तदेव त्वं करोहि, मा त्वं ब्रह्मुनो वचनं उपातिवत्तित्था'। सचे खो त्वं, भिक्खु, ब्रह्मुनो वचनं उपातिवत्तिस्ससि, सेय्यथापि नाम पुरिसो सिरिं आगच्छन्ति दण्डेन पटिप्पणामेय्य, सेय्यथापि वा पन, भिक्खु, पुरिसो नरकप्पपाते पपतन्तो हत्थेहि च पादेहि च पठविं विराधेय्य, एवंसम्पदमिदं, भिक्खु, तुय्हं भविस्सति। इङ्घ त्वं, मारिस, यदेव ते ब्रह्मा आह तदेव त्वं करोहि, मा त्वं ब्रह्मुनो वचनं

में उत्पन्न होने वाले प्राणियों के पिता हैं। भिक्षु! तुमसे पहले भी ऐसे श्रमण-ब्राह्मण हुए हैं, जो पृथ्वी-निन्दक थे पृथ्वी के बारे में उलटा-सुलटा कहते थे, जलधातु के····, तेजोधातु के····, वायुधातु के····, भूतों के····, देवताओं के····, प्रजापति के····, ब्रह्मा के निन्दक थे, ब्रह्मा के बारे में उलटा सुलटा कहते फिरते थे—वे मरणानन्तर अपने उस शरीर को छोड़कर उससे भी हीन योनि में जा गिरे। और, भिक्षु! तुमसे पहले ऐसे श्रमण-ब्राह्मण भी हुए हैं, जो पृथ्वीधातु की प्रशंसा करते थे, उसका अभिनन्दन करते थे····, जलधातु की····, तेजोधातु की····, वायुधातु की····, भूतों की····, देवताओं की····, प्रजापति की····, ब्रह्मा की प्रशंसा करते थे, उनका अभिनन्दन करते थे—वे शरीरपात के बाद उससे भी उच्च और सुखद योनि में उत्पन्न हुए। तो भिक्षु! मैं तो तुम्हें यही सलाह देता हूँ—'जैसा तुझे ये ब्रह्मा कहें, वैसा ही कर, तू इन ब्रह्मा के कहे को न टाल। यदि तू भिक्षु! इन ब्रह्मा का कहा न मानेगा तो तू वही करेगा मानो जैसे कोई घर में आयी लक्ष्मी को डंडा मार कर भगा दे या जैसे खड्डे में गिरता हुआ कोई आदमी सहारे के रूप में हाथ या पैर से पकड़ में आयी जमीन को भी छोड़ दे। भले आदमी! तुम्हारे लिये यही अच्छा होगा कि जो यह ब्रह्मा कहे, वही कर, तू इन ब्रह्मा के वचनों को टाल मत। भिक्षु! यह इकठ्ठी हुई ब्रह्मपरिषद् तुम्हें दिखाई दे

उपातिवत्तित्था। ननु त्वं, भिक्खु, पस्ससि ब्रह्मपरिसं सन्निपतितं' ति ? इति खो मं, भिक्खवे, मारो पापिमा ब्रह्मपरिसं उपनेसि।

[B. 403] ४. "एवं वुत्ते, अहं भिक्खवे, मारं पापिमन्तं एतदवोचं—'जानामि खो ताहं, पापिम; मा त्वं मञ्ञित्था—'न मं जानाती' ति। मारो त्वमसि, पापिम। यो चेव, पापिम, ब्रह्मा, या च ब्रह्मपरिसा, ये च ब्रह्मपारि-[N. 401] सज्जा सब्बेव तव हत्थगता सब्बेव तव वसंगता। तुय्हं हि, पापिम, एवं होति—'एसो पि मे अस्स हत्थगतो, एसो पि मे अस्स वसंगतो' ति। अहं खो पन, पापिम, नेव तव हत्थगतो नेव तव वसंगतो' ति।

५. "एवं वुत्ते, भिक्खवे, बको ब्रह्मा मं एतदवोच—'अहं हि, मारिस, [R. 328] निच्चं येव समानं निच्चं ति वदामि, धुवं येव समानं धुवं ति वदामि, सस्सतं येव समानं सस्सतं ति वदामि, केवलं येव समानं केवलं ति वदामि, अचवनधम्मं येव समानं अचवनधम्मं ति वदामि, यत्थ च पन न जायति न जीयति न मीयति न चवति न उपपज्जति तदेवाहं वदामि—इदं हि न जायति, न जीयति, न मीयति, न चवति, न उपपज्जती ति। असन्तं च पनञ्ञं उत्तरि निस्सरणं 'नत्थञ्ञं उत्तरि निस्सरणं' ति वदामि। अहेसु खो, भिक्खु,

---

रही है ?' भिक्षुओ ! इस प्रकार उस पापी मार ने ब्रह्मपरिषद् की ओर मेरा ध्यान दिलाया।

४. "भिक्षुओ ! पापी मार द्वारा ऐसा कहे जाने पर मैंने उसको यह उत्तर दिया—'अरे पापी ! मैं तुझे पहचान रहा हूँ; तू ऐसा न समझ कि 'मैं तुझे नहीं जानता'। तू पापी मार ही है न ! अरे पापी ! यह मिथ्यादृष्टि ब्रह्मा, यह ब्रह्मपरिषद, इस ब्रह्म-परिषद् में बैठे लोग—ये सभी इस समय तेरे वश में है। अरे पापी ! तुझे ऐसा लग रहा होगा—' (इस ब्रह्मपरिषद् की तरह) यह (भिक्षु) भी मेरे हाथ में आ जाय, मेरे वश में हो जाय'। परन्तु पापी ! मैं तेरे हाथ नहीं लगूँगा, मैं तेरे वश में नहीं आऊँगा'।

५. "भिक्षुओ ! ऐसा कहने पर बक ब्रह्मा मुझसे यों बोला—'मार्ष ! मैं तो जो नित्य है उसी को नित्य कहता हूँ जो ध्रुव है····, जो शाश्वत है····, जो केवल (=शुद्ध) है····, जो अच्युतिस्वभाव वाला है उसी को अच्युतिस्वभाव कहता हूँ, और जहाँ न कोई पैदा होता है, न जीर्ण होता है, न मरता है, न च्युत होता है, न फिर उत्पन्न होता है····। अन्य मार्ग न होने पर ही 'दूसरा कोई निस्सरण मार्ग नहीं है'—ऐसा कहता हूँ। भिक्षु ! तुमसे पूर्व और भी श्रमण-ब्राह्मण इस जगत् में हो चुके हैं, जिनका तपस्याकाल ही तुम्हारी पूरी आयु के बराबर था। वे सम्भवतः—आगे कोई निस्सरण

तया पुब्बे समणब्राह्मणा लोकस्मिं यावतकं तुय्हं कसिणं आयु तावतकं तेसं तपोकम्ममेव अहोसि। ते खो एवं जानेय्युं—'सन्तं च पनञ्ञं उत्तरि निस्सरणं अत्थञ्ञं उत्तरि निस्सरणं ति, असन्तं वा अञ्ञं उत्तरि निस्सरणं नत्थञ्ञं उत्तरि निस्सरणं' ति। तं ताहं, भिक्खु, एवं वदामि—'न चेवञ्ञं उत्तरि निस्सरणं दक्खिस्ससि, यावदेव च पन किलमथस्स विघातस्स भागी भविस्ससि। सचे खो त्वं, भिक्खु, पठविं अज्झोसिस्ससि ओपसायिको मे भविस्ससि वत्थुसायिको, यथाकामकरणीयो बाहितेय्यो। सचे आपं....तेजं....वायं....भूते....देवे....पजापतिं ....ब्रह्मं अज्झोसिस्ससि, ओपसायिको मे भविस्ससि वत्थुसायिको, यथाकामकरणीयो बाहितेय्यो' ति।

६. 'अहं पि खो एवं, ब्रह्मे, जानामि—सचे पठविं अज्झोसिस्सामि ओपसायिको ते भविस्सामि वत्थुसायिको, यथाकामकरणीयो बाहितेय्यो। सचे आपं.... तेजं....वायं....भूते....देवे....पजापतिं....ब्रह्मं अज्झोसिस्सामि ओपसायिको ते भविस्सामि वत्थुसायिको, यथाकामकरणीयो बाहितेय्यो' ति अपि च ते अहं, ब्रह्मे, गतिं च पजानामि, जुतिं च पजानामि—एवंमहिद्धिको बको ब्रह्मा, एवंमहानुभावो बको ब्रह्मा, एवंमहेसक्खो बको ब्रह्मा' ति।

७. 'यथाकथं पन मे त्वं, मारिस, गतिं च पजानासि, जुतिं [B. 404]

मार्ग होने पर ही, हाँ, इसका दूसरा निस्सरण मार्ग भी है; या न होने पर इसका कोई दूसरा निस्सरण मार्ग नहीं है'—ऐसा समझते थे। इसलिये तुझे भी यही समझाता हूँ—'तू आगे अपने लिये कोई अन्य निस्सरण मार्ग नहीं पा सकेगा, अपितु इस सारी दौड़-धूप में तुझे अधिक से अधिक कष्ट ही भोगने को मिलेगा। भिक्षु! यदि तू पृथ्वी की अध्येषणा (=प्रार्थना) करेगा, तो तू मेरा सहचर, मेरे ही आवास में रहने वाला, अपने मन को करने वाला, थोड़े में ही अधिक करने वाला हो जायगा। यदि तू जल....तेज....वायु....भूत....देवता....प्रजापति....ब्रह्मा की अध्येषणा करेगा, तो....थोड़े में ही अधिक कर गुजरने वाला होगा'।

६. 'हे ब्रह्मन्! मैं भी इसे जानता हूँ—यदि मैं पृथ्वी की अध्येषणा करूँ, तो मैं तेरा सहचर....हो सकता हूँ। यदि मैं तेज....वायु....भूत....देवता....प्रजापति.... ब्रह्मा की अध्येषणा करूँ, तो मैं तेरा सहचर....हो सकता हूँ। परन्तु हे ब्रह्मन्! मैं तुम्हारी गति और सामर्थ्य को भी जानता हूँ कि तुम कितने ऋद्धि-सम्पन्न हो, तुम्हारा कितना माहात्म्य है, तुम कितने प्रभावशाली हो'!

७. 'माननीय! आप मेरी गति और सामर्थ्य को कैसे जानते हैं—'मैं....इतना प्रभावशाली हूँ?'

[N. 402] च पजानासि—एवं-महिद्धिको बको ब्रह्मा, एवंमहानुभावो बको ब्रह्मा, एवंमहेसक्खो बको ब्रह्मा' ति ?

'यावता चन्दिमसुरिया, परिहरन्ति दिसा भन्ति विरोचना।
ताव सहस्सधा लोको, एत्थ ते वत्तते वसो॥
परो परं च जानासि, अथो रागविरागिनं।
इत्थभावञ्ञथाभावं सत्तानं आगतिं गतिं ति॥

एवं खो ते अहं, ब्रह्मे, गतिं च पजानामि जुतिं च पजानामि—एवं- [R. 329] महिद्धिको बको ब्रह्मा, एवंमहानुभावो बको ब्रह्मा, एवंमहेसक्खो बको ब्रह्मा ति।

८. 'अत्थि खो, ब्रह्मे, अञ्ञो कायो, तं त्वं न जानासि न पस्ससि; तमहं जानामि पस्सामि। अत्थि खो, ब्रह्मे, आभस्सरा नाम कायो यतो त्वं चुतो इधूपपन्नो। तस्स ते अतिचिरनिवासेन सा सति पमुट्ठा, तेन तं त्वं न जानासि न पस्ससि; तमहं जानामि पस्सामि। एवं पि खो अहं, ब्रह्मे, नेव ते समसमो अभिञ्ञाय, कुतो नीचेय्यं ? अथ खो अहमेव तया भिय्यो। अत्थि खो, ब्रह्मे, सुभकिण्हो नाम कायो, वेहप्फलो नाम कायो, अभिभू नाम कायो, तं त्वं न जानासि न पस्ससि; तमहं जानामि पस्सामि। एवं पि खो अहं, ब्रह्मे, नेव ते समसमो अभिञ्ञाय, कुतो नीचेय्यं ? अथ खो अहमेव तया भिय्यो। पठविं खो अहं, ब्रह्मे पठवितो अभिञ्ञाय यावता पठविया पठवित्तेन अननुभूतं तदभिञ्ञाय पठविं

'चन्द्रमा-सूर्य में जितना प्रकाश है और उस प्रकाश से जैसे सारी दिशाएँ प्रकाशित होती हैं, उतने ही हजार लोक तेरे वश में हैं'।

तू राग-विरागियों के आदि-अन्त को जानता है। प्राणियों के इत्थंभाव, अन्यथाभाव और उनके सामर्थ्य व असामर्थ्य को भी जानता है।

हे ब्रह्मन्! यों मैं तुम्हारी गति और सामर्थ्य को जानता हूँ कि····तुम इतने प्रभावशाली हो।

८. 'ब्रह्मन्! तुम्हारे लोक के अतिरिक्त और भी काय है, उसको तुम नहीं जानते, न देख पाते हो; उसे मैं जानता हूँ, देख सकता हूँ। तुम्हारी, यहाँ बहुत दिन रहने के कारण, उस काय की स्मृति विनष्ट हो गयी है, इसलिये तुम उसे नहीं जान पाते, न तुम्हें याद ही है; उसे मैं जानता हूँ देख भी सकता हूँ। इसमें तुम्हारी मेरी बराबरी क्या है, मैं तुमसे श्रेष्ठ हूँ, नीचा होने की तो बात ही कहाँ! ब्रह्मन्! एक शुभकृत्स्न नामक काय (=लोक) है, वृहत्फल नामक काय है, अभिभू नामक काय है; उसको तुम नहीं जानते····नीचे होने की तो बात की कहाँ! हे ब्रह्मन्! मैंने पृथ्वी को पृथ्वी के तौर पर जानकर, जो तत्त्व (=निर्वाण) पृथ्वी से परे है, उसे भी जानकर पृथ्वी में

नाहोसिं, पठविया नाहोसिं, पठवितो नाहोसिं, पठविं मेति नाहोसिं, पठविं नाभिवदिं। एवं पि खो अहं, ब्रह्मे, नेव ते समसमो अभिञ्ञाय, कुतो नीचेय्यं? अथ खो अहमेव तया भिय्यो। आपं खो अहं, ब्रह्मे....पे०....तेजं खो अहं, ब्रह्मे....पे०....वायं खो अहं, ब्रह्मे....पे०....भूते खो अहं, ब्रह्मे....पे०....देवे खो अहं, ब्रह्मे....पे०....पजापतिं खो अहं, ब्रह्मे....पे०....ब्रह्मं खो अहं, ब्रह्मे....पे०....आभस्सरे खो अहं, ब्रह्मे....पे०....सुभकिण्हे खो अहं, ब्रह्मे....पे०....वेहप्फले खो अहं, ब्रह्मे....पे०....अभिभुं खो अहं, ब्रह्मे....पे०....सब्बं [B. 405] [N. 403] खो अहं, ब्रह्मे, सब्बतो अभिञ्ञाय यावता सब्बस्स सब्बत्तेन अननुभूतं तदभिञ्ञाय सब्बं नाहोसिं सब्बस्मिं नाहोसिं सब्बतो सब्बं मेति नाहोसिं, सब्बं नाभिवदिं। एवं पि खो अहं, ब्रह्मे नेव ते समसमो अभिञ्ञाय, कुतो नीचेय्यं? अथ खो अहमेव तया भिय्यो' ति।

९. 'सचे खो, मारिस, सब्बस्स सब्बत्तेन अननुभूतं, तदभिञ्ञाय मा हेव ते रित्तकमेव अहोसि, तुच्छकमेव अहोसी' ति!

१०. 'विञ्ञाणं अनिदस्सनं अनन्तं सब्बतो पभं, तं पठविया पठवत्तेन अननुभूतं, आपस्स आपत्तेन अननुभूतं, तेजस्स तेजत्तेन अननुभूतं, वायस्स वायत्तेन अननुभूतं, भूतानं भूतत्तेन अननुभूतं, देवानं देवत्तेन अननुभूतं, पजापतिस्स पजापतित्तेन अननुभूतं, सुभकिण्हानं सुभकिण्हत्तेन अननुभूतं, [R. 330] वेहप्फलानं वेहप्फलत्तेन अननुभूतं, अभिभुस्स अभिभुत्तेन अननुभूतं, सब्बस्स सब्बत्तेन अननुभूतं'।

अभिनिवेश नहीं किया, 'मैं पृथ्वी से हूँ'—ऐसा नहीं माना, 'पृथ्वी मेरी है'—ऐसा भी नहीं माना, इसलिये मैंने पृथ्वी की प्रशंसा नहीं की, न मैंने उसका अभिनन्दन ही किया। हे ब्रह्मन्! इस ज्ञान में भी मैं तुम्हारे बराबर ही नहीं, अपितु तुमसे श्रेष्ठ हूँ, तुमसे नीचे होने की तो बात ही कहाँ! ब्रह्मन्! मैं जल को....तेज को....वायु को....भूतों को....देवताओं को....प्रजापति को....ब्रह्मा को....आभास्वर को....शुभकृत्स्न को....वृहत्फल को....अभिभू को....सभी (लोकों) को....न मैंने उसका अभिनन्दन ही किया। ब्रह्मन्! इस ज्ञान में भी....तो बात ही कहाँ?'

९. 'मार्ष! यदि आपका 'सर्व' सर्वत्त्व से अननुभूत है, तब तो आपका यह सब कुछ कहना व्यर्थ और रिक्त ही मालूम पड़ता है?'

१०. 'विज्ञान अनिदर्शन (=चक्षुरिन्द्रिय का अविषय) है, वह अनन्त है व सर्वतः प्रकाशमान है, वह पृथ्वी के पृथ्वीत्व से अननुभूत (=अप्राप्त) है, जल के....तेज के....वायु के....भूतों के....देवताओं के....प्रजापति के....ब्रह्मा के....आभास्वर के....शुभकृत्स्न के....वृहत्फल के....अभिभु के....सर्व के सर्वत्त्व से अननुभूत है।

२. भगवतो इद्धाभिसङ्खारो

११. 'हन्द चरहि ते, मारिस, पस्स अन्तरधायामी' ति।

'हन्द चरहि मे त्वं, ब्रह्मे, अन्तरधायस्सु, सचे विसहसी' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, बको ब्रह्मा 'अन्तरधायिस्सामि समणस्स गोतमस्स, अन्तरधायिस्सामि समणस्स गोतमस्सा' ति नेवस्सु मे सक्कोति अन्तरधायितुं।

१२. "एवं वुत्ते, अहं, भिक्खवे, बकं ब्रह्मानं एतदवोचं—'हन्द चरहि ते ब्रह्मे अन्तरधायामी' ति।

'हन्द चरहि मे त्वं, मारिस, अन्तरधायस्सु सचे विसहसी' ति।

"अथ खो अहं, भिक्खवे, तथारूपं इद्धाभिसङ्खारं अभिसङ्खासिं—'एत्तावता ब्रह्मा च ब्रह्मपरिसा च ब्रह्मपारिसज्जा च सद्दं च मे सोस्सन्ति, न च मं दक्खन्ती' ति। अन्तरहितो इमं गाथं अभासिं—

'भवे वाहं भयं दिस्वा, भवं च विभवेसिनं।
भवं नाभिवदिं किञ्चि, नन्दिं च न उपादियिं' ति॥

---

२. भगवान् का ऋद्ध्यभिसंस्कार

११. 'मार्ष! अब आप मेरा ऋद्धि-प्रभाव देखना चाहे तो मैं आपको (इस ब्रह्मलोक से) अन्तर्हित (=लुप्त) होकर दिखा सकता हूँ।'

'ठीक है, ब्रह्मन्! यदि तुममें सामर्थ्य है तो तुम अन्तर्हित होकर दिखाओ।'

"भिक्षुओ! तब बक ब्रह्मा ने 'श्रमण गौतम से अन्तर्धान होऊँगा'—बारबार यह संकल्प कर, अपने चित्त की पूरी ताकत लगायी, परन्तु वह मुझसे किसी भी तरह अन्तर्धान न हो पाया।

१२. "भिक्षुओ! ऐसा होने पर फिर मैंने बक ब्रह्मा से कहा—'हे ब्रह्मन्! अब तुम मेरा ऋद्धि-प्रभाव देखना चाहो तो देखो, मैं ऋद्धि-प्रभाव द्वारा अपने को (यहाँ से) अन्तर्धान कर सकता हूँ।'

'अच्छा, ठीक है, मार्ष! यदि तुम चाहो तो अन्तर्हित होकर दिखाओ।'

'भिक्षुओ! तब मैंने वहाँ अपना ऐसा ऋद्धि-प्रभाव दिखाया, जिससे—'वहाँ बैठे ब्रह्मा, ब्रह्मपरिषद् और ब्रह्मपरिषद् के सदस्य मेरा बोला शब्द तो सुन पाते थे परन्तु मुझे देख नहीं पा रहे थे। मैंने, अन्तर्हित रहते हुए ही, उनको यह गाथा सुनायी—

'संसार में सर्वत्र भव देखते हुए और भव में विभव (=नाश) की इच्छा देखते हुए, मैंने भव को नजदीक नहीं आने दिया, उसके प्रति राग होने की बात तो बहुत दूर है।'

१३. "अथ खो भिक्खवे, ब्रह्मा च ब्रह्मपरिसा च [N. 404, B. 406] ब्रह्मपारिसज्जा च अच्छरियब्भुतचित्तजाता अहेसुं—'अच्छरियं वत भो, अब्भुतं वत भो ! समणस्स गोतमस्स महिद्धिकता महानुभावता, न च वत नो इतो पुब्बे दिट्ठो वा, सुतो वा, अञ्ञो समणो वा ब्राह्मणो वा एवंमहिद्धिको एवंमहानुभावो यथायं समणो गोतमो सक्यपुत्तो सक्यकुला पब्बजितो। भवरामाय वत, भो, पजाय भवरताय भवसम्मुदिताय समूलं भवं उदब्बही' ति।

३. मारस्स ब्रह्मपारिसज्जे अन्वावेसो

१४. "अथ खो, भिक्खवे, मारो पापिमा अञ्ञतरं ब्रह्मपारिसज्जं अन्वाविसित्वा मं एतदवोच—'सचे खो त्वं, मारिस, एवं पजानासि, सचे त्वं एवं अनुबुद्धो, मा सावके उपनेसि, मा पब्बजिते; मा सावकानं धम्मं देसेसि, मा पब्बजितानं; मा सावकेसु गेधिमकासि, मा पब्बजितेसु। अहेसुं खो, भिक्खु, तया पुब्बे समणब्राह्मणा लोकस्मिं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा पटिजानमाना। ते सावके उपनेसुं पब्बजिते, सावकानं धम्मं देसेसुं पब्बजितानं, सावकेसु गेधिमकंसु पब्बजितेसु, ते सावके उपनेत्वा पब्बजिते, सावकानं धम्मं देसेत्वा पब्बजितानं, सावकेसु गेधितचित्ता पब्बजितेसु, कायस्स भेदा पाणुपच्छेदा हीने काये पतिट्ठिता।

---

१३. "इसके बाद भिक्षुओ। वह ब्रह्मा और समग्र ब्रह्मपरिषद् आश्चर्यचकित हो, बैठी रह गयी—'अरे ! यह कैसा आश्चर्य है, कैसा अद्भुत है कि श्रमण गौतम में कितना ऋद्धिसामर्थ्य है। ऐसा ऋद्धिसामर्थ्य तो हमने आज से पूर्व किसी अन्य श्रमण-ब्राह्मण में न देखा था, न सुना था, जैसा कि इस शाक्यकुलोत्पन्न (शुद्धोदन) शाक्यपुत्र श्रमण गौतम में देख रहे हैं। यह शाक्यकुल का परिव्राजक तो अत्यन्त ऋद्धिप्रभाव सम्पन्न है। इसने तो जगद्रत, जगत् में मुदित (= प्रसन्न), उसी में अपना सब कुछ मानती हुई प्रजा का (स्वसाधना द्वारा) अत्यन्त कल्याण किया है।'

३. पापी मार का ब्रह्मपरिषत्सदस्य में प्रवेश

१४. "भिक्षुओ ! इसके बाद पापी मार ने उस ब्रह्मपरिषद् के किसी सदस्य में प्रविष्ट होकर उसके मुख से मुझे यों कहा—'मार्ष ! यदि तू वस्तुतः जगत्तत्व समझ चुका (= ज्ञानी) है तो तुझे श्रावकों को उपदेश करने की क्या जरूरत, न तूँ प्रव्रजितों को ही उपदेश कर; न तेरे द्वारा श्रावकों को, न प्रव्रजितों को धर्मोपदेश की आवश्यकता है; न तुझे उन श्रावकों या प्रव्रजितों को एक जगह इकट्ठा करने (= सङ्घ बनाने) की लालसा करनी चाहिये। भिक्ष तुमसे पूर्व भी ऐसे श्रमण-ब्राह्मण हुए हैं जो ज्ञानी एवं तत्त्वज्ञ होने का ढोंग करते थे। जिन्होंने श्रावकों-प्रव्रजितों को अपने धर्ममार्ग पर ले जाकर उन्हें तदनुकूल धर्मोपदेश किया, श्रावकों-प्रव्रजितों को इकट्ठा कर सङ्घ बनाने

अहेसुं ये पन, भिक्खु, तया पुब्बे समणब्राह्मणा लोकस्मिं अरहन्तो सम्मासम्बुद्धा [R. 331] पटिजानमाना ते न सावके उपनेसुं न पब्बजिते, न सावकानं धम्मं देसेसुं न पब्बजितानं, न सावकेसु गेधिमकंसु न पब्बजितेसु, ते न सावके उपनेत्वा न पब्बजिते, न सावकानं धम्मं देसेत्वा न पब्बजितानं, न सावकेसु गेधितचित्ता न पब्बजितेसु, कायस्स भेदा पाणुपच्छेदा पणीते काये पतिट्ठिता। तं ताहं, भिक्खु, एवं वदामि—इङ्घ त्वं, मारिस, अप्पोस्सुक्को दिट्ठधम्मसुखविहारमनुयुत्तो विहरस्सु, अनक्खातं कुसलं हि, मारिस, मा परं ओवदाही' ति।

१५. "एवं वुत्ते, अहं, भिक्खवे, मारं पापिमन्तं एतदवोचं—'जानामि खो ताहं पापिम, मा त्वं मञ्ञित्था—'न मं जानाती' ति। मारो त्वमसि, पापिम। न त्वं, पापिम, हितानुकम्पी एवं वदेसि; अहितानुकम्पी मं त्वं, पापिम, एवं वदेसि। तुय्हं हि, पापिम, एवं होति—'येसं समणो गोतमो धम्मं देसेस्सति, [N. 405] ते मे विसयं उपातिवत्तिस्सन्ती' ति। असम्मासम्बुद्धा व पन ते, [B. 407] पापिम, समाना सम्मासम्बुद्धम्हा ति पटिजानिंसु। अहं खो पन, पापिम, सम्मासम्बुद्धो व समानो सम्मासम्बुद्धोम्ही ति पटिजानामि। देसेन्तो पि हि, पापिम, तथागतो सावकानं धम्मं तादिसो व, अदेसेन्तो पि हि, पापिम,

---

की लालसा की। वे ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध होने का दावा करने वाले श्रमण-ब्राह्मण इस कुकृत्य के कारण, स्वशरीरपात के बाद, उससे भी हीन योनि में जा गिरे। दूसरी ओर कुछ श्रमण-ब्राह्मण ऐसे भी हुए हैं जिन्होंने न किसी को धर्ममार्ग की ओर प्रेरित किया, न उन्हें कोई धर्मोपदेश ही किया, न श्रावकों-प्रव्रजितों को इकट्ठा करने की लालसा की। वे ऐसा....कर स्वशरीरपात के बाद इस सत्कर्म के कारण और भी उच्च योनि में उत्पन्न हुए। तो भिक्षु! मैं तुमको भी यही समझाता हूँ—'यदि तूँ ज्ञानी होने का दावा करता है तो तूँ उस ज्ञान को अपने तक ही सीमित रख, दूसरों को उपदेश करने की लालसा छोड़ दे; तू अकेला रह, विचरण कर। दूसरे भी इसी मार्ग पर चलें—इसकी परवाह न कर।'

१५. "भिक्षुओ! मार द्वारा यह कहे जाने पर, मैंने उस पापी को यह उत्तर दिया—'अरे पापी! मैं तुझे पहचान गया हूँ, तूँ यह न समझ—'तुझे कोई पहचान नहीं रहा है'। तूँ तो पापी मार है। तूँ मेरा हित चाहता हुआ यह नहीं कह रहा, अपितु तूँ मेरा अहितचिन्तन करता हुआ ही यह सब कुछ कह रहा है। रे पापी! तुझे ऐसा लग रहा है—'श्रमण गौतम जिन-जिन को सदुपदेश देगा, वे-वे मेरी पकड़ से बाहर होते जायेंगे'। पापी! जिनकी तूँ चर्चा कर रहा है वे सम्यक्सम्बुद्ध न होते हुए भी सम्यक्सम्बुद्ध होने का दावा करते थे। रे पापी! मैं तो वस्तुतः सम्यक्सम्बुद्ध

तथागतो सावकानं धम्मं तादिसो व। उपनेन्तो पि हि, पापिम, तथागतो सावके तादिसो व, अनुपनेन्तो पि हि, पापिम, तथागतो सावके तादिसो व। तं किस्स हेतु? तथागतस्स, पापिम, ये आसवा सङ्किलेसिका पोनोब्भविका सदरा दुक्खविपाका आयतिं जातिजरामरणिया—ते पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा। सेय्यथापि, पापिम, ताळो मत्थकच्छिन्नो अभब्बो पुन विरूळिहया; एवमेव खो, पापिम, तथागतस्स ये आसवा सङ्किलेसिका पोनोब्भविका सदरा दुक्खविपाका आयतिं जातिजरामरणिया—ते पहीना उच्छिन्नमूला तालावत्थुकता अनभावङ्कता आयतिं अनुप्पादधम्मा' ति।

१६. "इति हिदं मारस्स च अनालपनताय ब्रह्मनो च अभिनिमन्तनताय, तस्मा इमस्स वेय्याकरणस्स ब्रह्मनिमन्तनिकं तेव अधिवचनं" ति।

●

होते हुए ही अपने सम्यक्सम्बुद्ध होने की बात कह रहा हूँ। मुझे कुछ नहीं अन्तर पड़ता, मैं तो श्रावकों को धर्मोपदेश करके भी निर्विकार रहता हूँ और न करके भी निर्विकार ही रहता हूँ। तथागत तो श्रावकों को धर्ममार्ग पर ले जाते हुए भी वैसे ही रहते हैं। वह क्यों? क्योंकि तथागत के वे सभी आस्रव (राग-द्वेष-मोहादि) क्षीण हो गये हैं, जड़ से नष्ट हो गये हैं, सिरकटे ताड़वृक्ष के समान हो गये हैं, अभाव को प्राप्त हो गये हैं, भविष्य में कभी नहीं उत्पन्न होंगे, जो कि पुनर्जन्म देने वाले, भयकारक, दुःखद परिणाम वाले और भविष्य में जरा-मरण के दाता हैं। रे पापी! जैसे सिरकटा ताड़वृक्ष आगे बढ़ने में असमर्थ होता है; उसी तरह मेरे ये आस्रव भी पुनरुत्पाद में असमर्थ हैं।'

१६. "यह सूत्र मार के प्रलोभन में तथागत का न आने और ब्रह्मा के निमन्त्रण (=आग्रह) पर कहे जाने के कारण इस में आये व्याख्यान का यथार्थ हो 'ब्रह्मनैमन्त्रणिक' नाम पड़ गया।

ब्रह्मनिमन्तनिकसुत्त समाप्त॥

●

५०. मारतज्जनीयसुत्तं

१. मारो महामोग्गल्लानकुच्छिं पविट्ठो

[R. 332, N. 406] १. एवं मे सुतं। एकं समयं आयस्मा महामोग्गल्लानो भग्गेसु विहरति सुंसुमारगिरे भेसकळावने मिगदाये। तेन खो पन समयेन आयस्मा महामोग्गल्लानो अब्भोकासे चङ्कमति। तेन खो पन समयेन मारो पापिमा आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स कुच्छिगतो होति कोट्ठमनुपविट्ठो। अथ खो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स एतदहोसि—'किं नु खो मे कुच्छि गरुगरु विय? मासाचितं मञ्ञे' ति।

२. अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो चङ्कमा ओरोहित्वा विहारं पविसित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। निसज्ज खो आयस्मा महामोग्गल्लानो पच्चत्तं योनिसो मनसाकासि। अद्दसा खो आयस्मा महामोग्गल्लानो मारं पापिमन्तं [B. 408] कुच्छिगतं कोट्ठमनुपविट्ठं। दिस्वान मारं पापिमन्तं एतदवोच—"निक्खम, पापिम; निक्खम, पापिम! मा तथागतं विहेसेसि, मा तथागतसावकं। मा ते अहोसि दीघरत्तं अहिताय दुक्खाया" ति। अथ खो मारस्स पापिमतो एतदहोसि—"अजानमेव खो मं अयं समणो अपस्सं एवमाह—

---

५०. मारतर्जनीयसूत्र

१. पापी मार का आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के उदर में प्रवेश

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय आयुष्मान् महामौद्गल्यायन भर्गदेश स्थित सूंसुमारगिरि (= चुनार) के भेषकलावन में साधना कर रहे थे। उस समय आयुष्मान् महामौद्गल्यायन कभी खुले मैदान में चङ्क्रमण कर रहे थे। उसी समय पापी मार आयुष्मान् महामौद्गल्यायन की कोंख (कुक्षि) से होता हुआ उनके पेट में जा बैठा। तब आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के मन में यह हुआ—'मेरा पेट इस समय कुछ भारी-भारी सा लगता है, मानों इस में उड़द (= माष) का ढेर भरा हो!'

२. इसके बाद आयुष्मान् महामौद्गल्यायन् चंक्रमण स्थान से उतर कर, विहार के कमरे में आ कर, बिछे आसन पर बैठे। वहाँ बैठकर उन्होंने अपने चित्त को ध्यानमग्न किया तो उन्होंने देखा कि मेरे पेट में पापी मार घुसा बैठा है। उस पापी मार को देखकर वे उसे यों बोले—"निकल, पापी, निकल! तथागत को या तथागत के शिष्य को परेशान करने की कोशिश न कर। कहीं यह कार्य तेरे लिये चिरकाल तक अहितकर न हो जाय।" इसके बाद पापी मार को यह विचार हुआ—"इसने मुझको बिना जाने बिना समझे ऐसा कह डाला है—'निकल, पापी''''अहितकर न हो जाय'। अरे, मेरे

'निक्खम, पापिम; निक्खम, पापिम ! मा तथागतं विहेसेसि, मा तथागत-सावकं । मा ते अहोसि दीघरत्तं अहिताय दुक्खाया' ति । यो पिस्स सो सत्था सो पि मं नेव खिप्पं जानेय्य, कुतो पन मं अयं सावको जानिस्सती" ति !

३. अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो मारं पापिमन्तं एतदवोच—"एवं पि खो ताहं, पापिम, जानामि, मा त्वं मञ्ञित्थो—'न मं जानाती' ति । मारो त्वमसि, पापिम; तुय्हं हि, पापिम, एवं होति—'अजानमेव खो मं अयं समणो अपस्सं एवमाह—निक्खम, पापिम; निक्खम, पापिम ! मा तथागतं विहेसेसि, मा तथागतसावकं । मा ते अहोसि दीघरत्तं अहिताय दुक्खाया ति । यो पिस्स सो सत्था सो पि मं नेव खिप्पं जानेय्य, कुतो पन मं अयं सावको जानिस्सती'" ति ?

२. ककुसन्धस्स काले दूसी मारो

अथ खो मारस्स पापिमतो एतदहोसि—"जानमेव खो मं [N. 407] अयं समणो पस्सं एवमाह—'निक्खम, पापिम; निक्खम, पापिम ! मा तथागतं विहेसेसि, मा तथागतसावकं । मा ते अहोसि दीघरत्तं अहिताय दुक्खाया" ति । अथ खो मारो पापिमा आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स मुखतो उग्ग- [R. 333] न्त्वा पच्चग्गळे अट्ठासि ।

४. अद्दसा खो आयस्मा महामोग्गल्लानो मारं पापिमन्तं पच्चग्गळे ठितं; दिस्वान मारं पापिमन्तं एतदवोच—"एत्था पि खो ताहं, पापिम, पस्सामि; मा

बारे में तो इसका शास्ता (= गुरु) भी इतना जल्दी नहीं जान पाता, उसके इस शिष्य का इतना सामर्थ्य ही कहाँ !"

३. इसके बाद आयुष्मान् महामौद्गल्यायन ने पापी मार से फिर कहा—"रे पापी ! तुझे इस तरह छिपकर बैठे हुए को भी मैं भली-भाँति जान रहा हूँ, देख रहा हूँ; तू ऐसा न समझ—'मैं तुझे नहीं पहचान पा रहा' । तू तो पापी पार है; तुझे ऐसा लग रहा होगा—'इसने मुझको बिना जाने····शिष्य का इतना सामर्थ्य कहाँ !"

२. ककुसन्ध के समय का दूसी' नामक मार

इसके बाद पापी मार के मन में यों हुआ—"यह श्रमण मुझे जानता-समझता हुआ ही ऐसा बोल रहा है—'निकल, पापी····अहितकर न हो जाय' । तब वह पापी मार आयुष्मान् महामौद्गल्यायन के मुख से निकल कर उस प्रकोष्ठ के दरवाजे के पास छिपकर खड़ा हो गया ।

४. आयुष्मान् मौद्गल्यायन ने पापी मार को वहाँ खड़े भी देख लिया; उसे देखकर वे यों बोले—"अरे ! यहाँ भी मैं तुझ पापी को देख रहा हूँ; तूँ ऐसा न समझ—

त्वं मञ्ञित्थो 'न मं पस्सती' ति। एसो त्वं, पापिम, पच्चग्गळे ठितो। भूतपुब्बाहं, पापिम, दूसी नाम मारो अहोसिं। तस्स मे काळी नाम भगिनी। तस्सा त्वं पुत्तो। सो मे त्वं भागिनेय्यो अहोसि। तेन खो पन, पापिम, समयेन ककुसन्धो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो लोके उप्पन्नो होति। ककुसन्धस्स खो पन, पापिम, भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स विधुर-सञ्जीवं नाम सावकयुगं अहोसि अग्गं भद्दयुगं। यावता खो पन, पापिम, ककुसन्धस्स भगवतो अरहतो [B. 409] सम्मासम्बुद्धस्स सावका तेसु न च कोचि आयस्मता विधुरेन समसमो होति यदिदं धम्मदेसनाय। इमिना खो एवं, पापिम, परियायेन आयस्मतो विधुरस्स विधुरो त्वेव समञ्ञा उदपादि।

५. "आयस्मा पन, पापिम, सञ्जीवो अरञ्ञगतो पि रुक्खमूलगतो पि सुञ्ञागारगतो पि अप्पकसिरेनेव सञ्ञावेदयितनिरोधं समापज्जति। भूतपुब्बं, पापिम, आयस्मा सञ्जीवो अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नो निसिन्नो होति। अद्दसंसु खो, पापिम, गोपालका पसुपालका कस्सका पथाविनो आयस्मन्तं सञ्जीवं अञ्ञतरस्मिं रुक्खमूले सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नं निसिन्नं; दिस्वान तेसं एतदहोसि—'अच्छरियं वत, भो, अब्भुतं वत, भो! अयं समणो निसिन्नको व कालङ्कतो! हन्द नं दहामा' ति। अथ खो ते, पापिम, गोपालका

'मुझे कोई नहीं देख पा रहा है'। यह तूँ पापी किवाड़ के पास खड़ा हुआ है। रे पापी! पहले कभी मैं दूसी नामक मार था। उस समय मेरी काली नाम की एक बहन थी, उसका तूँ पुत्र था। यों तूँ मेरा भान्जा लगता था। उस समय ककुत्सन्ध नामक सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् लोक में अवतरित हुए। उस ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् ककुत्सन्ध के दो श्रेष्ठ श्रावक थे, जिनका नाम था—विधुर और संजीव। उन भगवान् ककुत्सन्ध के जितने भी शिष्य थे, उनमें धर्मदेशना करने में कोई भी उतना प्रवीण नहीं था, जितना कि विधुर। इसलिये, पापात्मन्! आयुष्मान् 'विधुर' का विधुर यह अन्वर्थ नाम ही मालूम पड़ता था!

५. "पापात्मन्! उधर सञ्जीव श्रावक अरण्य में किसी वृक्ष के नीचे या एकान्त गुहा में थोड़े ही प्रयास से संज्ञावेदयितनिरोध नामक ध्यान समाधि में पहुँच जाता था। पापी! यही आयुष्मान् सञ्जीव कभी किसी वृक्ष के नीचे संज्ञावेदयितनिरोधसमाधि में बैठे थे। ऐसी स्थिति में बैठे सञ्जीव को वहाँ वन में गाय चराने वाले चरवाहों, किसानों व बटोहियों ने देखा; देखकर उन्हें यों हुआ—'अरे, कितना आश्चर्य हुआ, कैसा अद्भुत हुआ कि यह श्रमण बैठे ही बैठे मर गया! आओ, क्यों न इसे जला दें'! पापी! इसके बाद उन चरवाहों, कृषकों एवं बटोहियों (= रास्ता चलने वालों) ने घास-फूस, गोबर,

पसुपालका कस्सका पथाविनो तिणं च कट्ठं च गोमयं च सङ्कड्ढित्वा आयस्मतो सञ्जीवस्स काये उपचिनित्वा अग्गिं दत्वा पक्कमिंसु। अथ खो, पापिम, आयस्मा सञ्जीवो तस्सा रत्तिया अच्चयेन ताय समापत्तिया वुट्ठहित्वा चीव- [N. 408] रानि पप्फोटेत्वा पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय गामं पिण्डाय पाविसि। अद्दसंसु खो ते, पापिम, गोपालका पसुपालका कस्सका पथाविनो आयस्मन्तं सञ्जीवं पिण्डाय चरन्तं; दिस्वान नेसं एतदहोसि—'अच्छरियं वत, भो, अब्भुतं वत, भो! अयं समणो निसिन्नको व कालङ्कतो, स्वायं पटि-सञ्जीवितो' ति। इमिना खो एवं, पापिम, परियायेन आयस्मतो [R. 334] सञ्जीवस्स सञ्जीवो तेव समञ्ञा उदपादि।

६. "अथ खो, पापिम, दूसिस्स मारस्स एतदहोसि—'इमेसं खो अहं भिक्खूनं सीलवन्तानं कल्याणधम्मानं नेव जानामि आगतिं वा गतिं वा। यन्न-नाहं ब्राह्मणगहपतिके अन्वाविसेय्यं—एथ, तुम्हे भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे अक्कोसथ परिभासथ रोसेथ विहेसेथ। अप्पेव नाम तुम्हेहि अक्कोसियमानानं परिभासियमानानं रोसियमानानं विहेसियमानानं सिया चित्तस्स [B. 410] अञ्ञथत्तं, यथा तं दूसो मारो लभेथ ओतारं' ति। अथ खो ते, पापिम, दूसो मारो ब्राह्मणगहपतिके अन्वाविसि—'एथ, तुम्हे भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे अक्कोसथ परिभासथ रोसेथ विहेसेथ, अप्पेव नाम तुम्हेहि अक्कोसियमानानं

लकड़ी इकट्ठा कर, आयुष्मान् सञ्जीव के चारों ओर चुन दिया और वे आग लगाकर चल दिये। इसके बाद आयुष्मान् सञ्जीव उस रात्रि के बीतने पर, प्रातःकाल उस समाधि-अवस्था से उठ, कपड़े झड़का, पात्र-चीवर ले, गाँव में भिक्षा के लिये प्रविष्ट हुए। पापी! भिक्षा करते हुए आयुष्मान् सञ्जीव को उन चरवाहों, किसानों, बटोहियों ने भी देखा; देखकर उन्हें यह हुआ—'अरे, कैसे आश्चर्य की बात है कि यह श्रमण तो कल मर गया था, आज यह फिर कैसे जीवित हो उठा!' रे पापी! इस घटना से उस आयुष्मान् सञ्जीव का 'सञ्जीव' यह अन्वर्थ नाम पड़ गया।

६. "तब, पापात्मा दूसी मार के मन में यह हुआ—'इन कल्याणधर्मा, शीलवान् भिक्षुओं की चाल-ढाल को मैं नहीं समझ पाया। तो क्यों न मैं सद्गृहस्थ ब्राह्मणों को बहकाऊँ कि वे (राह में आते-जाते) इन शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं की निन्दा करें, इनका मजाक उड़ावें, इन पर क्रोध करें, इन्हें चिढ़ावें। यों ये भिक्षु चिढ़ाये जाने पर, सताये जाने पर, निश्चय ही अपने मन में मैल (= विकार) पैदा करने लगेंगे, तब मुझे (दूसी मार को) इन्हें परेशान करने का अवसर मिल पायगा। तब उस दूसी मार ने उन सद्गृहस्थ ब्राह्मणों को बहकाना शुरू किया— 'तुम इन कल्याणधर्मा,

परिभासियमानानं रोसियमानानं विहेसियमानानं सिया चित्तस्स अञ्ञथत्तं, यथा तं दूसी मारो लभेथ ओतारं' ति ।

७. "अथ खो ते, पापिम, ब्राह्मणगहपतिका अन्वाविट्ठा दूसिना मारेन भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे अक्कोसन्ति परिभासन्ति रोसेन्ति विहेसेन्ति—'इमे पन मुण्डका समणका इब्भा किण्हा बन्धुपादापच्चा 'झायिनोस्मा झायिनोस्मा' ति पत्तक्खन्धा अधोमुखा मधुरकजाता झायन्ति पज्झायन्ति निज्झायन्ति अपज्झायन्ति। सेय्यथापि नाम उलूको रुक्खसाखायं मूसिकं मग्गयमानो झायति पज्झायति निज्झायति अपज्झायति, एवमेविमे मुण्डका समणका इब्भा किण्हा बन्धुपादापच्चा 'झायिनोस्मा झायिनोस्मा' ति पत्तक्खन्धा अधोमुखा मधुरकजाता झायन्ति पज्झायन्ति निज्झायन्ति अपज्झायन्ति। सेय्यथापि नाम कोत्थु नदीतीरे मच्छे मग्गयमानो झायति पज्झायति निज्झायति अपज्झायति, एवमेविमे मुण्डका इब्भा किण्हा बन्धुपादापच्चा 'झायिनोस्मा झायिनोस्मा' ति पत्तक्खन्धा अधोमुखा [N. 409] मधुरकजाता झायन्ति पज्झायन्ति निज्झायन्ति अपज्झायन्ति। सेय्यथापि नाम बिळारो सन्धिसमलसङ्कटीरे मूसिकं मग्गयमानो झायति पज्झायति निज्झायति अपज्झायति, एवमेविमे मुण्डका समणका इब्भा किण्हा बन्धुपादापच्चा 'झायिनोस्मा झायिनोस्मा' ति पत्तक्खन्धा अधोमुखा मधुरकजाता झायन्ति पज्झायन्ति निज्झायन्ति अपज्झायन्ति। सेय्यथापि नाम गद्रभो वहच्छिन्नो सन्धिसमलसङ्कटीरे झायति पज्झायति निज्झायति अपज्झायति, एवमेविमे मुण्डका समणका इब्भा किण्हा बन्धुपादापच्चा 'झायिनोस्मा झायिनोस्मा'

शीलवान् भिक्षुओं को (राह में आते-जाते या विहार में जाकर) इस तरह इनका मजाक उड़ाओ, इनकी निन्दा करो ताकि इनका चित्त मैला होने लगे, तब मुझे (दूसी मार को) इन्हें परेशान करने का सही अवसर मिल जायगा'।

७. "पापी ! इसके बाद तुम्हारे द्वारा बहकाये गये वे ब्राह्मण उन शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं को सताने लगे, निन्दा करने लगे, उनका मजाक उड़ाने लगे, चिढ़ाने लगे—'ये नीच, काले, ब्रह्मा के पैरों से उत्पन्न(शूद्र), सिरमुंडे श्रमण 'हम ध्यानी हैं'—ऐसा अभिमान करते हुए, नीचा मुख रखते हुए ध्यान का, निर्ध्यान का, अपध्यान का ढोंग रचते हैं। जैसे कि उल्लू वृक्ष पर चूहे की तलाश में ध्यान लगाता है; इसी तरह ये नीच, काले, ब्रह्मा के पैरों से उत्पन्न....अपध्यान का ढोंग रचते हैं। या जैसे गीदड़ नदी किनारे मछलियों की तलाश में ध्यान लगाता है; उसी तरह ये नीच.... रचते हैं। या जैसे कि बिल्ली कोने-परकोने में चूहों का ध्यान लगाती है; उसी तरह ढोंग ये नीच....ढोंग रचते हैं। या फिर जैसे कि भार से मुक्त गधा शाम-सबेरे घूरे पर

ति पत्तक्खन्धा अधोमुखा मधुरकजाता झायन्ति पज्झायन्ति निज्झायन्ति अपज्झायन्ती' ति।

८. "ये खो पन, पापिम, तेन समयेन मनुस्सा कालङ्करोन्ति येभुय्येन कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जन्ति।

९. "अथ खो, पापिम, ककुसन्धो भगवा अरहं [B. 411, R. 335] सम्मासम्बुद्धो भिक्खू आमन्तेसि—'अन्वाविट्ठा खो, भिक्खवे, ब्राह्मणगहपतिका दूसिना मारेन—एथ, तुम्हे भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे अक्कोसथ परिभासथ रोसेथ विहेसेथ, अप्पेव नाम तुम्हेहि अक्कोसियमानानं परिभासियमानानं रोसियमानानं विहेसियमानानं सिया चित्तस्स अञ्ञथत्तं, यथा तं दूसी मारो लभेथ ओतारं' ति। एथ, तुम्हे, भिक्खवे, मेत्तासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरथ, तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थिं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं मेत्तासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरथ। करुणासहगतेन चेतसा ....पे०.... मुदितासहगतेन चेतसा....पे०....उपेक्खासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरथ, तथा दुतियं, तथा ततियं तथा चतुत्थिं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं उपेक्खासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरथा' ति।

जाकर अपनी खाद्य-सामग्री खोजने में ध्यान लगाता है; उसी तरह ये नीच....ढोंग रचते हैं'।

८. "पापात्मन्! उस समय प्रायः जितने आदमी मरते थे, उनमें से अधिकतम मनुष्यों का पात दुर्गतिमय हीनयोनि (नरकयोनि) में ही होता था।

९. "उस समय उन ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् ककुसन्ध ने भिक्षुओं को अपने पास बुलाया (और कहा)—'भिक्षुओ! इस समय पापात्मा दूसी मार ने ब्राह्मणों को बहका दिया है कि तुम लोग इन शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं को राह में आते-जाते....ताकि मुझे इन्हें परेशान करने का मौका मिल जाय'। इसलिये भिक्षुओ! तुम लोग जिधर भी जाओ मैत्रीपूर्वक चित्त से ही व्यवहार करो, इसी तरह दूसरी, तीसरी या चौथी तरफ जाओ तो वहाँ भी मैत्रीपूर्वक चित्त से ही व्यवहार करो। इस तरह ऊपर-नीचे, टेढ़े-सीधे, आगे-पीछे जिधर भी चलो वहाँ वैर-विरोध रहित, उदार हृदय से सबके साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार ही करो। करुणा....मुदिता....उपेक्षायुक्त हृदय से....सब प्राणियों के साथ व्यवहार करो।'

१०. "अथ खो ते, पापिम, भिक्खू ककुसन्धेन भगवता अरहता सम्मासम्बुद्धेन एवं ओवदियमाना एवं अनुसासियमाना अरञ्ञगता पि रुक्खमूलगता पि सुञ्ञागारगता पि मेत्तासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरिंसु, तथा [N. 410] दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थिं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं मेत्तासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरिंसु। करुणासहगतेन चेतसा.... पे०....मुदितासहगतेन चेतसा....पे०....उपेक्खासहगतेन चेतसा एकं दिसं फरित्वा विहरिंसु, तथा दुतियं, तथा ततियं, तथा चतुत्थिं। इति उद्धमधो तिरियं सब्बधि सब्बत्तताय सब्बावन्तं लोकं उपेक्खासहगतेन चेतसा विपुलेन महग्गतेन अप्पमाणेन अवेरेन अब्यापज्जेन फरित्वा विहरिंसु।

११. "अथ खो, पापिम, दूसिस्स मारस्स एतदहोसि—'एवं पि खो अहं करोन्तो इमेसं भिक्खूनं सीलवन्तानं कल्याणधम्मानं नेव जानामि आगतिं वा गतिं वा। यन्नूनाहं ब्राह्मणगहपतिके अन्वाविसेय्यं—एथ, तुम्हे भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे सक्करोथ गरुं करोथ मानेथ, पूजेथ, अप्पेव नाम तुम्हेहि सक्करिय- [B. 412, R. 336] मानानं मानियमानानं पूजियमानानं सिया चित्तस्स अञ्ञथत्तं, यथा तं दूसी मारो लभेथ ओतारं' ति। अथ खो ते, पापिम, दूसी मारो ब्राह्मणगहपतिके अन्वाविसि—'एथ, तुम्हे भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे सक्करोथ गरुं करोथ मानेथ पूजेथ, अप्पेव नाम तुम्हेहि सक्करियमानानं गरुकरियमानानं मानियमानानं पूजियमानानं सिया चित्तस्स अञ्ञथत्तं, यथा तं

---

१०. "रे पापी ! इसके बाद वे भिक्षु उन ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् ककुत्सन्ध का आदेश मानकर जहाँ भी जाते थे, जिधर भी जाते थे, भले ही वह अरण्य हो, वृक्ष की छाया हो या और कोई एकान्त स्थान हो—सर्वत्र, सबके साथ मैत्री....करुणा.... मुदिता....उपेक्षा पूर्ण चित्त से ही व्यवहार करने लगे।

११. "तब उस पापात्मा मार के मन में यह हुआ—'अरे ! ऐसा करने पर भी मैं इन कल्याणधर्मा, शीलवान् भिक्षुओं की गति-अगति को नहीं पहचान सका। तो क्यों न मैं इन ब्राह्मण गृहपतियों को इस तरह बहकाऊँ कि जाओ, तुम लोग इन शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं का ऐसा आदर करो, ऐसा सत्कार करो, ऐसा पूजा-सम्मान करो, ताकि ये भिक्षु तुम लोगों द्वारा वैसा आदर-सत्कार, पूजा-सम्मान पाकर इतने बहक जाँय कि अपने भिक्षुकर्म छोड़कर अन्यथा व्यवहार करने लगें और मुझे इन्हें परेशान करने का मौका मिल जाय'। रे पापी ! तब उस पापात्मा दूसी मार ने उन ब्राह्मण सद्गृहस्थों को कहा—'जाओ, तुम लोग इन शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं

दूसी मारो लभेथ ओतारं' ति। अथ खो ते, पापिम, ब्राह्मणगहपतिका अन्वाविट्ठा दूसिना मारेन भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे सक्करोन्ति गरुं करोन्ति मानेन्ति पूजेन्ति।

१२. "ये खो पन, पापिम, तेन समयेन मनुस्सा कालङ्करोन्ति येभुय्येन कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जन्ति।

१३. "अथ खो, पापिम, ककुसन्धो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो भिक्खू आमन्तेसि—'अन्वाविट्ठा खो, भिक्खवे, ब्राह्मणगहपतिका दूसिना मारेन—एथ, तुम्हे भिक्खू सीलवन्ते कल्याणधम्मे सक्करोथ गरुं करोथ मानेथ पूजेथ, अप्पेव नाम तुम्हेहि सक्करियमानानं गरुकरियमानानं मानियमानानं पूजियमानानं सिया चित्तस्स अञ्ञथत्तं, यथा तं दूसी मारो लभेथ ओतारं ति। एथ, तुम्हे, भिक्खवे, असुभानुपस्सिनो काये विहरथ, आहारे पटिकूलसञ्ञिनो, सब्बलोके अनभिरतिसञ्ञिनो, सब्बसङ्खारेसु अनिच्चानुपस्सिनो' ति। अथ खो ते, पापिम, भिक्खू ककुसन्धेन भगवता अरहता सम्मासम्बुद्धेन एवं ओवदिय- [N. 411] माना एवं अनुसासियमाना अरञ्ञगता पि रुक्खमूलगता पि सुञ्ञागारगता पि असुभानुपस्सिनो काये विहरिंसु, आहारे पटिकूलसञ्ञिनो, सब्बलोके अनभिरतिसञ्ञिनो, सब्बसङ्खारेसु अनिच्चानुपस्सिनो।

का ऐसा आदर सत्कार करो''''और मुझे इन्हें परेशान करने का मौका मिल जाय'। पापी! इसके बाद वे दूसी मार द्वारा बहकाये ब्राह्मण उन शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं का ऐसा आदर-सत्कार, पूजा-सम्मान करने लगे।

१२. "पापात्मन्! उस समय जो भी मनुष्य मृत्यु को प्राप्त होते थे, वे सभी मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्गलोक में उत्पन्न होते थे।

१३. "पापी! इसके बाद उन ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् ककुत्सन्ध ने भिक्षुओं को फिर बुलाया (और कहा)—'भिक्षुओ! उस पापात्मा मार ने इन ब्राह्मणों को फिर बहका दिया है कि वे तुम शीलवान्, कल्याणधर्मा भिक्षुओं का ऐसा आदर''''और उसे तुम्हें परेशान करने का अवसर मिल जाय। तो तुम्हें अब ऐसा करना चाहिये कि तुम शरीर के प्रति अशुभानुस्मृति की भावना करो, आहार के प्रति प्रतिकूलता की भावना करो; सारे संसार के प्रति अनभिरति (= विराग) की भावना करो और सभी संस्कारों को अनित्य समझो'! पापी! इसके बाद उन ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् ककुत्सन्ध के उपदेश से वे भिक्षु वन में, किसी वृक्ष के नीचे या एकान्त स्थान पर बैठे काय में अशुभानुस्मृति''''संस्कारों को अनित्य समझने लगे।

१४. "अथ खो, पापिम, ककुसन्धो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो पुब्बण्ह-समयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय आयस्मता विधुरेन पच्छासमणेन गामं पिण्डाय पाविसि। अथ खो, पापिम, दूसी मारो अञ्ञतरं कुमारकं अन्वावि- [B. 413]सित्वा सक्खरं गहेत्वा आयस्मता विधुरस्स सीसे पहारमदासि; सीसं वोभिन्दि। अथ खो, पापिम, आयस्मा विधुरो भिन्नेन सीसेन लोहितेन [R. 337] गळन्तेन ककुसन्धं येव भगवन्तं अरहन्तं सम्मासम्बुद्धं पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धि। अथ खो, पापिम, ककुसन्धो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो नागापलोकितं अपलोकेसि—'न वायं दूसी मारो मत्तमञ्ञासी' ति। सहापलोक-नाय च पन, पापिम, दूसो मारो तम्हा च ठाना चवि महानिरयं च उपपज्जि।

३. महानिरये दूसी मारो

१५. "तस्स खो पन, पापिम, महानिरयस्स तयो नामधेय्या होन्ति—छफस्सायतनिको इति पि, सङ्कुसमाहतो इति पि, पच्चत्तवेदनियो इति पि। अथ खो मं, पापिम, निरयपाला उपसङ्कमित्वा एतदवोचुं—यदा खो ते, मारिस, सङ्कुना सङ्कुहृदये समागच्छेय्य, अथ नं त्वं जानेय्यासि—'वस्ससहस्सं मे निरये पच्चमानस्सा' ति। सो खो अहं, पापिम, बहूनि वस्सानि बहूनि वस्ससतानि बहूनि वस्ससहस्सानि तस्मिं महानिरये अपचिं, दसवस्ससहस्सानि तस्सेव महा-

---

१४. "पापी! इसके बाद वे भगवान् ककुत्सन्ध प्रातःकाल के समय पहनकर पात्र-चीवर ले, आयुष्मान् विधुर के साथ ग्राम में प्रविष्ट हुए। उस समय उस पापी दूसी मार ने किसी बालक को बहकाकर पत्थर से आयुष्मान् विधुर के शीश पर प्रहार करवाया; जिससे उनका सिर फट गया। पापात्मन्! इस अवस्था में भी वे आयुष्मान् विधुर, जबकि उनका सिर फूट चुका था और उससे बहुत तीव्रता से रक्त बह रहा था, भगवान् ककुत्सन्ध के पीछे-पीछे ही चलते रहे। रे पापी! इसके बाद भगवान् ककुत्सन्ध ने उस दूसी मार पर नागापलोकित मन्त्र पढ़ते हुए नजर डाली। परन्तु वह उस मन्त्र के निराकरण को नहीं समझ पाया। उस मन्त्रपाठ के साथ ही वह दूसी मार उस स्थान से च्युत होकर महानरक में उत्पन्न हुआ।

३. महानरक में दूसी मार

१५. "पापात्मन्! उस महानरक के तीन नाम प्रसिद्ध हैं—१. षट्स्पर्शायतनिक, २. सांकुशाहत और ३. प्रत्यात्म वेदनीय। पापात्मन्! इसके बाद वहाँ के नरक-पाल मेरे (मौद्गल्यायन के) पास आकर यों बोले—मार्ष! जब तेरे शरीर में भोंके गये शूलों की नोंक परस्पर आकर मिल जाय, तब यह समझना—'मुझे यह नरक भोगते एक हजार वर्ष का काल बीत गया है'। इस तरह पापात्मन्! मैं उस महानरक में सैकड़ों,

निरयस्स उस्सदे अपच्चि वुट्ठानिमं नाम वेदनं वेदियमानो। तस्स मय्हं, पापिम, एवरूपो कायो होति, सेय्यथापि मनुस्सस्स, एवरूपं सीसं होति, सेय्यथापि मच्छस्स।

कीदिसो निरयो आसि, यत्थ दूसी अपच्चथ।
विधुरं सावकमासज्ज, ककुसन्धं च ब्राह्मणं॥
सतं आसि अयोसङ्कू, सब्बे पच्चत्तवेदना।
ईदिसो निरयो आसि, यत्थ दूसी अपच्चथ।
विधुरं सावकमासज्ज, ककुसन्धं च ब्राह्मणं॥
यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको।
तादिसं भिक्खुमासज्ज, कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥
मज्झे सरस्स तिट्ठन्ति, विमाना कप्पठायिनो। [N. 412]
वेळुरियवण्णा रुचिरा, अच्चिमन्तो पभस्सरा।
अच्छरा तत्थ नच्चन्ति, पुथु नानत्तवण्णियो॥
यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको। [B. 414]
तादिसं भिक्खुमासज्ज, कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥

हजारों वर्षों तक कष्ट भोगता रहा! दस हजार वर्ष तक इसी महानरक की खाई (=उत्सद) में गिरकर उत्थानसंज्ञक कष्ट भोगता रहा। उस समय मेरा शरीर (धड़) मनुष्य की तरह था और सिर मछली की तरह।

वह नरक कैसाथा जिसमें दूसी नामक मार, आयुष्मान् विधुर श्रावक एवं भगवान् ककुत्सन्ध को कष्ट देने के कारण, दण्डस्वरूप इस महानरक में गिरकर नानाविध क्लेश भोगता रहा?

दूसी मार के दण्डस्थान, उस महानरक में सैकड़ों तीखे लौहशूल थे, जो उसके शरीर को आर-पार बींधते रहते थे—ऐसा वह नरक था जहाँ, आयुष्मान् विधुर और भगवान् ककुत्सन्ध को कष्ट देने के कारण, दूसी मार ने क्लेश सहे॥

जो बुद्धशिष्य भिक्षु इस महानरक के कष्टों को जानता है, उस भिक्षु की शरण में जाकर वह इस महानरक से छुटकारा पा सकता है॥

सरोवर के बीच कल्पान्तस्थायी कुछ ऐसे विमान (=देवभवन) हैं, जो वैदूर्य-वर्ण वाले (=लाल), अग्नि की तरह चमकीले एवं प्रखर प्रकाशयुक्त हैं। पृथक्-पृथक् वर्णों वाली अनेक अप्सरायें वहाँ नाचती-गाती रहती हैं॥

जो बुद्ध श्रावक भिक्षु इस तथ्य को जानता है, कोई दुःखी प्राणी उस भिक्षु की शरण में जाकर घोर वेदनाओं से छुटकारा पा सकता है॥

म० नि० २ : २५

यो वे बुद्धेन चोदितो, भिक्खु सङ्घस्स पेक्खतो।
मिगारमातुपासादं, पादङ्गुट्ठेन कम्पयि॥
यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको।
तादिसं भिक्खुमासज्ज कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥
यो वेजयन्तं पासादं, पादङ्गुट्ठेन कम्पयि।
इद्धिबलेनुपत्थद्धो, संवेजेसि च देवता॥
[R. 338] यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको।
तादिसं भिक्खुमासज्ज, कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥
यो वेजयन्तपासादे, सक्कं सो परिपुच्छति।
अपि वासव जानासि, तण्हाक्खयविमुत्तियो।
तस्स सक्को वियाकासि, पञ्हं पुट्ठो यथातथं॥
यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको।
तादिसं भिक्खुमासज्ज, कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥
यो ब्रह्मं परिपुच्छति सुधम्मायाभितो सभं।
अज्जा पि त्यावुसो दिट्ठि, या ते दिट्ठि पुरे अहु।
पस्ससि वीतिवत्तन्तं, ब्रह्मलोके पभस्सरं॥
तस्स ब्रह्मा वियाकासि, अनुपुब्बं यथातथं।
न मे मारिस सा दिट्ठि, या मे दिट्ठिपुरे अहु॥
पस्सामि वीतिवत्तन्तं, ब्रह्मलोके पभस्सरं।
सोहं अज्ज कथं वज्जं, अहं निच्चोम्हि सस्सतो॥

जिसने भगवान् बुद्ध से संकेत पाकर भिक्षुओं के देखते-देखते मृगारमातृप्रासाद को अपने पैर के अँगूठे से हिला दिया था। जो बुद्ध श्रावक भिक्षु इस सत्य को जानता है, कोई भी दुःखी प्राणी उस भिक्षु की शरण में जाकर घोर वेदनाओं से छुटकारा पा सकता है॥

जिसने ऋद्धिबल से वैजयन्तप्रासाद को अपने पैर के अगूठे से कँपा कर देवताओं को आश्चर्यचकित कर दिया था। जो बुद्ध-श्रावक भिक्षु इस सत्य को····वेदनाओं से छुटकारा पा सकता है॥

जिसने वैजयन्त प्रासाद में इन्द्र से तृष्णाक्षयविमुक्ति के विषय में प्रश्न किया था। और उसके प्रश्न का इन्द्र ने वही उत्तर दिया था जो उसने भगवान् से सुना था। जो बुद्ध श्रावक भिक्षु इस सत्य को····छुटकारा पा सकता है।

जिसने भरी देवसभा (=सुधर्मा) में ब्रह्मा से कहा था—'आयुष्मन्! क्या आज भी तुम्हारी ब्रह्मलोक विषयक वही धारणा है जो पहले थी?' उसको ब्रह्मा ने यह

यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको।
तादिसं भिक्खुमासज्ज, कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥

यो महामेरुनो कूटं, विमोक्खेन अफस्सयि।
वनं पुब्बविदेहानं, ये च भूमिसया नरा॥

यो एतमभिजानाति, भिक्खु बुद्धस्स सावको। [N. 413]
तादिसं भिक्खुमासज्ज, कण्ह दुक्खं निगच्छसि॥

न वे अग्गि चेतयति, 'अहं बालं डहामी' ति। [B. 415]
बालो च जलितं अग्गिं, आसज्ज नं स डय्हति॥

एवमेवं तुवं मारं, आसज्ज नं तथागतं।
सयं डहिस्ससि अत्तानं, बालो अग्गिं व संफुसं॥

अपुञ्ञं पसवी मारी, आसज्ज नं तथागतं।
किन्नु मञ्ञसि पापिम, न मे पापं विपच्चति॥

करोतो चीयति पापं, चिररत्ताय अन्तक।
मार निब्बिन्द बुद्धम्हा, आसं माकासि भिक्खुसु॥

उत्तर दिया था—'मार्ष ! अब मेरी उक्त परिवर्तन वाली वह धारणा नहीं रह गयी है जो पहले थी, अतः मैं आज कैसे कह सकता हूँ कि मैं नित्य (=शाश्वत) हूँ'। जो बुद्ध-शिष्य भिक्षु इस सत्य को····मुक्त हो सकता है।

जिसने पूर्वविदेह प्रदेश में रहते हुए महासुमेरु-शिखर को ध्यान (=समाधि) लगाकर छू दिया। साथ ही भूमिस्थित पुरुषों को भी छू दिया। जो बुद्ध श्रावक भिक्षु···· मुक्त हो सकता है।

रे मार ! अग्नि कभी नहीं चाहती कि 'वह किसी अन्जान (=मूर्ख) को जलावे'। परन्तु वह अन्जान ही उसे हठात् स्पर्श कर अपने को जला बैठता है; इसी तरह तूँ भी तथागत को हठात् कष्ट देने के कारण उस अज्ञ (=बाल) की तरह अपने को नष्ट कर बैठेगा। रे मार ! तथागत से हठ करके तूने बहुत पाप कमाया है। रे पापी ! क्या तू यह समझता है कि इस पाप के कारण तुझे कोई कष्ट नहीं भोगना पड़ेगा ? सच्चाई यह है कि चिरकाल तक पाप करने पर वह पाप बहुत अधिक इकट्ठा हो जाता है। रे मार ! इसलिये बुद्ध के साथ हठ करना छोड़ दे, भिक्षुओं के पतन की आशा मत कर।

इति मारं अतज्जेसि, भिक्खु भेसकळावने।
ततो सो दुम्मनो यक्खो, तत्थेवन्तरधायथा ति ॥

चूळयमकवग्गो निट्ठितो पञ्चमो।

तस्सुद्दानं

सालेय्य वेरञ्जदुवे न तुट्ठि,
चूळमहाधम्मसमादानं च।
वीमंसका कोसम्बि च ब्राह्मणो,
दूसी च मारो दसमो च वग्गो॥

सालेय्यवग्गो निट्ठितो पञ्चमो।

इदं वग्गानमुद्दानं

मूलपरियायो चेव, सीहनादो च उत्तमो।
ककचो चेव गोसिङ्गो, सालेय्यो च इमे पञ्च॥

मूलपण्णासकं निट्ठितं।

इस तरह (मौद्गल्यायन ने) मार को उस भेषकलावन विहार में डाँटा-फटकारा। तब वह यक्ष (मार) निराश हो, वहीं अन्तर्धान हो गया।

मारतज्जनीयसुत्त समाप्त॥

उदान

इस वर्ग में दश सूत्रों का संग्रह इस प्रकार हुआ है—१. सालेय्यकसुत्त, २. वेरञ्जकसुत्त, ३. महावेदल्लसुत्त, ४. चूळवेदल्लसुत्त, ५. चूळधम्मसमादानसुत्त, ६. महाधम्मसमादानसुत्त, ७. वीमंसकसुत्त, ८. कोसम्बियसुत्त, ९. ब्रह्मनिमन्तनिकसुत्त, और १०. मारतज्जनीयसुत्त।

चूळयमकवग्ग समाप्त॥

वर्गों का उदान

इस मूलपण्णासक भाग का पाँच वर्गों में विभाजन किया है, वह इस प्रकार है—१. मूलपरियायवग्ग, २. सीहनादवग्ग ३. क्रकचवग्ग (ओपम्मवग्ग), ४. गोसिङ्ग वग्ग (महायमकवग्ग), ५. सालेय्यकवग्ग (चूळयमकवग्ग)।

मूलपण्णासक समाप्त॥